4 रायपुर संभाग
मनरेगा मजदूरों की समस्याओं का गांव में करें निराकरण..

6 फिल्मी
मुंज्या की शरवरी घाव बनेगी...

09 विविध
हनुमान जी बल, बुद्धि और विद्या के देवता

10 संस्कारधानी
परिजनों को भी नहीं मालूम कहां जा रहीं थीं बेटियां...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 10 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-288 मूल्य 3.00 ₹

नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली

राजनाथ का कद बढ़ा, शिवराज और नड्डा को अहम जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार शाम लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के रिकार्ड की बराबरी कर इतिहास रच दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह में नरेन्द्र मोदी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। नरेन्द्र मोदी के शपथ लेते ही समूचा आयोजन स्थल तालियों की गड़गड़ाहट और मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। नरेन्द्र मोदी ने हिन्दी में शपथ ली। उनके साथ उनकी भारी भरकम मंत्रिपरिषद ने भी शपथ ली जिनमें 30 केबिनेट , पांच राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 30 से अधिक राज्य मंत्री शामिल हैं। नरेन्द्र मोदी इससे पहले 2014 और 2019 में लगातार दो कार्यकाल तक देश के प्रधानमंत्री रहे और अब लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद उन्होंने नेहरू के रिकार्ड को दोहराकर इतिहास रचा है। वर्ष 1962 के बाद यह दूसरा मौका है जब किसी नेता ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। राजग ने 18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में 293 सीट जीतकर लगातार तीसरी बार बहुमत हासिल किया है हालाकि इस बार भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला है और उसे 240 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। शपथ लेने वाले केबिनेट मंत्रियों में सर्वश्री राजनाथ सिंह,अमित शाह, नितिन गडकरी, जगत प्रकाश नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, निर्मला सीतारमण, डॉ एस जयशंकर, मनोहर लाल,एच डी कुमारस्वामी,पीयूष गोयल, धर्मेन्द्र प्रधान,जीतन राम मांझी, राजीव रंजन सिंह, सर्वानंद सोनोवाल,वीरेन्द्र कुमार, राम मोहन नायडू , प्रह्लाद जोशी, जुएल ओरांव, गिरिराज सिंह, अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेन्द्र यादव,गजेन्द्र सिंह शेखावत, अन्नपूर्णा देवी, किरेन रिजिजू, हरदीप सिंह पुरी, डा मनसुख मांडविया, जी किशन रेड्डी,चिराग पासवान, सी आर पाटिल शामिल हैं। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार के रूप में शपथ लेने वालों में राव इंद्रजीत सिंह, जितेन्द्र सिंह, अर्जुन राम मेघवाल, प्रतापराव गणपत राव जाधव और जयंत चौधरी शामिल हैं। राज्य मंत्री के रूप में शपथ लेने वालों में जितिन प्रसाद, श्रीपद यशो नाइक, पंकज चौधरी, कृष्णपाल , रामदास अठावले, रामनाथ ठाकुर , नित्यानंद राय, अनुप्रिया पटेल प्रमुख हैं । मंत्रिपरिषद में सहयोगी दलों के 7 सदस्यों को केबिनेट और राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार का दर्जा दिया गया है। इससे पहले नरेन्द्र मोदी ने आयोजन स्थल पर पहुंचते ही हाथ जोड़कर तथा झुककर उपस्थित लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चन्द्रचूड़, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड , बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ,भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोब्गे, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविन्द जगन्नाथ , राजनयिक एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

बृजमोहन अग्रवाल, विजय बघेल, संतोष पाण्डेय किनारे, तोखन साहू बने मंत्री

छत्तीसगढ़ राज्य से मोदी मंत्रीमंडल में बिलासपुर से पहली बार चुनाव जीते तोखन साहू को राज्य मंत्री बनाया गया। तोखन ने राज्य मंत्री के रूप में रविवार को शपथ ली। केन्द्र सरकार ने एक बार फिर चौकाने वाला निर्णय लिया। 8 बार के विधायक रहे, रिकार्ड मतों से जीतने वाले बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग से दूसरी बार सासंद बने विजय बघेल, राजनांदगावं से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनाव हराने वाले संतोष पाण्डेय को किनारे कर दिया गया है। मोदी सरकार में फिर से नए चेहरे को तवज्जो दी गई है। बिलासपुर लोकसभा सीट से पहली बार निर्वाचित होने वाले सांसद तोखन साहू उन भाग्यशाली लोगों में से हैं। जिसे पहली बार में ही केंद्र में मंत्री बनाया गया हैं। सांसद बनने के साथ ही वे राज्यमंत्री भी बनाये गए है। छोटे से ग्राम पंचायत के एक पंच रहने के बाद उन्होंने विधायक का चुनाव जीता। छत्तीसगढ़ शासन में संसदीय सचिव रहे लेकिन दोबारा वे चुनाव हार गए। 10 साल के बाद भाजपा ने उन्हें

जानिए मंत्री तोखन के बारे में

बिलासपुर। डिंडौरी, जिला मुंगेली में 15 अक्टूबर 1969 को हुआ है। उन्होंने एम. कॉम तक की शिक्षा ग्रहण की है। उनका विवाह लीलावती साहू से हुआ है। उनके एक पुत्र व एक पुत्री है। उनका राजनैतिक जीवन 1994 से शुरू हुआ है। वे 1994 में लोरमी ब्लॉक के सुरजपुरा गांव के निर्विरोध पंच बने। 30 जनवरी 2005 को जनपद सदस्य ब्लॉक लोरमी क्षेत्र क्रमांक-18 फुलवारीकला बने। 3 फ़रवरी 2010 को महिला आरक्षण के चलते अपनी लीलावती साहू को जनपद सदस्य फिर 19 फ रवरी 2010 को अध्यक्ष जनपद पंचायत लोरमी बनाया। 2012 में जिला सहकारी बैंक बिलासपुर के प्रतिनिधि बनें। जिला साहू समाज के संरक्षक बने। जिला साहू समाज के संरक्षक बने। भाजपा पश्चिम मंडल के महामंत्री बने। 2013 में भाजपा ने उन्हें लोरमी विधानसभा से टिकट देकर प्रत्याशी बनाया। उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी और सिटिंग विधायक धर्मजीत सिंह को चुनाव हराया। 2015 में कृषि,मछलीपालन, पशुपालन, जलसंसाधन विभाग के संसदीय सचिव बने। 2014 में छत्तीसगढ़ वन्य जीव बोर्ड के सदस्य बने। 2015 में खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के सदस्य बने। 2018 में उन्हें भाजपा ने दुबारा लोरमी विधानसभा से चुनाव मैदान में उतारा। पर जनता कांग्रेस के प्रत्याशी धर्मजीत सिंह ने उन्हें चुनाव हरा दिया। तोखन साहू प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बने। फिर प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य बने। 2023 के विधानसभा चुनाव में बेमेतरा जिले की नवागढ़ विधानसभा के प्रभारी रहे थे। 2008 में स्वयं सेवक संघ के प्राथमिक वर्ग प्रशिक्षित हुए। 2021 में प्रथम वर्ष प्रशिक्षित बने। वर्तमान में प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष है। अब वह मोदी सरकार में मंत्री बन चुके है।

चिक न्यूज

नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे मोदी

विजयवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री कार्यालय ने रविवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि शपथ ग्रहण समारोह कृष्णा जिले में हवाई अड्डे के पास केसरपल्ली गांव में बुधवार को सुबह 11:27 बजे होगा। राज्य के मुख्य सचिव नीरभ कुमार प्रसाद ने शपथ ग्रहण समारोह की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई प्रमुख नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वहीं पीएम मोदी उड़ीशा में भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।

सड़क हादसे में मां -बेटे सहित 5 लोगों की मौत, 6 घायल

अमेठी। उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के सुल्तानपुर रायबरेली मार्ग पर रविवार को हुए एक सड़क हादसे में एक बच्चे सहित पांच लोगों को मौत हो गई,वही 06 अन्य घायल हो गये। मुंशी गंज थाना क्षेत्र के जामो भादर चौराहे के पास एक बोलोरो और बुलेट के बीच में ट्रैक्टर आ जाने के कारण बुलेट अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गई। जिसमे बुलेट सवार भाई बहन और एक बच्चे की मौत हो गई। बोलोरो सवार दो महिलाओं की भी मौत हो गई।बोलोरो में सवार 06 लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को जिला चिकित्सालय गौरीगंज भेजा। बोलोरो सवार घायलों को परिजन सुल्तानपुर जिला चिकित्सालय ले गए,जहां दो महिलाओं की मौत हो गई।

तृणमूल कांग्रेस ने मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से बनाई दूरी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुई। कोलकाता उत्तर से तृणमूल कांग्रेस के सांसद एवं पार्टी के संसदीय दल के नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने नयी दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले दमदम हवाई अड्डे पर संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पहले से ही शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं होने का फैसला कर रखा है।

माँ भारती के सेवक को बधाई एवं शुभकामनाएं

तोखन को केन्द्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने पर साय ने खुशी व्यक्त की

पायनियर संवाददाता ➤ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पन्द्रहवें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान केंद्रीय मंत्रिपरिषद का भी शपथ ग्रहण हुआ और सदस्यों ने एनडीए सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी इस भव्य शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने। वे अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों, छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसदों एवं विधायकों के साथ इस समारोह में उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के बाद पत्रकारों संग चर्चा करते हुए सीएम साय ने कहा कि - विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने और देश को विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए आज एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण हुआ। माँ भारती के सेवक, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर 3 करोड़ छत्तीसगढ़ वासियों की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी सदस्यों को भी अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ। ये सब मिलकर विकसित भारत के निर्माण के लिए काम करेंगे, जिसमें हमारे छत्तीसगढ़ का भी अहम योगदान होगा। वहीं तोखन साहू को केन्द्रीय राज्य मंत्री बनाए जाने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हे नई जिम्मेदारी की बधाई दी। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी समेत कई नेता मौजूद रहे।

नीट परीक्षा ने 24 लाख से ज्यादा बच्चों के परिवार को तोड़ दिया है : राहुल

पायनियर संवाददाता ➤ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश के लिए होने वाली नीट परीक्षा में धांधली को पेपर लीक माफ़िया के साथ मिलीभगत बताया है और कहा है कि लाखों बच्चों का जीवन बर्बाद करने वाले इस माफ़िया तंत्र को खत्म करने का कांग्रेस ने संकल्प लिया है। गांधी ने रविवार को कहा, नरेंद्र मोदी ने अभी शपथ भी नहीं ली है और नीट परीक्षा में हुई धांधली ने 24 लाख से अधिक स्टूडेंट्स और उनके परिवारों को तोड़ दिया है। एक ही एग्जाम सेंटर से 6 छात्र मैक्सिमम मार्क्स के साथ टॉप कर जाते हैं, कितनों को ऐसे मार्क्स मिलते हैं जो टेक्निकली संभव ही नहीं है, लेकिन सरकार लगातार पेपर लीक की संभावना को नकार रही है। उन्होंने कहा, शिक्षा माफिया और सरकारी तंत्र की मिलीभगत से चल रहे इस 'पेपर लीक उद्योग' से निपटने के लिए ही कांग्रेस ने एक रोबस्ट प्लान बनाया था। हमने अपने मैनिफेस्टो में कानून बना कर छात्रों को 'पेपर लीक से मुक्ति' दिलाने का संकल्प लिया था। मैं देश के सभी स्टूडेंट्स को विश्वास दिलाता हूं कि मैं संसद में आपकी आवाज़ बन कर आपके भविष्य से जुड़े मुद्दों को मज़बूती से उठाऊंगा। युवाओं ने इंडिया गठबंधन पर भरोसा जताया है, गठबंधन उनकी आवाज़ को दबने नहीं देगा।

जम्मू-कश्मीर में श्रद्धालुओं की बस पर आतंकी हमला, 10 की मौत, 32 घायल

एजेंसी ➤ जम्मू
www.dailypioneer.com

जम्मू कश्मीर में बड़ी घटना सामने आई है। शिवखोड़ा मंदिर से कटरा लौट रही श्रद्धालुओं की बस पर आतंकियों ने फायरिंग कर दी। आतंकियों की गोलीबारी से घबराए ड्राइवर ने बस पर अपना नियंत्रण खो दिया और बस खाई में जा गिरी। इस हमले में 10 लोगो की मौत होने की खबर है। वही 32 लोग घायल बताए जा रहे हैं। बता दें कि फिलहाल सेना की ओर से बचाव अभियान जारी है। घटनास्थल पर पुलिस, सेना और अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त टुकड़ियां पहुंच गई हैं। आतंकियों की तलाश में भारतीय सेना, सीआरपीएफ़, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

पांडियन ने राजनीति छोडने का किया ऐलान

एजेंसी ➤ ओडिशा
www.dailypioneer.com

ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजेडी) की हार के बाद पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के उत्तराधिकारी माने जा रहे पूर्व नौकरशाह वीके पांडियन ने राजनीति छोड़ने का ऐलान कर दिया है। वीके पांडियन ने एक वीडियो संदेश में कहा कि राजनीति में आने का उनका मकसद केवल पटनायक की सहायता करना था। हालांकि, अब वे सक्रिय राजनीति से अलग हो रहे हैं। पांडियन ने कहा कि अगर उन्होंने अपनी राजनीतिक यात्रा के दौरान किसी को ठेस पहुंचाई हो तो मुझे खेद है। उन्होंने आगे कहा कि अगर उनके खिलाफ चले अभियान के कारण बीजू जनता दल को हार का सामना करना पड़ा है तो उन्हें खेद है।

उग्रवादियों ने पिछले दिनों जिले में दो पुलिस स्टेशनों, सरकारी कार्यालयों और एक अलग समुदाय के घरों को जला दिया था

मणिपुर की राज्यपाल ने मुख्यमंत्री से राज्य में संकट के मामले पर चर्चा की

वार्ता ➤ इंफाल
www.dailypioneer.com

मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने नयी दिल्ली में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह से राज्य पर संकट के मामले पर चर्चा की। गौरतलब है कि असम की सीमा से लगा जिरीबाम जिला मणिपुर संकट का केंद्र बन गया है। संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने पिछले दिनों जिले में दो पुलिस स्टेशनों, सरकारी कार्यालयों और एक अलग समुदाय के घरों को जला दिया था। इंफाल जिरीबाम राजमार्ग पूरे राज्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इंफाल से माओ तक जाने वाले दूसरे राजमार्ग पर कुकी उग्रवादियों का नियंत्रण है और राजमार्ग में भटक कर आए 41 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। पुलिस ने कहा कि मणिपुर पुलिस कर्मियों की एक मजबूत टीम को हवाई मार्ग से जिले में भेजा गया है और पुलिस अधीक्षक को बदल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यह जिला मुस्लिम, मैतेई और नागा बहुल है और यहां कुकी समुदाय के घर कम हैं इसलिए पहले कोई परेशानी नहीं हुई। हालाँकि सोइबम सरत सिंह नाम के एक व्यक्ति का पिछले गुरुवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने अपहरण कर लिया था और उसका सिर काट दिया था जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने कुछ घरों पर हमला कर दिया था। निवासियों ने कहा कि बड़ी संख्या में उग्रवादियों ने सरकारी कार्यालयों, दो पुलिस स्टेशनों, सरकारी कार्यालयों, वाहनों, 80 घरों को जला दिया और वाहनों, घरों को नष्ट करने के लिए बमों का इस्तेमाल किया। वहां से भागने में सफल रहे करीब 200 लोग जिला मुख्यालय पर शरण ले रहे हैं। नागरिकों ने हमले को रोकने में विफलता के लिए सरकार को दोषी ठहराया। कांग्रेस सांसद एके बिमोल ने कहा कि निकाले गए लोगों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करके वापस लौटने में मदद की जानी चाहिए। संगठनों ने कहा कि एक बार जब लोग गांवों से भाग जाते हैं तो कुकी उग्रवादी स्थायी रूप से क्षेत्र में रहते हैं जैसा कि अन्य जिलों और मोरेह जैसे प्रमुख सीमावर्ती शहर में देखा गया है। म्यांमार सीमा के पास सीमावर्ती शहर मोरेह में एक संपन्न व्यापार केंद्र जहां मैतेई, नागा, तमिल शांति से रह रहे थे को निशाना बनाया गया और अब केवल कुकी उग्रवादी और उनके समर्थक मोरेह में रहते हैं।

पिता की विरासत को आगे बढ़ा रही है अनुप्रिया

लखनऊ। अपना दल (सोनेलाल) की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल अपने पिता सोनेलाल पटेल की विरासत को आगे बढ़ा रही हैं, जिन्हें उत्तर प्रदेश में दलित राजनीति का बड़ा चेहरा माना जाता था। एमबीए तक शिक्षा प्राप्त अनुप्रिया पटेल ने अपने पिता की कार दुर्घटना में मृत्यु के बाद 2009 में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी। उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में आधार रखने वाली 43 वर्षीय नेता ने सबसे पहले वाराणसी की रोहनिया सीट से उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में विधायक निर्वाचित हुई। वर्ष 2014 में उनकी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन किया और आम चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जीत के बाद उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री नियुक्त किया गया। 2019 में उनकी पार्टी ने फिर से राजग गठबंधन के हिस्से के रूप में आम चुनाव लड़ा। इस दौरान उन्होंने फिर से मिर्जापुर सीट से जीत हासिल की। 2021 में उन्हें फिर से मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया। उनके पति आशीष पटेल, जो पेशे से इंजीनियर हैं, उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने तोखन साहू को केन्द्रीय राज्य मंत्री बनने पर दी बधाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा1 आदिमजाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने बिलासपुर लोकसभा से नवनिर्वाचित सांसद तोखन साहू को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में केन्द्रीय राज्य मंत्री बनाये जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को राष्ट्रपति भवन में अपने तीसरे कार्यकाल की शपथ ली। प्रधान मंत्री मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के मंत्रिमंडल में बिलासपुर से सांसद तोखन साहू को जगह प्रदान की है। मंत्री नेताम ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल में छत्तीसगढ़ को प्रतिनिधित्व प्रदान करने एक नए विजन के साथ प्रदेश को नई गति मिलेगी।

महाराणा प्रताप ने कभी स्वतंत्रता के साथ समझौता नहीं किया : यादव

वार्ता ◂ शाजापुर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि तमाम तरह के मुगल आक्रमण के बाद भी महाराणा प्रताप घांस की रोटी खाकर स्वाभिमान के साथ जिये, पर उन्होंने कभी स्वतंत्रता के साथ समझौता नहीं किया। डॉ यादव ने जिले के शुजालपुर में महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही। इस मौके पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, विधायक शाजापुर अरूण भीमावद, कालापीपल विधायक घनश्याम चन्द्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार सहित मेवाड़ा समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन जितना पढ़ो उतना कम है। महाराणा प्रताप जीते-जी किवदंती बन गये। वे जब युद्ध में 76 किलो का कवच, 80 किलो का भाला और 2 तलवार लेकर जब उतरते थे, तो उनके सामने मुकाबला करने से हर दुश्मन कतराता था। महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक से भी उनकी मित्रता का उदाहरण दुनिया में आज भी अद्वितीय है। तमाम प्रकार के मुगलों के आक्रमण एवं आतंक के बाद भी महाराणा प्रताप घांस की रोटी खाकर स्वाभिमान के साथ जिये, लेकिन उन्होंने स्वतंत्रता के साथ समझौता नहीं किया। ऐसे शूरवीर महापुरूष महाराणा प्रताप की जन्म जयंती आज हम मना रहे हैं, यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है। डॉ यादव ने कहा कि लोकतंत्र में इसका महत्व है कि महाराणा प्रताप से प्रेरणा पाकर सेठ-साहूकारों ने उस समय अपना पूरा खजाना महाराणा प्रताप को भेंट कर दिया था। भामाशाह इसके उदाहरण है, जिन्होंने अपना पूरा खजाना महाराणा प्रताप को भेंट कर दिया था। जंगल में रहने वाले वनवासियों ने भी महाराणा प्रताप को पूरा सहयोग दिया था, उस समय कोई जाति का भेदभाव नहीं था। महाराणा प्रताप सबको लेकर चलते थे। सारे समुदाय में महाराणा प्रताप आदर के केन्द्र बिन्दु थे। नवीन शिक्षा नीति में महाराणा प्रताप को स्थान दिया है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप को अब विद्यालयों में पढ़ाया जा रहा है, जिससे अगली पीढ़ी को महाराणा प्रताप को जानने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि आर्मी में नायक के पद पर तैनात मेवाड़ा समाज के शहीद के स्मारक बनाने सहित छात्रावास की भूमि, महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना एवं चौराहे का नामकरण किया जायेगा। जो भी मांगे रखी गई हैं, उन्हें प्रक्रिया के अनुसार पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने मेवाड़ा समाज की पत्रिका प्रताप वार्ता का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शाजापुर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतो में किए गए उत्कृष्ट कार्य की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतो के कार्य की प्रशंसा भी की। उल्लेखनीय है कि 5 जून से 16 जून गंगा दशहरा तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए कार्य किया जा रहा है तथा उनकी साफ-सफाई गहरीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। साथ ही उक्त अभियान अंतर्गत जल संवर्धन के लिए बोल्डर चेक और गली प्लग का निर्माण जनसहयोग से किया जा रहा है।

यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किया श्रमदान

देवास। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देवास जिले के नेमावर स्थित मां नर्मदा के घाट पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान किया। डॉ यादव नेमावर

पहुंचे और नागर घाट में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत श्रमदान किया। मुख्यमंत्री दंडी आश्रम स्थित अनोली बाबा के शिष्य की पंच समाधि स्थल भी पहुंचे और दर्शन पूजन किया। सिद्धनाथ बाबा के दर्शन कर डॉ यादव ने जन प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से भी भेंट की।

नेमावर के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का किया जाएगा जिर्णोद्धार : यादव

देवास। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने देवास जिले के नेमावर में 'जल-गंगा संवर्धन अभियान' में कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नर्मदा नदी पर पूजा-अर्चना करने के पश्चात घाट पर साफ-सफाई की। उन्होंने कहा कि यहां के ऐतिहासिक सिद्धेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा। डॉ यादव ने इस मौके पर कहा कि प्रदेश में 05 जून से 16 जून गंगा दशहरा तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसमें नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए कार्य किया जा रहा है तथा उनकी साफ-सफाई गहरीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। विधायक आशीष गोविंद शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर महंत राम स्वरूप शास्त्री जी महाराज, महंत विट्ठलदास जी महाराज, महंत भगवत दास जी महाराज, नगर परिषद अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। डॉ यादव ने कहा कि देवास जिले में लगभग 05 करोड़ 65 लाख रुपए की राशि से लगभग 3078 जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य किए जा रहे हैं। इनमें नगरीय क्षेत्र में लगभग 01 करोड़ 78 लाख की राशि से 650 संचनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

स्थानीय खेलों को प्रोत्साहन देगा शिक्षा विभाग : ठाकुर

एजेंसी ◂ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि खेल-कूद हमारे जीवन में शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। शिक्षा में गुणवत्ता के साथ-साथ स्थानीय खेलों को भी प्रोत्साहन मिलें इस दिशा में शिक्षा विभाग अहम कदम उठा रहा है। यह बात ठाकुर ने कठासु में स्व पूर्ण चंद सिथटा मेमोरियल बॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यतिथि लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्व0 पूर्ण चंद सिथटा बॉलीबाल के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे। उनके समय में बॉलीवाल खेल तत्कालीन जिला महासू की एक विशेष पहचान थी। उन्होंने कहा कि स्व पूर्ण चंद सिथटा के जीवन से हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि तीन करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये कर दी गई है। इसी प्रकार, रजत पदक विजेताओं को अब दो करोड़ रुपये के स्थान पर तीन करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को एक करोड़ रुपये के स्थान पर दो करोड़ रुपये दिए जाएंगे। ठाकुर ने कहा वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा इस क्षेत्र में 23 करोड़ रुपय से अधिक राशि के विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि खोड़नी नाला से बरथाटा, कठासु, बटाड, बरजाई, सताई, बढाल के लिए दो करोड़ 94 लाख की लागत से बनने वाली पेयजल योजना का कार्य अंतिम चरण में हैं और योजना इस वर्ष के अंत में जनता को समर्पित कर दी जाएगी।

100 गज के प्लाटों का कब्जा का प्रमाण पत्र देगी सरकार

एजेंसी ◂ चंडीगढ
www.dailypioneer.com

हरियाणा में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सरकार 10 जून को 7500 से अधिक गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) लाभार्थियों को 100- 100 गज के प्लाटों का कब्जा का प्रमाण पत्र देगी और रजिस्ट्री भी मौके पर ही कराई जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को यह घोषणा यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए की। उन्होंने बताया कि 10 जून को सोनीपत में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां ऐसे लोगों को प्लॉटों का कब्जा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही, प्रदेशभर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां मंत्री और विधायक पात्र लोगों को प्लॉट का कब्जा प्रमाण पत्र देंगे। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत गरीब लोगों को भूखंड आवंटित करने की बात कही थी, लेकिन उन्हें उनके हालातों पर छोड़ दिया और न ही लोगों को कोई कागज दिए। पिछले 15 वर्षों में उन्हें भूखंडों का कब्जा ही नहीं दिया गया। ये लोग लगातार प्लॉट के कब्जे के लिए चक्कर काट रहे थे। ऐसे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्ष 2024-25 के बजट अभिभाषण में घोषणा की थी कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत ऐसे लगभग 20,000 से अधिक लाभार्थियों को भूखंडों का कब्जा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, शेष 12500 लाभार्थियों को सरकार मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत परिवार को भूखंड खरीदने के लिए एक -एक लाख रुपए तक की राशि देगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार सर्वे के माध्यम से नए पात्र लोगों को चिन्हित कर रही है।
ऐसे लाभार्थियों के लिए भी सरकार जल्द ही एक पोर्टल खोलेगी, जिस पर ये लोग मकान के लिए आवेदन कर सकेंगे।

एडीजीएसपी, एसएचओ को 11 से एक बजे तक कार्यालय में रहने के निर्देश

चंडीगढ़। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के रैंक से लेकर थाना प्रभारियों तक के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सार्वजनिक शिकायतों का निपटारा करने के लिए सभी कामकाजी दिनों में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक अपने कार्यालय में मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ स्थित पंजाब पुलिस मुख्यालय में, स्पेशल डीजीपी/ एडीजीपी रैंक के वरिष्ठ अधिकारियों को नागरिकों को मिलने और उनकी शिकायतों का निपटारा करने के लिए अपने कार्यालय में उपलब्ध रहने के दिन निर्धारित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि स्पेशल डीजीपी कल्याण ईश्वर सिंह सोमवार को लोगों की शिकायतें सुनेंगे। इसी तरह, एडीजीपी सुरक्षा एस. एस. श्रीवास्तव मंगलवार को, एडीजीपी ट्रैफिक् ए. एस. राय बुधवार को, एडीजीपी प्रोवीज़निंग नागेश्वर राव गुरुवार को और स्पेशल डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला शुक्रवार को लोगों की शिकायतें सुनेंगे।

हिमाचल में खाई में लुढ़की गाड़ी, हरियाणा के पर्यटक की मौत

एजेंसी ◂ नाहन
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर में उपमंडल के सांगना पंचायत के अंतर्गत गत्ताधार से दो किलोमीटर दूर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान अजय वीर चौहान (35) निवासी अंबाला (हरियाणा) के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा उस समय पेश आया जब हरियाणा से घूमने आए पर्यटक सांगना की तरफ से गत्ताधार वापिस आ रहे थे। इस दौरान गाड़ी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर लुढ़क गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की आगामी जांच शुरू कर दी है। संगड़ाह के पुलिस उपाधीक्षक मुकेश डडवाल ने दुर्घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि इन दिनों सिरमौर में बाहरी राज्यों से पर्यटक पहुंच रहे है। उन्होंने पर्यटकों से अपील की है कि ट्रैफिक्र नियमों का पालन करें। साथ ही उन्होंने अपील की है कि शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलाए। जिला के कई इलाकों में सड़कें काफी खराब है।

हिमाचल में बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या, गौशाला में खून से लथपथ मिले शव

बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश के बरमाणा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकरोहा के चंदपुर गांव में बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या ने इलाके में सनसनी फैला दी है। दोनों के शव घर के समीप गौशाला में खून से लथपथ अवस्था में पाए गए। पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मुख्यालय मदन धीमान ने पुष्टि की है कि एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया गया है और सभी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चंदपुर गांव के निवासी रूपलाल (65) व पत्नी कमला देवी(60) घर पर अकेले रहते थे। दोनों गांव में दूध लेकर जाते थे। रविवार सुबह जब वे दूध देने नहीं आए तो ग्रामीणों को शक हुआ। ग्रामीण जब उनके घर पहुंचे तो पाया कि साथ बनी गौशाला में बुजुर्ग दंपत्ति के शव खून से लथपथ पड़े हुए थे। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में ले लिया है।

आप की लोकसभा चुनाव समीक्षा बैठक सोमवार को चंडीगढ़ में

सिरसा। आम आदमी पार्टी चंडीगढ में प्रदेश कार्यकारिणी के साथ लोकसभा चुनावों को लेकर समीक्षा बैठक करेगी जिसमें प्रदेश स्तर के नेताओं और कार्यकर्ताओं समेत सभी लोकसभा सांसद तथा जिला अध्यक्ष के साथ सर्कल प्रभारी भी पहुंचेंगे। बैठक की अध्यक्षता आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ संदीप पाठक करेंगे। इस बैठक में आप के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी मौजूद रहेंगे। डॉ. सुशील गुप्ता ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि इस बैठक में लोकसभा चुनावों के नतीजे को लेकर समीक्षा की जाएगी और विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से बात कर प्रतिक्रिया ली जाएगी कि लोकसभा चुनाव में कहां कमी रही। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने को जनादेश दिया उससे भारतीय जनता पार्टी का घमंड टूटा है। देश की जनता ने भाजपा को पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि आप हरियाणा में तीसरी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। आने वाले दिनों में आप हरियाणा में बड़ा परिवर्तन लाने जा रही है। आप किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं की लड़ाई लड़ती रहेगी। आप विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

महाराष्ट्र कृषि विभाग ने शिकायत के लिए व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी किया

मुंबई। महाराष्ट्र कृषि विभाग ने रविवार को किसानों के लिए शिकायत व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी किया। एक प्रेस बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में बताया गया कि राज्य के कृषि मंत्री धनंजय मुंडे के निर्देशानुसार नंबर 9822446655 सक्रिय और जारी किया गया है। किसान को राज्य में कहीं भी कोई कृषि डीलर किसी विशेष कंपनी से बीज या उर्वरक खरीदने के लिए मजबूर करता है या उच्च कीमतों पर बीज, उर्वरक या कीटनाशक बेचता है तो किसान व्हाट्सएप नंबर पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यदि कोई बेईमान व्यक्ति किसानों को अनावश्यक वस्तुएं खरीदने के लिए मजबूर करता है, या फर्जी किस्म बेचता है, या कोई अन्य अनियमितता होती है, तो भी शिकायत दर्ज की जा सकती है। शिकायत उपलब्ध साक्ष्य के साथ-साथ दुकान का नाम, स्थान, तालुका और जिले जैसी प्रासंगिक जानकारी के साथ दर्ज करानी होगी। मुंडे ने बताया कि हर शिकायत पर तुरंत संज्ञान लिया जाएगा, सत्यापन किया जाएगा और कार्रवाई की जाएगी। शिकायत करने वाले किसान का नाम गोपनीय रखा जाएगा। उन्होंने पिछले साल भी इस अभिनव पहल को लागू किया था, जिससे हजारों शिकायतों का समाधान करने में मदद मिली।

हमीरपुर व देहरा ब्लॉक कांग्रेस की कमेटियां तत्काल प्रभाव से भंग

शिमला। अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और हिमाचल प्रदेश मामलों के प्रभारी सांसद राजीव शुक्ला के अनुमोदन के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने हमीरपुर व देहरा ब्लॉक कांग्रेस की सम्पूर्ण कमेटियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने इस संदर्भ में एक अधिसूचना जारी कर दी है। उन्होंने बताया है कि जल्द ही इन दोनों ब्लॉकों में नए अध्यक्ष सहित नई कार्यकारणी का गठन किया जाएगा।

पोल्ट्री वैन से लूट करने वाले सात लुटेरे गिरफ्तार

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में छावनी थाने की पुलिस एवं एसओजी, स्वाट टीम ने पोल्ट्री वैन से लूट करने वाले सात लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि आठ जून को दुर्गा प्रसाद शुक्ल निवासी ग्राम धरौली जनपद अयोध्या ने छावनी थाने में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि मेरी पोल्ट्रीवाहन से तीन अज्ञात बदमाश द्वारा मेरे ड्राइवर को स्कार्पियों से ओवर टैक करके गाड़ी में बैठा लिया गया और पिकअप को लेकर फरार हो गये जिसमें 01 हजार 324 मुर्गे थे, जिसको अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट लिया गया है। लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित की गयी थी । छावनी थाने की पुलिस एवं एसओजी, स्वाट टीम द्वारा सात लुटेरों बबलू अहमद निवासी ग्राम पाण्डेय पुरवा, विजेन्द्र तिवारी निवासी ग्रामसुक्कलन, रिजवान उर्फराजू निवासी ग्राम पाण्डेय पुरवा, हैदर अली निवासीग्राम चैक बाजार, मोहम्मद अफसर निवासी ग्राम रामनगर, संतोष कुमार निवासी ग्राम हिलालपुर तथा इस्लाम अहमद निवासी ग्राम इमामबाड़ा कांशी राम कालोनी जनपद गोण्डा को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से एक पिकप गाड़ी, एक स्कार्पियों, एक बोलेरो, एक पिकप गाड़ी तथा एक देशी पिस्तौल, दो जिन्दा कारतूस और 40 हजार रूपया नगद बरामद किया गया है।

आंध्रप्रदेश, यनम में अगले पांच दिनों के दौरान तूफान आने के आसार

एजेंसी ◂ अमरावती
www.dailypioneer.com

उत्तरी तटीय आंध्रप्रदेश और यनम, दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश और रायलसीमा में अगले पांच दिनों के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने रविवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने दौरान उत्तरी तटीय आंध्रप्रदेश और यनम, दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश और रायलसीमा में कुछ स्थानों

पर अगले सात दिनों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है।

बनखंडी वन्य प्राणी उद्यान का पहला चरण जून, 2025 में होगा पूर्ण

शिमला। हिमाचल में पर्यटन के बहुआयामी महत्व को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार राज्य में विस्तृत स्तर पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठा रही है। प्रदेश सरकार राज्य में धार्मिक, साहसिक, रोप-वे, जलक्रीड़ा गतिविधियों, एयरो स्पोर्ट्स पर्यटन के साथ-साथ अत्याधुनिक अधोसंरचना निर्मित करने पर बल दे रही है। इस कड़ी में जिला कांगड़ा के देहरा उप-मंडल के बनखंडी में निर्मित किए जा रहे दुर्गेश अरण्य वन्य प्राणी उद्यान का पहला चरण जून, 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। यह प्राणी उद्यान 180 हेक्टयेर में फैला हुआ है और लगभग 619 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 3 वर्ष के भीतर तीन चरणों निर्मित किया जाएगा। यह प्राणी उद्यान क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरने के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएगा।

पुरोहित ने गुरु अर्जुन देव जी की शिक्षाओं पर चलने का किया आह्वान

चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने रविवार को पांचवें सिख गुरु अर्जुन देव की शहीदी की पूर्व संध्या पर लोगों से महान गुरु जी की शिक्षाओं का अनुसरण करने और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। पुरोहित ने अपने संदेश में कहा कि गुरु जी का सर्वोच्च और अद्वितीय बलिदान हमें न्याय व मानवतावाद, धर्मनिरपेक्षता, शांति व वैश्विक भाईचारे के मूल्यों को बनाए रखने के लिए सदा प्रेरित करता रहेगा।

इस शहीदी दिवस पर, आइए हम उनकी विरासत को आगे बढ़ाने, करुणा की आवाज बनने तथा समाज के उत्पीड़ित और वंचित वर्गों के हितों की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत करने का संकल्प लें।

गुरू अर्जुन देव की शिक्षाएं एक ऐसी दुनिया की खोज में हमारा मार्गदर्शन करती रहें जहां प्रेम, शांति और समानता सर्वोच्च हो।

भाजपा सरकार में प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर करोड़ों का घोटाला

एजेंसी ◂ चंडीगढ
www.dailypioneer.com

हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा के मंत्री डॉ बनवारी लाल का यह कहना है कि सरकार प्रॉपर्टी आईडी और फैमिली आईडी को ऑफलाइन कर सकती है। गर्ग ने रविवार को जारी बयान में कहा कि प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर करोड़ों रुपये का घोटाला हुआ है। सरकार के मंत्री के रिश्तेदार की जयपुर की कंपनी को प्रॉपर्टी आईडी का टेंडर पहले 18 करोड़ 11 लाख रुपये का दिया गया जबकि प्रॉपर्टी आईडी की सर्व लगभग 95 प्रतिशत से ज्यादा गलत दिखाई गयी। इसका मकान एक मंजिला था, उसे तीन मंजिला दिखा दिया, 100 गज का मकान था, उसा साइज बड़ा करके दिखा दिया। जनता लगभग दो सालों से अपनी प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिये नगर निगम में पैसे दे देकर प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने के लिये धक्के खाये हैं जबकि प्रॉपर्टी आईडी बनाने वाली कंपनी को सर्वे के नाम पर 58 करोड़ों रुपये का भुगतान सरकार ने कर दिया।

सीहोर में 27 लाख रुपए नकद सहित 60 लाख का जुआ पकड़ाया

सीहोर। मध्यप्रदेश के सीहोर नगर के नजदीकी ग्राम मोगला में सीहोर पुलिस ने आज बड़ी कार्रवाई कर 12 जुआरियो से 27 लाख रुपए नकद राशि सहित 60 लाख रुपए का जुआ पकड़ा। कोतवाली पुलिस सूत्रों के अनुसार मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम मोगला में स्थित फार्म हाउस पर छापामार कार्रवाई की गयी। इस दौरान जुआ खेल रहे 12 आरोपियों से 27 लाख की नकद राशि जप्त की। आरोपियों की 3 चार पहिया वाहन भी कार्रवाई के दौरान जप्त की गयी। इस प्रकार कोतवाली पुलिस ने 12 आरोपियों से 27 लाख नकद , तीन चार पहिया वाहन, 16 मोबाइल फोन जप्त कर जुआ एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

प्रदेश सरकार ने खिलाड़ियों की डाइट मनी में की वृद्धि : सुक्खू

एजेंसी ◂ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने रविवार को कहा कि देवभूमि और वीरभूमि हिमाचल प्रदेश को खेल भूमि बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश के कोने-कोने से खेल प्रतिभाओं की खोज कर उनकी प्रतिभा को निखारा जा रहा है। सुक्खू ने यहां कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में खेलों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। सरकार ने विभिन्न अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि करने के साथ-साथ खिलाड़ियों को मिलने वाले डाइट मनी और यात्रा प्रावधानों में वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के लिए डाइट मनी को 240 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये, जिला स्तरीय खेल आयोजनों के लिए 300 रुपये और खंड स्तरीय आयोजनों के लिए 240 रुपये किया गया है। प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाली खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को दी जाने वाली डाइट मनी को 500 रुपये किया गया है। इसके अतिरिक्त खेल छात्रावास में रहने वाले खिलाड़ियों को प्रारंभिक शिक्षा स्तर तक 250 रुपये तथा अन्यों को 400 रुपये की डाइट मनी का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश से बाहर आयोजित होने वाले खेल आयोजनों में भाग लेने वालों खिलाड़ियों को मिलने वाले यात्रा प्रावधानों में भी वृद्धि की है।

इस सुविधा के अन्तर्गत 200 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए खिलाड़ियों को एसी-थ्री टियर रेल किराया तथा 200 किलोमीटर से अधिक यात्रा करने वाले खिलाड़ियों को इकोनॉमी क्लास का हवाई किराया दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और उन्हें बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार के यह प्रयास दर्शाते हैं कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

देवेगौड़ा ने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बदनाम करने का लगाया आरोप

एजेंसी ◂ बेंगलुरु
www.dailypioneer.com

जनता दल-सेक्यूलर (जद-एस) नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने कांग्रेस पार्टी पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बदनाम करने के लिए अभियान चलाने का आरोप लगाया और उसके कार्यों को देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने के लिए हानिकारक करार दिया। देवेगौड़ा ने राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के शपथग्रहण समारोह से ठीक पहले प्रधानमंत्री पद के लिए मनोनीत नरेंद्र मोदी को लिखे पत्र में कहा, 'हालिया चुनाव में हमारी संस्थाओं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को बदनाम करने के लिए कांग्रेस पार्टी का अभियान और नीयत उजागर हुई है। देश की जनता कांग्रेस के अहंकार और नकारात्मकता को

बड़ा सबक सिखायेगी। उन्होंने जोर दिया कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन फीका रहा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी दावा करती है कि इस बार उसने बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन सच्चाई यह है कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में वह पिछड़ गयी है। अलबत्ता उसने अपने सहयोगी दलों के साथ कुछ अन्य राज्यों में अपेक्षाकृत अच्छा प्रदर्शन किया है। देखते हैं कि उसके सहयोगी दल उसे कब तक बर्दाश्त करेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने हालिया लोकसभा चुनाव परिणामों को भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता का आकर्षक प्रतिबिंब बताते हुए चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से प्रदर्शित लोकतांत्रिक भावना की प्रशंसा की और देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की ताकत में अपने विश्वास की पुष्टि की। उन्होंने कहा, चुनावों के दिलचस्प परिणाम सामने आये हैं। यह भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता को साबित करता है। इसने साबित कर दिया है कि आप एक सच्चे लोकतंत्रवादी हैं। स्वास्थ्यगत कारणों से इस मौके पर व्यक्तिगत रूप से शामिल न हो पाने पर खेद व्यक्त करते हुए देवेगौड़ा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार को अपनी पार्टी का समर्थन दोहराया।

मुरूम घोटाला : घोटाला के आरोपी ही जांच में रहे भागीदार

पायनियर संवाददाता ⮜ केशकाल
www.dailypioneer.com

बडेराजपुर जनपद पंचायत में सुर्खियों में रहने वाले चर्चित मुरूम घोटाला की जांच के लिए बस्तर संभाग के डिप्टी कमिश्नर आर.ई.एस. के अधीक्षंण यंत्री कार्यपालन अभियंता के सांथ बड़े राजपुर ब्लाक मुख्यालय विश्रामपुरी पंहुचकर जांच आरंभ किया। जांच में वही उपयंत्री और सचिव मार्गों का नाप जोख तथा टेस्ट कराने में लगे रहे जिन पर गड़बड़ी करने कराने का आरोप लगा हुआ है।

ज्ञात हो कि 7 जून को सुबह लगभग 11 बजे डिप्टी कमिश्नर जांच दल सदस्यों के सांथ जनपद मुख्यालय पहुंचे और कुछ देर तक दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद स्थल अवलोकन करते जांच करने ग्राम पंचायत बालेंगा पंहुचे।

ग्राम पंचायत बालेंगा के प्रथम मार्ग का निरीक्षण कर जब एक ग्रामीण से डिप्टी कमिश्नर ने उसका कथन लिया तो उसने बताया कि इस मार्ग के मुरमीकरंण में 18 लाख खर्चा नहीं हुआ होगा। किसी भी मार्ग में जनसूचना फलक लगा हुआ नहीं पाया गया जिससे वहां के वार्ड पंचों तथा ग्रामीणों को भी यह मालूम नहीं हो पाया था कि मार्ग उन्नयन के नाम से मुरूम डालने का काम किस मद से कराया जा रहा है और हर मार्ग निर्माण के लिए कितना धनराशि स्वीकृत हुआ है। मार्गो के जांच के समय वही उपयंत्री और पंचायत सचिव मार्गों का नाप जोख करते रहे जिन पर गड़बड़ी कराने का आरोप है। जांच में आगे आगे उसी उपयंत्री सचिव तथा सरपंच के स्थल पर रहने के चलते गांव वाले भी सही बात बताने से हिचकते रहे और सरपंच सचिव उपयंत्री के पक्ष में बोलकर कथन बयान की खानापूर्ति कर देने में अपना योगदान देते दिखे।

जांच के समय पंहुचे हुए क्षेत्रवासियों ने इस पर आपत्ति जाहिर करते गड़बड़ी में संलिप्त रहे उपयंत्री सचिव के अगुवाई और उपस्थिति में जांच होने से जांच प्रभावित होने की बात कहते लिखित में मांग पत्र दिया कि सही निष्पक्ष जांच के लिए निम्न तथ्यों की जांच किया जावे। परन्तु क्षेत्रवासियों के सुझाव आपत्ति और मांग पत्र पर गंभीरता से गौर नहीं किया गया। डिप्टी कमिश्नर व उनका जांच दल एक ही पंचायत के मार्गों की स्थिति का अवलोकन कर फिर आने की बात कह निकल गये।

उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2020-21 में राज्य सरकार द्वारा अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर से मार्ग उन्नयन हेतु बड़े राजपुर जनपद पंचायत के 10ग्राम पंचायत को दस करोड़ 62लाख 56हजार रूपया ग्राम पंचायतों को प्रदान किया गया था। उक्त धनराशि से जिस तरह से आनन फानन में स्वीकृत कार्य पंचायत क्षेत्र के बाहर के लोगों के देखरेख में आनन फानन में कराया गया और स्वीकृत धनराशि का आहरंण भुगतान सामान्य प्रक्रिया से हटकर किया कराया गया उसके चलते ही हुआ मार्ग उन्नयन कार्य मुरूम घोटाला कांड के तौर पर चर्चित हो गया।

मात्र 40% राशि पंचायत में शेष अनाधिकृतों के खाते में

बताया जाता है कि अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से धनराशि स्वीकृति से लेकर स्वीकृत धनराशि के अंतिम समायोजन तक बहुत ही खास प्रक्रिया ईजाद किया गया और सबकुछ पंचायत राज के परंपरा प्रक्रिया से हटकर हुआ। पहली बार इस मद से धनराशि क्षेत्र के पंचायतों में आया वो भी मात्र 10 पंचायत में शेष पंचायत वाले अचंभित रह गये कि हमारे पंचायत में पैसा क्यों नहीं आया ? जानकार बताते हैं कि स्वीकृत धनराशि में से मात्र 40 फिसदी धनराशि ग्राम पंचायत के खाते में आया शेष धनराशि उन बिचौलियों के खाते में आ गया जिनका पंचायत से कभी कोई नाता रिश्ता नहीं रहा और जब काम चालू हुआ तो पंचायत के सरपंच पंच की बजाय बाहर के लोग काम कराने पंहुच गये और उन बाहरी लोगों ने ही मुरूम उत्खनन के लिए जे.सी.बी.व परिवहन के लिए ट्रैक्टर वालों से रेट तय किया तथा अपने हिसाब से खुद उन्हें भुगतान किया। किसी भी कार्य स्थल पर स्वीकृत धनराशि एवं अन्य जानकारी अंकित कर जन सूचना फलक लगवाये बगैर ही काम चालू कराया और आनन फानन में मात्र कुछ दिनों में मार्ग उन्नयन का खानापूर्ति पूर्ण कर दिया। स्वीकृत धनराशि में व्यापक पैमाने पर भरार्शाही भ्रष्टाचार किए जाने के चलते पूरे ब्लाक और जिला में यह मुरूम घोटाला के तौर पर चर्चित हो गया जो विधानसभा चुनाव के दरम्यान एक मुद्दा बनकर उभर गया और कांग्रेस पार्टी पर इसका कलंक थोपा गया। जो विधानसभा चुनाव परिणाम को बहुत हद तक प्रभावित भी किया और पार्टी की पराजय हुई थी।

विधानसभा चुनाव के बाद इसकी लिखित शिकायत

बस्तर कमिश्नर को हुआ जिस पर कमिश्नर ने जांच का जिम्मा डिप्टी कमिश्नर को सौंपते हुए जांच का आदेश जारी किया। फलस्वरूप कमिश्नर के जांच आदेश के परिपालन में डिप्टी कमिश्नर द्वारा जांच आरंभ कर दिया गया है पर जिस तरह से आरोपी उपयंत्री एवं सचिव को ही जांच में शामिल रख जांच किया जा रहा है उसको लेकर जांच पर सवाल खड़ा किया जाने लगा है। मार्ग उन्नयन के सभी 62 कार्यों के लिए प्रति किलो मीटर18लाख 32 हजार का रेडिमेट प्राक्कलन बनाने वाले उपयंत्री तथा पंचायत सचिव सहित मामले में संलिप्त लोगों को जांच से दूर रखते हुए जांच तक विवादास्पद उपयंत्री को अन्यत्र संलग्न अथवा स्थानांतरित करके जांच करने की मांग उठने लगा है।

मार्गों का भौतिक सत्यापन करने के साथ आहरण भुगतान की भी सूक्ष्म जांच की मांग उठी

शिकायत पर प्रारंभ हुई जांच कार्य होने के दो वर्ष बाद बरसात बाद होने से गड़बड़ी में संलिप्त लोगों द्वारा असत्य भ्रामक जानकारी देकर अपने आपको बचाने की हरसंभव कवायद किया जा रहा है जिसको देखते हुए क्षेत्रवासियों ने जांच दल यह मांग किया है कि मार्ग का अवलोकन करने के सांथ स्वीकृत धनराशि के आहरंण भुगतान की जांच करते जिन लोगों को भुगतान करना दर्शाया गया है उनका भी कथन बयान दर्ज किया जावे और कराये गये कार्य का भुगतान करने ग्राम पंचायत से पारीत किए गये प्रस्ताव का अवलोकन कर प्रस्ताव में अंकित एवं पंचायत कार्यवाही रजिस्टर में उपस्थित दर्शाये गये पंचों का कथन बयान लेकर हकिकत की जानकारी लिया जावे।इसके सांथ ही बात की भी जानकारी लिया जावे की काम किसके दिशा निर्देश पर किस मेट से कराया गया था। यह मांग करने वाले क्षेत्रवासियों ने प्रतिनिधि को बताया की सभी पंचायत में मार्ग उन्नयन का काम स्थानीय सरपंच सचिव मेट से न कराकर चुनिंदा बाहर के लोगों से कराया गया और काम करने वाले ट्रैक्टर वालो जे सी बी वालों को भुगतान भी पंचायत के बाहर के लोगों द्वारा ही कराया गया था। लोग अभी से यह सवाल खड़ा करने लगे हैं कि जांच दल द्वारा मामले की जांच सही ढंग से पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता पूर्ण किया जायेगा की मात्र खानापूर्ति कर करोड़ों के घोटाले पर लीपापोती कर दिया जायेगा ..? वैसे चल रहे जांच की तरफ सभी लोगों की निगाहें लगी हुई है और लोग इंतजार कर रहे हैं की कब जांच पूर्ण कर जांच दल द्वारा क्या प्रतिवेदन दिया जाता है!

निर्माण कार्यों में लापरवाही बरतने वालों को कलेक्टर ने दी अंतिम चेतावनी

जिला प्रशासन द्वारा जिले के विकास में सहभागिता देने स्थानीय उद्यमी तैयार किए जा रहे हैं

पायनियर संवाददाता ⮜ बीजापुर
www.dailypioneer.com

शासन के स्पष्ट निदेर्शों के तहत पारदर्शिता के साथ सुशासन कर आम नागरिकों को अधिक से अधिक सुविधा प्राप्त हो सके। हाल ही में हुई बस स्टैण्ड में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना से यह तथ्य उजागर हुआ है कि शासकीय कार्यों में मैदानी क्षेत्रों में गंभीर अनियमितता की जा रही है। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय द्वारा संबंधित निविदाकर्ता के साथ-साथ इस हेतु पर्यवेक्षण अधिकारियों को भी पुनः सचेत किया गया है कि अपने कार्य क्षेत्रों में कार्यो का नियमानुसार गुणवत्तापूर्वक समय-सीमा पर कार्य किया जाना सुनिश्चत करें। शासकीय कार्यो में कुछ सफल निविदाकर्ता कायर्देश प्राप्त कर अवैध और अनुचित तरीके से पेटी ठेकेदारों से कार्य करवाते है जिससे इस तरह की घटना उत्पन्न होती है, गुणवत्ता भी प्रभावित होता है। कार्य भी समय-सीमा में पूर्ण नहीं हो पाता पेटी ठेकेदार वाली पद्धति अपनाने वाले ठेकेदारों को पूरे बस्तर संभाग स्तर पर काली सूची (BLACK LISTED) कर कार्य को निरस्त किया जाएगा और उक्त घटना में संबंधितों पर कार्रवाई भी की जाएगी। निर्माण कार्य में नागरिक सूचना पटल का अनिवार्य रूप से प्रदर्शन करने के निर्देश दिए गए हैं।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता विशेषकर सुदूर क्षेत्रों के स्कूलों जहां आदिवासी बच्चे शिक्षा प्राप्त करते हैं। वहां किसी भी प्रकार के गुणवत्ता को कमी या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी संबंधितों को यह अंतिम चेतावनी दी गई है। यह भी उल्लेखनीय है कि जिले के ज्यादातर कार्यो में स्थानीय लोगो की सहभागिता बहुत कम रहती है। स्थानीय लोगो की सहभागिता बढ़ाने जिला प्रशासन द्वारा जनजाति उद्यमी कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय स्तर पर उद्यमी तैयार किए जाएंगे जो यहां के विकास में सहभागी बनेगें तथा शासन की योजनाओं में स्थानीय बेरोजगार इंजीनियरों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

केवीएस स्कूल में रिड्यूस वेस्ट विषय पर विद्यार्थियों को दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ⮜ किरंदुल
www.dailypioneer.com

केंद्रीय विद्यालय किरंदुल में 5 जून से 12 जून तक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस शिविर के अंतर्गत आज प्राचार्य बलजिंदर सिंह एवं अध्यापक जगदीश नारायण के नेतृत्व में अध्यापिका रक्षिता मधुकर ने रिड्यूस वेस्टविषय पर विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। उन्होंने बताया कि कचरा कितने प्रकार का होता है और हमें कचरे को अलग-अलग करना कितना आवश्यक है, जैसे सूखा कचरा, गीला कचरा, जैव-चिकित्सा कचरा, खतरनाक कचरा, प्लास्टिक कचरा, एवं ई-वेस्ट के लिए अलग बिन्स होने चाहिए।कचरे को कम करना आज के समय के लिए अत्यंत आवश्यक है क्योंकि 4% की दर से हर साल भारत में कचरा बढ़ रहा है। साथ ही उन्होंने कचरा प्रबंधन की 5 तकनीकें भी बताईं। किस प्रकार जैविक कचरे से कम्पोस्ट, बायोगैस एवं तरह-तरह के क्राफ्ट बनाकर हम कचरे का पुनः उपयोग कर सकते हैं।विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बहुत उत्साह के साथ भाग लिया और प्रेरित होकर अपने घर के कचरे को अलग करने के लिए कार्डबोर्ड से बिन्स बनाए और तरह-तरह के क्राफ्ट बनाए।जैसे कांच व प्लास्टिक की बोतल को खूबसूरती से सजाया , पिस्ता शेल से फूल बनाए और वेस्ट पेपर को रिसायकल कर हैन्डमेड पेपर बनाया।

बाल स्वयंसेवकों द्वारा की गई मंदिर में साफ-सफाई

पायनियर संवाददाता ⮜ बचेली
www.dailypioneer.com

श्रीमाधव सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सफाई अभियान के तहत बचेली नगर के बाल स्वयंसेवकों द्वारा आर ई एस कॉलोनी दुर्गा मंदिर में की गई साफ सफाई इस सफाई अभियान में नन्हे बाल स्वयंसेवको ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। और साथ ही इन नन्हे स्वयंसेवकों ने एक संदेश देने का प्रयास किया है। स्वच्छता एक ऐसा महत्वपूर्ण कार्य है जो स्वयं, समाज, और पर्यावरण के लिए फायदेमंद है। स्वच्छता के महत्व स्वस्थ रहने का माध्यम स्वच्छता अपनाकर हम खुद को रोगों से बचा सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। यह बीमारियों के प्रसार को रोकता है और अच्छे स्वास्थ्य को सुरक्षित रखता है। सफाई अभियान में मुख्य रूप से लकी, मनोज बेरा, शौर्य सिंह, लोबिक, अनमोल, गोपी, दुष्यंत, काव्या साहू, रुद्र दीवान, हिमांशु आदि बाल स्वयंसेवक शामिल रहे।

आज महाराणा प्रताप जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

कांकेर। राजपूत क्षत्रिय समाज के द्वारा संयुक्त रूप से महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी। जिसके लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। 9 जून को महाराणा प्रताप जयंती समारोह के अवसर पर शाम 430 बजे से बड़े शीतला मंदिर के पास समाज के सभी लोग एकत्र होंगे। जहां से डीजे धुमाल के साथ विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी। इसके पूर्व कलेक्टोरेट रोड स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा में पूजा अर्चना की जायेगी। अध्यक्षों जितेन्द्र सिंह ठाकुर, रूपेक्तर सिंह ठाकुर ने समाज के लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी डॉ मिलाप सिंह ठाकुर ने दी है।

कलेक्टर विजय दयाराम के ने दृष्टि रथ को दिखाई हरी झंडी

पायनियर संवाददाता ⮜ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

अंधत्व निवारण जागरूकता के तहत 8 एवं 9 जून को पांचवां एनुअल एकॉइन छत्तीसगढ़ स्टेट कॉन्फ्रेंस का आयोजन जगदलपुर में किया गया है जिसके तहत शनिवार को महारानी अस्पताल से दृष्टि रथ यात्रा का आयोजन किया गया। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने दृष्टि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में पश्चिम बंगाल से पहुँचे डॉक्टर स्वप्न समानता, सीएमओ डॉक्टर आरके चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉक्टर संजय प्रसाद, डॉक्टर सरिता थॉमस, डीपीएम डॉक्टर रीना लक्ष्मी, मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर मणिकरण कुजूर एवं डॉक्टर टी.सी. आडवानी, पीजी स्टूडेंट्स मेडिकल स्टूडेंट्स, नेत्र सहायक अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ मितानिन एवं मेडिकल स्टूडेंट ने महारानी अस्पताल से सिरहासार चौक तक रैली निकाली एवं कुमरावण्ड गांव में मरीज का नेत्र परीक्षण एवं मुफ्त में चश्मा का वितरण किया गया। दृष्टि रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य अंधत्व निवारण के लिए मरीजों को जागरूक करना दृष्टि सुरक्षा के लिए एवं दृष्टि चिकित्सा के लिए समय पर जांच के लिए तुरंत जाने की शिक्षा दी गई ताकि लोग समय से पहुंचकर अपने आंखों की सुरक्षा, अपनी आंखों की रोशनी आंखों की रोशनी पूर्णतया प्राप्त कर सकें।

केदार कश्यप पर आरोप लगाने से पूर्व खुद के गिरेबान में झांके

बीजापुर विधायक से प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं : वेंकट

पायनियर संवाददाता ⮜ बीजापुर/नारायणपुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर विधायक द्वारा वन मंत्री केदार कश्यप्प पर लगाये गये आरोप को लेकर भाजपा नेता वेंकट ने आड़े हाथों लेते हुए कहा कि किसी कांग्रेस के विधायक से चुनाव परिणामों को लेकर प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। बस्तर लोकसभा चुनाव मंत्री केदार कश्यप् के साथ साथ हर एक कार्यकर्ता ने धरातल पर आकर कार्य करके 50 हजार से भी अधिक मतों से चुनाव में विजय प्राप्त कर ली है।बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी द्वारा वन मंत्री केदार कश्यप पर लोकसभा

चुनाव में निष्क्रिय रहने के आरोप के बाद बीजापुर जिला भाजपा के नेता वेंकट ने कहा कि कांग्रेसी नेता स्वयं अपने गिरेबांन में झांके। बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्यासी महेश कश्यप ने 50 हजार से अधिक मतों से जीत हासिल की है और जीत में प्रदेश अध्यक्ष किरण देव,वनमंत्री केदार कश्यप सहित भाजपा के प्रत्येक कार्यकताओं ने धरातल पर आकर कार्य किया और 6 बार के विधायक को पटखनी दे दी। वेंकट ने कहा कि बस्तर लोकसभा सीट से चित्रकोट, दंतेवाड़ा, कोन्टा से कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी है जबकि चित्रकोट से स्वयं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का गृह विधानसभा है बावजुद इसके उक्त विधानसभा से 7502 व्होट की लीड भाजपा को है। क्या

व्होटो से पीछे रह गये क्या इसमें भी कवासी लखमा की भाजपा से सांठगांठ थी। वेंकट ने कहा कि विक्रम मंडावी की जमीन धीरे धीरे खिसक रही है इसलिये अनापशनाप बयानबाजी कर रहे है। वेंकट ने कहा कि विधायक मंडावी अपनी पार्टी कांग्रेस की चिंता करे, इस चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कई दिग्गज धराशाही हुए है उसकी समीक्षा करें। रही बात केदार कश्यप की तो बस्तर के हर भाजपा कार्यकर्ता को अपने परिवार की तरह रखा है और बस्तर की राजनीति में कश्यप परिवार का योगदान अमूल्य है।

विधायक मंडावी प्रदेश अध्यक्ष से इस हार का कारण पुछेंगे। क्या उनसे भी वही सवाल करेंगे जो केदार कश्यप के लिऐ कर रहे है। इसी तरह दंतेवाड़ा विधानसभा से कॉग्रेस भाजपा से 12884 मतो से पीछे थी तो क्या इसके लिए देवती कर्मा को दोषी ठहरायेंगे। इसी तरह कोंटा विधानसभा सीट से स्वयं कांग्रेस से लोकसभा प्रत्यासी रहे 6 बार के विधायक कवासी लखमा 4000

कांग्रेस के दुष्प्रचार के बाद भी मिली लीड

नारायणपुर भाजपा के जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम ने कहा कि बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी सिर्फ बयानबाजी करके मीडिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहते है। नारायणपुर विधानसभा में भाजपा को विषम परिस्थितियों के बावजुद 4500 से अधिक व्होटो की लीड मिलना लाखों के बराबर है। विधायक विक्रम मंडावी को अच्छी तरह से पता होगा कि किस तरह से धर्मांतरण व नक्सलवाद का आतंक फैला कर कांग्रेस ने भाजपाईयों को चुनाव प्रचार से रोकने का असफल प्रयास किया। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा कार्यकर्ताओ की हत्या व नक्सल धमकी के बाद भी भाजपा कार्यकर्ता मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में दिन रात जुटे रहे। कांग्रेस ने संपूर्ण बस्तर लोकसभा क्षेत्र में फर्जी आरक्षण का विडियों वायरल कर आदिवासी क्षेत्रों में दुष्प्रचार करने का प्रयास किया था लेकिन यहां के आदिवासी उसके झांसे में नहीं आये। इस विधानसभा में कांग्रेस व लखमा के बेटा हरीश कवासी रात में भी चुनाव प्रचार करती थी जबकि भाजपा कार्यकर्ताओं को नक्सलियों द्वारा धमकी दी जाती थी।

स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से करे फिर जागरूकता आएगी : डॉक्टर प्रदीप पांडे

पायनियर संवाददाता ⮜ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

स्वच्छता हर कोई चाहता है पर साथ नहीं निभाते, कही न कही यह लापरवाही हम सबकी देन है जिससे शहर में गंदगी दिखती है। वरिष्ठ चिकित्सक प्रदीप पांडे शुक्रवार सुबह हाउसिंग बोर्ड बोधघाट उद्यान में व्यायाम, योग करते सदस्यों के बीच स्वच्छता के बारे में कुछ टिप्स दिए, साथ ही बताए कि हम सब किसी भी सामाग्री को लेने बाजार जाते है स्वयं का थैला, झोला लेकर चले झिल्लियों एवं पॉलीथिन के भरोसे ना रहे, उद्यान में उपस्थित सभी सदस्यों को एक झोला भी दिए ताकि आप समान लाने में झोले का उपयोग जरूर करे, साथ ही जानकारी दी को बोटल बन्द पानी का उपयोग ना करे घर से निकलते वक्त घर का पानी साथ लेकर निकले ताकि बोटल इधर उधर फेकना न पड़े।डॉक्टर खिलेक्तर सिंह, डॉक्टर श्रेयांश जैन ने जानकारी दी हम सबको झिल्लियों व प्लास्टिक डिस्पोजल का उपयोग बन्द ही कर देना चाहिए, ताकि यह झिलीया, डिस्पोजल नालियों में न जावे इन्ही की वजह से नालियों में कचरा जाम हो जाता है नालियों से पानी निकासी बन्द हो जाती इससे गन्दगी, बदबू व मच्छर होते है बरसात के दिनों में यह गन्दगी से पनपने वाले मच्छर की वजह से डेंगू एवं अन्य बीमारियां भी होती है।

मनरेगा मजदूरों की समस्याओ का गांव मे करें निराकरण : सीईओ

जिले के मनरेगा मजदूरो को मिला 21 लाख मानव दिवस का रोजगार, गॉवों मे आयोजित किये जा रहे विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से जुड़े हर समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर ही होगा। इसके लिए प्रत्येक सप्ताह की सात तारीख को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत रोजगार दिवस का आयोजन कर श्रमिकों के द्वारा नया जॉब कार्ड, लंबित मजदूरी भुगतान, काम की मांग जैसी जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया जाता है। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत श्रमिकों को गांव में ही मजदूरी देने उनके जॉब कार्ड बनवाने उसमें होने वाली दिक्कतों का गांव में ही त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। साथ ही जाब कार्ड संबंधी समस्या का निराकरण करने समेत मजदूरों की तमाम समस्याओं को ध्यान में रखते हुए रोजगार दिवस के दिन विशेष रूप से कार्यवाही प जाती है। रोजगार दिवस के दिन सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक एवं ग्रामीण श्रमिक अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर रोजगार दिवस को सार्थक करते हैं। रोजगार दिवस के दिन ग्रामीण श्रमिकों को शासन की महती योजना की भी व्यापक रुप से जानकारी दी जाती है। मनरेगा के तहत नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण कार्य, सिंचाई नहर नाली निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य भूमि सुधार, डबरी निर्माण कार्य, व्यक्तिगत कुंआ निर्माण कार्य, पुराने जलाशय नाला सफाई एवं पुनरूद्धार कार्य, तालाब गहरीकरण एवं पचरी पीचिंग कार्य, तालाब में इनलेट आउटलेट निर्माण कार्य, जल निकासी कच्ची नाली निर्माण कार्य, मिट्टी सड़क निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य नाडेप टंकी निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य सोकपिट निर्माण कार्य, हितग्राही मूलक कार्य बकरी शेड निर्माण कार्य, सामुदायिक कम्पोस्ट निर्माण कार्य, सामुदायिक नाडेप टैंक निर्माण कार्य, ठोस अपशिष्ट तरल प्रबंधन कार्य, प्रधानमंत्री आवास में 90 दिन मजदूरी कार्य कराये जा रहे हैं। ग्रामीण श्रमिकों ने अब तक 21 लाख मानव दिवस का कार्य पूर्ण कर चुके हैं। शासन के निर्देशानुसार जिले में मनरेगा श्रमिकों के लिए प्राप्त 28 लाख मानव दिवस से बढ़ाकर अब 67 लाख मानव दिवस किया गया है जो इस वर्ष के लिए पर्याप्त है। रोजगार दिवस के दिन मनरेगा श्रमिकों कों स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्रों (कचरा सेंटर) की साफ-सफाई, कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता का संबंधित मॉडल की जानकारी, गीला एवं सूखा कचरा का घरेलू स्तर पर उचित प्रबंधन की जानकारी, रि-साईकिल विधि के उपयोगिता पर चर्चा करते हुए, नाडेप एवं वर्मी कम्पोस्ट पिट निर्माण एवं मरम्मत कार्य के साथ पोषक खाद प्रदर्शन की भी जानकारी विस्तार से दी गई है। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के आयोजन में दीवाल लेखन कर पानी बचाने का आह्वान किया गया वहीं हर गांव हर वार्ड के बसाहट के अंदर पुराने पेड़ों का चिन्हांकन बरगद, नीम, पीपल वृक्षों पर ग्रामीणों एवं महिलाओं द्वारा रक्षासूत्र बांध कर सुरक्षा की सामूहिक शपथ ली जा रही है। गांव की बेटियों के गिनती अनुरूप एक सार्वजनिक स्थल पर बेटियों के नाम से वृक्षारोपण और उसकी सुरक्षा करने का संकल्प लेकर ग्रामीणजन आगे आ रहे हैं। स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत प्रतिदिवस की प्रस्तावित गतिविधियों पर जनपद पंचायत मगरलोड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेन्द्र पडोटी ने बताया कि पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है कि हम पेड़ों को बचाये। पौधा रोपण, स्वच्छता का कार्य, नाडेप टैंक का निर्माण एक बहुत अच्छा कार्य है। पौधा रोपण के माध्यम से पर्यावरण की हम रक्षा करने का संकल्प भी ले रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि किसी भी खुशी के मौके पर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौध रोपण अवश्य करना चाहिए। बच्चों के भविष्य के लिए और पर्यावरण संतुलन के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर रक्षा भी करनी चाहिए। इससे हम धरा को हरा भरा भी बना सकते है और वातावरण को भी शुद्ध रख सकते हैं। कचरा संग्रहण एवं स्वच्छता पर जनपद पंचायत नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विमल कुमार साहू ने स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के आयोजन में यह जानकारी दी कि जनप्रतिनिधियों, महिलाओं एवं ग्रामीणजनों के द्वारा गांव के हाट बाजार, नाली, तालाब, सड़क के किनारे डोर टू डोर कचरा संग्रहण कर बेहतर रूप से साफ-सफाई की जा रही है जो स्वच्छता का एक परिचायक है। बेहतर कार्य करने वाले लोगों को चिन्हित कर आगामी राष्ट्रीय पर्व में सम्मानित करेंगे। प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने की मुहिम ग्रामीणों के लिए कारगर सिद्ध होगी।

मौरीखुर्द में कोचिंग क्लास एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का समापन

लक्ष्य निर्धारण एवं समय प्रबंधन जरूरी- पुलिस अधीक्षक

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिला साहू संघ धमतरी के निर्देशानुसार परिक्षेत्र साहू संघ मौरीखुर्द द्वारा 9वी से 12वी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए हाईस्कूल भैंसमुंडी में कोचिंग क्लास, कैरियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन 5 मई से 7 जून तक किया गया। जिसमें प्रतिदिन लगभग 240 विद्यार्थी अपने विषय से संबंधित कोर्स का ज्ञान, नैतिक शिक्षा, जीवन विद्या, अध्यात्मिक, कैरियर मार्गदर्शन लाभ लेते थेस समर कैंप के दौरान बच्चों को पुलिस थाना एवं फूड प्रोसेसिंग पार्क बगौद का भी शैक्षणिक भ्रमण कराया गया स समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रतिभाओं के साथ ही वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं धार्मिक ग्रंथ श्रीमद् भागवतगीता भेंटकर किया गया। धमतरी जिला पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेयए धमतरी लेखाधिकारी संजय धीवरए कुरुद परियोजना अधिकारी सुमित कुमार ध्रुव, रायपुर इंद्रावती भवन सहायक लेखा अधिकारी उमेश साहू ने बच्चों से बातचीत करते हुए उनके अपने कैरियर निर्माण हेतु मोटिवेट किया स अतिथि के रूप में अवनेंद्र साहू जिलाध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरीए रामेशर साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरुद, गोपाल साहू सलाहकार ओसाराम साहू, लखनलाल साहू, गैंदलाल साहूए नोहरसिंह साहू संरक्षक परिक्षेत्र मौरीखुर्दए नारायण साहू पूर्व अध्यक्ष गुदगुदा ने समाज द्वारा शिक्षा के संस्कार के क्षेत्र में किया जा रहे रचनात्मक कार्यों की प्रशंसा किये स मौरीखुर्द परिक्षेत्र अध्यक्ष पोषणराम साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन.मन.धन से समर्पित सामाजिक पदाधिकारियों, सामाजिकजनों, शिक्षकों, मोटिवेशनल स्पीकरों के प्रति आभार व्यक्त किया स इस अवसर पर जिला साहू संघ धमतरी के उपाध्यक्षद्वय तोरणलाल साहू, केकती साहू, जिला सचिव लीलाराम साहू, संगठन सचिव उपेंद्र साहू परिक्षेत्र पदाधिकारी गौतम साहू, लखन साहू, मानिक राम, सनत साहू, हरिमारायण, तीरथ साहू, श्यामा चरण, सोमप्रकाश, ठाकुर राम, उत्तम साहू, ललित साहू, टेकरामए देवेंद्र साहू, सनातन साहू, किशोर साहू, बुधाराम, नारद साहू, रूपराम, ज्ञानेश्वर साहूए देवनारायण, हेमाराम, ओसाराम, समर कैंप में सेवाएं प्रदान करने वाले शिक्षकगण गोविंद साहू, कुलेश्वर साहू, होंमेंद्र साहू, डागेश्वर साहू, संजय साहू, अनामिका साहू, खुशबू साहू ,आरती साहू , प्रदीप साहू, बलेंद्र साहू, मोहनिश साहू, निधि जैन, लब्धि जैन, समाजसेवी त्रिलोकचंद जैन, मोहन निषाद, घनश्याम साहू टेकराम सोनकर, रामेश्वर साहू के साथ परिक्षेत्र ग्रामीण पदाधिकारीगण, सामाजिक जन एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे ।

नैनसी गजेन्द्र को मिला क्लासिकल अंर्तराष्ट्रीय नृत्य गौरव सम्मान

धमतरी। आमापारा धमतरी निवासी नैनसी गजेन्द्र को काठमांडू नेपाल में 31 मई से 3 जून 2024 तक आयोजित क्लासिकल अंतराष्ट्रीय शास्त्रीय नृत्य महोत्सव और पुरुस्कार समारोह में कथक नृव्य में उनके शानदार प्रदर्शन के लिये क्लासिकल अंतराष्ट्रीय नृत्य गौरव सम्मान 2024 से सम्मानित किया। नैनसी आमापारा निवासी उग्रसेन गजेन्द्र की सुपौत्री तथा चन्द्रविजय गजेन्द्र एवं रानी गजेन्द्र की सुपुत्री है। इसके पूर्व भी नैनसी गजेन्द्र ने खजुराहो नृत्य महोत्सव के गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में भी शामिल थी। नैनसी गजेन्द्र वर्तमान में खेरागढ़ स्थित इंदिरा संगीत विश्वविद्यालय से बैचलर ऑफ द परफार्मिंग आर्टस कथक पूर्ण कर.चुकी है। नैनसी गजेन्द्र की इस सफलता पर आत्मीयजनो ने बधाई दी, वहीं क्षेत्र के लोग इस उपलब्धि से गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

आरक्षित वर्ग के विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु स्थाई कमेटी की बैठक बुलाई जाए : आरएन ध्रुव

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ लोक सेवा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातीय एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण अधिनियम 1994 क्र 21 सन 1994 की धारा 17(1) के प्रावधानों के तहत स्थाई समिति का गठन रामविचार नेताम मंत्री आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अध्यक्षता में किया गया है। आठ सदस्यों की कमेटी में गोमती साय विधायक ,गुरु खुशवंत साहेब विधायक, गजेंद्र यादव विधायक, आईएएस रहते हुए प्रशासनिक जानकार गोंडवाना गोंड महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नीलकंठ टेकाम विधायक केशकालए संगीता सिंह विधायक, सचिव छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग सदस्य सचिव होंगे व सचिव छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग सदस्य सचिव होंगे। कमेटी छत्तीसगढ़ लोक सेवा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण अधिनियम 1994 और उसके अधीन बनाए गए नियमों की उपबंधों के क्रियान्वयन का पुनर्विलोकन कर सकेगी।कमेटी उक्त अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के क्रियान्वयन एवं आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के उपायो का सुझाव देगी एवं ऐसे अन्य कृत्य जो राज्य सरकार समय.समय पर समिति को सौंप जाएंगे। अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष आर एन ध्रुव ने अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के साथ आ रही व्यापक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए तत्काल कमेटी की बैठक बुलाए जाने की मांग किए है। जिससे सभी आरक्षित वर्ग के साथ भर्ती, पदोन्नति,फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारियों के खिलाफ कार्यवाही सहित विभिन्न प्रकार के अन्याय अत्याचार का निराकरण शीघ्र हो सके।

स्वयंसेवक व कलाकारों ने शिमला में जन जागरूकता अभियान चलाया

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

ऑल इंडियन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन शिमला द्वारा रोहिताश गौड़ भाभी जी घर पर हैं फेम एवं रेखा गौड़ के संयोजन में आयोजित राष्ट्रीय रंग महोत्सव। जिसमें शाश्वत उत्सर्ग यूथ थिएटर ग्रुप के कलाकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने भाग लिया है। धमतरी कलेक्टर नम्रता गांधी के विभिन्न चिन्ह मुद्दों पर जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर सभी प्रतिभागियों ने कला के साथ.साथ समाज में जन जागरूकता के उद्देश्य सको ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम अधिकारी आकाश गिरी गोस्वामी के द्वारा लिखित एवं निर्देशक जन जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक जल बचाओ जीवन बचाओ, स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ पेड़ एवं पर्यावरण से संबंधित मुद्दों पर शिमला के विभिन्न चौक चौराहा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को अपनी जिम्मेदारी जागरूकता का परिचय देने हेतु अपील किया। जिसमें आकाश गिरी गोस्वामी ,सोहनलाल साहू ,आशीष साहू, गुलशन ध्रुव, प्रियांशी मिश्रा ,विराज शाह,धनलक्ष्मी सुलोदिया, भाविका सुलोदिया ,डागेश्वर साहू, वष्णवी साहू, जान्हवी साहू ,कल्पना अग्रवाल और कशिश अग्रवाल ने बड़े उत्साह के साथअपने जीवंत अभिनय एवं संवाद के माध्यम से अपनी बात को लोगों के दिलों तक प्रभावित किया है जिसका शिमला के लोगों ने सराहना किया।

पैसर में 2 रेत तस्कर अवैध खनन एवं परिवहन करवाकर, राजस्व घाटा को दे रहा है बढ़ावा

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत चंगोरी सेमरिया में रेत के दो तस्कर अवैध रूप से रेत की अवैध खनन को बढ़ावा देते हुए ट्रैक्टरो से लगातार परिवहन कराकर ट्रैक्टर चालकों से रेत लोडिंग का अवैध वसूली कर प्रशासन को रोजाना राजस्व क्षति पहुँचा रहा है। इस मामले की शिकायत ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि एवं सचिव ने रेत की अवैध खनन एवं परिवहन की शिकायत कर कार्रवाई किये जाने की मांग जिला प्रशासन सहित खनिज विभाग तहसील विभाग से किये गए हैं।इसके अलावा दोनों रेत तस्करों से राजश्व घाटे की भरपाई वसूली कार्रवाई किये जाने की मांग भी शासन प्रशासन के समक्ष किये गए हैं अब देखने वाली बात यही है कि शिकायत के बाद भी जिला प्रशासन कार्रवाई के लिए चंगोरी पैसर कब जा रहे हैं। फिलहाल वर्तमान में रेत के दोनों तस्कर प्रशासन को ठेंगा दिखाते हुए राजश्व घाटे पहुंचाते में चूर हैं।इस संबंध में सरपंच प्रतिनिधि धन साय कैवर्त, सचिव लक्ष्मी नारायण पटेल ने बताया कि रेत की अवैध खनन व ट्रैक्टरो से लगातार अवैध परिवहन की शिकायत मिलने पर कार्रवाई के लिए आवेदन सौंपने की बात बताया है।

वन विभाग ने टाटा 407 में अवैध खैर लकड़ी परिवहन करते आरोपी पकड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत एवं अनिल भास्करन उप वन मंडलाधिकारी के निर्देशन में प्रत्युष ताण्डेय परिक्षेत्र अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में मुखबिर की सूचना पर सरायपाली परिक्षेत्र अंतर्गत बेलटिकरी से सागरपाली मार्ग के बीच में वाहन की तलाशी के दौरान शाम को टाटा 407 वाहन क्रमांक छत्त 05 ष्ठ 0804 को रोक कर जांच किया गया,जांच के दौरान उस वाहन पर गिला खैर प्रजाति का लकड़ी मिला। आरोपी अगस्ती वल्द आनंद जाति मेहेर,ग्राम कुड़ापाली (वाहन चालक)रमणी वल्द हाडू जाति महार ग्राम पधानपाली (सहयोगी) जिला बरगड़ उड़ीसा द्वारा टाटा 407 वाहन में भरी हुई गिला खैर लकड़ी के संबंध में किसी प्रकार का वैध कागजात नही होना बताया । उनसे गिला खैर लकड़ी के संबंध में पूछताछ करने पर बताया गया की प्रशांत लुहराचट्टी के कहने पर रोहित प्रधान ग्राम कठारपाली एवं बबलू ग्राम तबडा के साथ उक्त लकड़ी को ग्राम मल्दामाल से लुहराचट्टी लुकुढाबा(प्रशांत ढाबा)के पास ले जाना बताया गया। गिला खैर लकड़ी से भरी टाटा 407 को अवैध लकड़ी परिवहन पर संलिप्त पाए जाने पर भारतीय वन अधिनियम 1927 के विभिन्न धाराओं के अंतर्गत जब्त कर वाहन को राजसात हेतु प्राधिकृत अधिकारी को उपवनमंडलाधिकारी सरायपाली को प्रस्तुत किया गया। टाटा 407 में भरे जप्त वनोपज 201 नग,1,811 घ.मी.जिसका अनुमानित मूल्य 22041.00,टाटा 407 जिसका अनुमानित मूल्य 170000.00 योग 192041.00 का आकलन किया गया है । संपूर्ण कार्यवाही में प्रमुख रूप से रविलाल निर्मलकर स.प.अ बलौदा,मुकेश कुमार निषाद बी.एफओ.,सुनील कुमार जमीदार बी.एफओ,ज्वाला प्रसाद पटेल,ललित पटेल,दिनेश प्रधान बी.एफओ.एवं वन विभाग के सभी अधिकारी/कर्मचारी,सुरक्षा श्रमिको का सहयोग रहा ।

मंदिर एवं गिरौदपुरी जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ से प्रशासन चिंतित

कलेक्टर-एसपी ने ली शांति समिति की बैठक,मजिस्ट्रीयल जांच पर बनी सहमति

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में असमाजिक तत्वों द्वारा सुहेला के आसपास मंदिरों एवं गिरौदपुरी जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ से जिला प्रशासन ने चिंता जाहिर की है। आज इस सिलसिले में कलेक्टर के एल चौहान एवं एसपी सदानंद कुमार ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक ली। बैठक में जिले में हुई घटनाओं को लेकर सिलसिलेवार व्यापक चर्चा की गई। इस दौरान सतनाम समाज के विभिन्न प्रतिनिधियों सहित सभी समाज के प्रमुखों द्वारा आपसी शांति बनाएं रखने एवं प्रशासन को सहयोग प्रदान करने की बात कही गई है। इसके साथ ही घटनाओं की जांच के लिए मजिस्ट्रीयल जांच पर भी सहमति बनी है। जिसके विस्तृत आदेश अगामी दिनों में अलग से जारी की जाएंगी। कलेक्टर के एल चौहान ने कहा विगत दिनों जिले के विभिन्न स्थानों में जो अप्रिय घटना हुई है वह बेहद ही निंदनीय एवं चिंताजनक है। इस तरह की घटनाओं से समाज का ताना बाना बिगड़ जाता है। हमारे जिले का कभी भी इस तरह इतिहास नही रहा है की किसी भी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाई। इस तरह की घटना पहली बार हुई है। उन्होंने सभी समाज प्रमुखों से अपील की है हमे आंदोलन से बचते हुए आपसी शांति हेतु सकारात्मक प्रयास करना चाहिए। प्रशासन और समाज दोनों जीवंत समाज के दो पहलू है जो आपसी सहयोग के बिना किसी भी कार्य को सफल नही हो सकती है। उन्होंने सभी समाज प्रमुखों के बातो को सुनकर समस्यो के जल्द ही निराकरण के आश्वासन दिया हैं। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सदानंद कुमार ने कहा की आज कल सोशल मीडिया के माध्यम से बहुत जल्दी अफवाह फैलाई जाती है। हमे ऐसे मेसेजो से बचना चाहिए साथ ही इस तरह के संदिग्ध कंटेंट मिले तो इसकी जानकारी पुलिस कंट्रोल को दी जानी चाहिए। हमने सोशल मीडिया में गतिविधियों के निगरानी के लिए अलग से भी सेल बनाएं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा की जांच के संबध में आप लोगों ने आज जो सलाह एवं महत्वपूर्ण जानकारी दिए है उसी के हिसाब से ही जांच में तेजी लाई जाएगी।बैठक में जिला एवं पुलिस प्रशासन के आला अफसरों के साथ विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिप्ती गौते,एडिशनल एसपी अविनाश ठाकुर,सभी एसडीएम,एसडीओपी, प्रगतिशील सतनामी समाज देवेंद्र चतुर्वेदी, मोहन बंजारे,सतनामी समाज ओमप्रकाश खुटे,एसटी एससी ओबीसी संघर्ष समिति मोहन राय, ब्राह्मण समाज श्याम शुक्ला, यादव समाज संतोष यदु,सिंधी समाज नरेश गंगशानी,शंकर दुलानी,केवंट निषाद समाज नारद निषाद,वर्मा कुर्मी समाज धर्मेंद्र सरसिहा,आदिवासी समाज डॉक्टर एल एस ध्रुव,भूपेंद्र ध्रुववंशी,साहू समाज लेखराम साहु,सतनामी समाज राजमहंत सरजू प्रसाद घृतलहरे,बीएसपी राजकुमार पात्रे,भीम क्रांतिवीर संगठन किशोर नर्वगे सहित अन्य सभी समाजों के वरिष्ठ प्रतिनिधी,समाज प्रमुख गण सहित बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक गण भी उपस्थित थे।

अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 3 शराब कोचिया को किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जले में सभी प्रकार के नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान सृजन के तहत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार अविनाश सिंह ठाकुर वं एसडीओपी निधी नाग के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी अजय झा के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में आज दिनांक 6-7/06/2024 को थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार से प्र आ अंजोर मांझी समीर शुक्ला संतराम बंजारे आर. रमाकांत भारद्वाज, अकरम खान, मोहन मेश्राम, द्वारा आरोपीगणो से अवैध रूप से शराब बिक्री करने हेतु 03 शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपीगण से कुल 66.78 लीटर शराब जुमला किमती 23580 रूपये को किया गया जप्त । आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में अपराध क्र. 368/24, 371/2024, 372/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आबकारी एक्ट में गिरफ्तार आरोपी कैलाश यादव उम्र 30 साल साकिन पहंदा रोड भैंसा पसरा बलौदाबाजार, सुनील कुमार ऊर्फबंधु भारद्वाज उम्र 25 साल निवासी सुढेली, पुष्पेंद्र ऊर्फपुसऊ यादव पिता लतेल यादव उम्र 24 साल साकिन छुईहा मालगुजारी।

समीक्षा बैठक में दवाइयों की उपलब्धता और एनीमिया की दवाइयों के सैंपल के रैंडम जांच पर हुई चर्चा

स्वास्थ्य मंत्री ने मैराथन बैठक लेकर की समीक्षा, आचार संहिता खत्म होते ही छत्तीसगढ़ में सरकार का काम शुरू

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज मंत्रालय में स्वास्थय विभाग के अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक लेकर विभाग के कामकाज की समीक्षा की। जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार इजाफा किया जा रहा है और सभी मेडिकल कालेज तथा जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। जायसवाल ने अधिकारियों को कहा है कि विष्णु के सुशासन में उन्हें रिपोर्ट नहीं बल्कि रिजल्ट चाहिए ताकि राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं निरंतर मिलती रहें। जायसवाल ने कहा कि राज्य मे स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार के लिए ये आवश्यक नहीं है कि बजट की उपलब्धता रहे, बल्कि आवश्यक ये है कि मजबूत इच्छाशक्ति हो, हमें ऐसा काम करना है जिससे लोगों के मन में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सकारात्मक भाव आए।

मलेरिया और सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर जागरूकता की आवश्यकता

स्वास्थ्य मंत्री ने मलेरिया और सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों के बारे में बात करते हुए कहा है कि इसको लेकर समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता है। इसके लिए जिन क्षेत्रों में इन बीमारियों का सं ंद्रण ज्यादा है वहां ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर लोगों को इनसे बचने के तरीकों के बारे में जागरूक किया जाए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समीक्षा बैठक में विभागीय बजट का आंकलन करते हुए उसे अनुपूरक बजट में शामिल करने के प्रस्ताव पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

सुपेबेड़ा में डायलिसिस सेंटर, राज्य में माडल नेफ्रोलाजी सेंटर खोलने की अनुशंसा

स्वास्थ्य मंत्री ने सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी को ध्यान मे रखते हुए वहां एक अत्याधुनिक डायलिसिस सेंटर खोलने की अनुशंसा की है। सुपेबेड़ा में बीमार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने और बीमारी के कारणों का पता लगाने के लिए एक कमेटी भी बनाई गई है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने सुपेबेड़ा में उत्कृष्ट डायलिसिस सेंटर खोलने की अनुशंसा की है ताकि वहां के मरीजों को त्वरित लाभ मिल सके। इसके साथ ही जायसवाल ने राज्य भर के किडनी के मरीजो के बेहतर इलाज के लिए राज्य में एक माडल नेफ्रोलाजी सेंटर खोलने की भी अनुशंसा की है।

एनीमिया की दवाइयों के सैंपल की करें रैंडम जांच : जायसवाल

राज्य के अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता की चर्चा करते हुए श्याम बिहारी जायसवाल ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही जायसवाल ने विभाग को निर्देशित किया है कि एनीमिया की बीमारी को ठीक करने के लिए उपलब्ध दवाइयों के सैंपल की अलग-अलग लेबोरेट्री में रैंडम जांच की जाए ताकि इस जरूरी दवा की गुणवत्ता को जांचा परखा जा सके। समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव चंदन कुमार, एनएचएम के एमडी जगदीश सोनकर, आयुक्त सह संचालक ऋतुराज रघुवंशी, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि विभाग कुलदीप शर्मा, संचालक आयुष सु इफ्फत आरा, सीजीएमएससी एमडी पद्मिनी भोई साहू समेत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

जशपुर के छात्र ने नीट की परीक्षा में हासिल की सफलता

दूसरे प्रयास में बने नीट टॉपर, बढ़ाया प्रदेश का मान

- ग्राम जरिया के बेटे अब्दुल कलाम बनेंगे डॉक्टर

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

4 जून को घोषित हुए नीट परीक्षा-2024 के परिणाम में जशपुर जिले के कई होनहारों ने अपना परचम लहराया है। इन्हीं में से एक जशपुर के ग्राम पंचायत जरिया के छात्र अब्दुल कलाम है। इन्होंने नीट में सफलता हासिल कर पूरे जिले समेत प्रदेश का नाम रौशन किया है। अब्दुल कलाम की इस सफलता से उनके परिवार में जश्न का माहौल है। वही अब्दुल को इस सफलता के लिए कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल और सीईओ अभिषेक कुमार ने बधाई दी हैं। जशपुर से लगे एक छोटे से गांव जरिया के इस छात्र ने 720 में से 672 अंक प्राप्त किए है । छात्र अब्दुल ने बताया कि वह राजस्थान में कोचिंग ले रहा था। उन्होंने बताया कि नीट में 672 अंक के साथ ऑल इंडिया स्तर पर 12848 वीं रैंक हासिल की है। अब्दुल ने सफलता का श्रेय अपने माता- पिता, अभिभावकों व गुरुजनों को देते हुए कहा कि उनके बेहतर मार्गदर्शन से ही इस प्रकार की सफलता हासिल किया है। छात्र अब्दुल ने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति के आधार पर किसी भी सफलता को आसानी से हासिल किया जा सकता है। पिता मो. मुस्तफ़ा अंसारी और माता सबीना खातून ने बेटे की इस सफलता पर खुशी जताई। पिता ने कहा कि अब्दुल बचपन से ही होनहार है, उसकी याददाश्त क्षमता बहुत अच्छी है। किताबी ज्ञान से लेकर सभी तरह की जानकारी पर अब्दुल की पकड़ है। बेटे को डॉक्टर बनाने का जो सपना था वो अब पूरा होगा। परिवार में अब्दुल पहला एमबीबीएस, एमएस करने वाला रहेगा।

परिवार में खुशी का माहौल है और एक पिता के नाते अपने बेटे पर मुझे गर्व है। अब्दुल के पिता मो. मुस्तफ़ा अंसारी एक शासकीय शिक्षक हैं तो उनकी माता गृहिणी हैं। नीट की परीक्षा में जिले के ग्रामीण अंचल से ताल्लुक रखने वाले अब्दुल जैसे कई युवाओं ने अच्छा रैंक प्राप्त करके न सिर्फ क्षेत्र का बल्कि जिले और प्रदेश नाम रोशन किया है।

गांव को ओडीएफप्लस बनाए जाने के लिए आयोजित हुई कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाए जाने हेतु जनपद सभागार मनेंद्रगढ़ में पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्वच्छग्राहियों के मध्य ओडीएफ प्लस ग्राम निर्माण की समझाईश विकसित करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान ओडीएफ प्लस मॉडल गांव प्रमुख आयाम एवं ग्राम पंचायत के उत्तरदायित्व के साथ डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण की प्रक्रिया को समझ विकसित की गई। जिससे ग्रामीण अंचलों में भी शहर की तर्ज पर डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण का क्रियान्वयन सुचारू रूप से संचालित करने में ग्राम पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यशाला में उपस्थित परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय ने स्पष्ट रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव को निर्देश दिए हैं कि गांव के चौक चौराहे सार्वजनिक स्थल सामुदायिक सहभागिता से साफ -स्वच्छ प्रतीक होंगे। रिसोर्स सेग्रीगेशन के आधार पर घर से निकलने वाले गीले कचरे को परिवार के मुखिया या परिवार जनों के द्वारा प्रबंध किया जाएगा एवं घरों से निकलने वाले ठोस अर्थात सूखे कचरे का संग्रहण का कार्य स्वच्छागृही समूह के द्वारा किया जाएगा। परिणाम स्वरूप जहां एक ओर गांव की गंदगी दूर होगी और बीमारियों से निजात मिलेगी वहीं दूसरी ओर स्वयं सहायता समूह की स्वच्छताग्राहीमहिलाओं को अतिरिक्त आय का स्त्रोत अपशिष्ट संग्रह कार्य बनेगा, ग्राम पंचायत के माध्यम से प्रतिमाह प्रत्येक परिवार से 10,20 रूपये स्वच्छता शुल्क के रूप में लिया जाएगा। ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी करने पर होगी जुर्माने की कार्रवाई साथ सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध हेतु किया जाएगा। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनआरएलएम रितेश पाटीदार, जिला सलाहकार राजेश जैन, ब्लॉक समन्वयक नेहा सिंह, प्रभा प्यासी के साथ ग्राम पंचायत चैनपुर, चौधडा लालपुर, बेलबहरा, नागपुर, महराजपुर पाराडोल, लाई, परसगडी, शंकरगढ़, चंवरीडांड, पिपरिया सहित ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव एवं स्वच्छ ग्राही उपस्थित रहे।

नौकरी लगाने के नाम पर रुपए मांगने वालों से रहे सावधान

ऐसे लोगों की तत्काल शिकायत नजदीकी थाने करें शिकायत

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आमजनों से नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वालो से सचेत व सावधान रहने की सलाह दी है। कलेक्टर ने कहा है कि आमतौर पर कुछ लोग सरकारी दफ्तरों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर भोले भाले लोगों से रुपये ठग लेते है। ऐसी शिकायतें सामने आई है। जिस पर जिला पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर ने कहा कि सरकारी दफ्तरों में नौकरी लगवाने के नाम पर जो भी रुपए मांगे उसकी तत्काल शिकायत नजदीकी थाने अथवा जिला प्रशासन को दें। जिस पर कार्यवाही की जावेगी। किसी भी सरकारी दफ्तर में रुपए लेकर नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं है पूरी पारदर्शिता के साथ कोई भी नियुक्ति किये जाने का प्रावधान है। अतः ऐसे लोगों से सावधान व सचेत रहे।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों संध्या सिंह निवासी वेस्ट चिरमिरी पोड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई कि सरभोका का रहने वाला आरोपी नीलेश पाल कई लोगों को कलेक्ट्रेट व अन्य विभागो में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपया लेकर नौकरी नहीं लगवाया है तथा छ.ग. शासन का फर्जी नियुक्ती पत्र देकर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थिया संध्या सिंह से भी वर्ष 2023 के सितम्बर अक्टूबर माह में 02 लाख 30 हजार रुपया लेकर छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नया रायपुर छ.ग. तथा कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर छ.ग. की फर्जी सील व फर्जी हस्ताक्षर किया हुआ तथा फर्जी नियुक्ति पत्र देकर धोखाधड़ी किया व प्रार्थिया को नौकरी नहीं दिलाया है तथा उसके द्वारा दी हुई रकम को भी वापस नहीं कर रहा है कि रिपोर्ट पर थाना पोड़ी में धारा का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी नीलेश पाल को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर प्रार्थिया संध्या सिंह के अलावा अन्य कई लोगों से नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये लेना व उन्हें फर्जी नियुक्ती पत्र देना स्वीकार किया।

ग्राम पंचायतो में मनाया गया रोजगार दिवस

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डी.राहुल वेंकट के निर्देशन एवं परियोजना निदेशक के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी स्कीम अंतर्गत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत में कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा के द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे कार्य में कार्यस्थल पर श्रमिकों के द्वारा रोजगार दिवस मनाया गया। रोजगार दिवस के दौरान मनरेगा अंतर्गत एफआरए कार्यो का चिन्हांकन किया गया। वही दूसरी और समय पर मजदूरी भुगतान संबंधी समस्याओं के निराकरण किया गया। जिन ग्राम पंचायतों में श्रमिकों के द्वारा रोजगार की मांग की गई। उनका संधारण कर कार्य योजना तैयार की गई। प्रति श्रमिक 100 दिवस रोजगार हेतु चर्चा की गई मातृत्व भत्ता, श्रम कार्ड के साथ कार्यों में जल संरक्षण, जल संवर्धन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के तौर पर रखा गया है। हितग्राही मूलक कार्यों को भी प्राथमिकता से किए जाने पर रोजगार दिवस पर चर्चा की गई।

इलेक्ट्रानिक गोदाम से चोरी करने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार, पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह के निर्देश में थाना कोतवाली की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

वार्ड नंबर 21 हनुमान मंदिर के सामने मनेन्द्रगढ में निवास करने कौशलेश शिवहरे पिता स्व0 चुनकाई लाल शिवहरेने थाना उपस्थित होकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इसकेइलेक्ट्रानिक सामान के गोदाम से चोरी हो गई है.चोरी की यह वारदात 31 मई 2024 से 04.जून .2024 के बीच हुई है.किसी अज्ञात चोर द्वारा एल. ए. डी. टी.व्ही. 04 नग, एग्जॉस्ट 01 नग, होम थियटर 01 नग, स्पीकर 02 नग चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 183/ 2024 धारा 457, 380 भा.द.सं. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पतासाजी के दौरान मुखबीर से सूचना मिली की मौहारपारा के रहने वाले शाहिद खान, वसीम खान, महेन्द्र सिंह धुर्वे उर्फविजय रात में अग्रवाल लॉज के तरफ घूम रहे थे. सूचना से पुलिस अधीक्षक एमसीबी चन्द्रमोहन सिंह को अवगत कराया गया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वाडेगांवकर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मुखबिर सक्रिय किये गये मुखबिरके बताये अनुसार थाना मनेन्द्रगढ़ टीम द्वारा संदेही आरोपी शाहिद खान, वसीम खान, महेन्द्र सिंह धुर्वे उर्फ विजय को घेराबंदी कर पकड़ा गया, पूछताछ करने पर अग्रवाल लॉज के पास इलेक्ट्रानिक गोदाम से तीनो के द्वारा चोरी करना स्वीकार किये है एवं तीनो के कब्जे से एल. ए. डी. टी. व्ही. 04 नग, एग्जॉस्ट 01 नग, होम थियटर 01 नग, स्पीकर 02 नग कीमती 25,500/- रूपये बरामद किया गया। आरोपीगण को गिरफ्तार कर न्यायालय न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक अमित कश्यप थाना प्रभारी, सउनि मनीष तिवारी, प्र. आर. इस्ताक खान, पुष्कल सिन्हा, राकेश शर्मा, आरक्षक भूपेन्द्र यादव, राकेश तिवारी, ज्ञानेश्वर राजवाडे, कृष्णा दास, शमी सुरसेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

जिले में बार-बार आंधी तूफान, आपूर्ति बहाली में जी-जान से जुटे और जीते विद्युतकर्मी जवान

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिले में बार-बार आंधी-तूफान की वजह से विद्युत व्यवस्था को बनाए रखना तथा विद्युत आपूर्ति को निरंतर जारी रखना एक चुनौती बन गई है। 5 जून को एक बार फिर तेज आंधी तूफान ने जनहित सेवाओ में महत्वपूर्ण विद्युत व्यवस्था को कुछ देर के लिए ठप्प कर दिया था। हवा के वेग से बिजली के खंभों सहित वितरण तंत्र में ब्रेक-डाउन का गहरा असर हुआ था। इस व्यवधान को दूर करने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी पूरी ताकत झांक डाली जिससे विषम परिस्थिति में भी विद्युत व्यवस्था बहाल हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनहित की सेवाओं में पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके परिपालन में विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष पी. दयानंद तथा प्रबंध निदेशक (पारेषण एवं वितरण) राजेश कुमार शुक्ला ने मैदानी अमले को सजगता एवं तत्परता से काम करने की विशेष हिदायतें दी है। 05 जून को जशपुर जिले में तेज आंधी तूफान के कारण 33 के.व्ही. के 03 फीडर तथा 11 के.व्ही. के 24 फीडर ब्रेकडाउन हो गए थे। विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा तत्परता से फीडरां के ब्रेकडाउन को ठीक कर विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई। 11 के.व्ही. के 24 में से 19 फीडरों को रात में ही चालू कर दिया गया। देर रात हवा के वेग से कई जगहों पर खंभां एवं तारों पर पेड़ गिर जाने से खंभे एवं तार टूट गए, जिस कारण 05 फीडरों को रात में चालू नहीं किया जा सका। जिन्हें अगले सुबह ठीक कर विद्युत व्यवस्था का संचालन सुचारू रूप से कर दिया गया। इसी प्रकार कुनकुरी, जशपुर एवं पत्थलगांव में ट्रांसफार्मर डी.ओ. उड़ने की 24 तथा फ्यूज ऑफ कॉल की 42 शिकायतें प्राप्त हुई जिसका निराकरण कर दिया गया। जशपुर जिले के कुनकुरी में बार आंधी तूफान का केन्द्र बना हुआ है, 2 जून एवं 3 जून को भी तेज आंधी तूफान और गरज चमक के साथ बारिश हुई थी, जिससे विद्युत पारेषण एवं वितरण के तंत्र खुले में रहने के कारण प्रभावित हुए थे, जिसे विद्युत अमले के द्वारा सुधार कर सुचारू रूप से पुनः संचालन कर दिया गया। मौसम के प्रभाव को देखते हुए जशपुर जिले में विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने मुख्य अभियंता, एवं अधीक्षण अभियंता, अम्बिकापुर के द्वारा बगीचा, कुनकुरी, तपकरा, नारायणपुर एवं फरसाबहार का दौरा किया गया ।

रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, खुलकर करें महादान, लोगों को भी प्रेरित करें: मंगतानी

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

रक्तदान करना महादान माना गया है. क्योंकि जब आप रक्त का दान करते हैं तो सिर्फअपना रक्त नहीं देते बल्कि एक या एक से अधिक लोगों को जीवनदान भी देते हैं. जब ब्लड किसी व्यक्ति को सीधे चढ़ाया जाता है तो सिर्फउसी व्यक्ति की जान बच रही होती है, जिसे आप ब्लड डोनेट कर रहे होते हैं. उक्ता शय के उदगार सिंधु सेवा मंडल मनेन्द्रगढ़ द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर के उद्घाटन अवसर पर सामाजिक कार्यकर्त्ता राजेश मंगतानी ने व्यक्त किये. इस मौके पर दीपक थावरानी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है इसलिए रक्तदान को महादान कहते हैं, क्योंकि यह दान दूसरों की जिंदगी बचाने के साथ खुद की सेहत दुरुस्त करता है। वहीं बिलासपुर से आये आशीर्वाद ब्लड बैंक के डायरेक्टर केशव बंसल ने बतलाया कि हर वक्त हमारे कार्यकर्त्ता रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर सामाजिक कर्तव्य निभाते रहे हैं। उन्होंने कहा हर समस्या का कुछ न कुछ विकल्प ढूंढ निकाला गया है। लेकिन ब्लड का कोई विकल्प नहीं है। खून की कमी को केवल ब्लड डोनेशन के द्वारा ही पूरा किया जा सकता है।

इसलिए हर सक्षम व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।प्रकाश रोचलानी ने कहा कि जब ब्लड बैंक में रक्त होगा, तभी लोगों की जिंदगी भी बचाई जा सकती है। अजय तल्हानी ने कहा रक्तदान करने से शरीर में उर्जा आती है, नए रक्तकोष बनते हैं, जिससे शरीर में तंदरूस्ती आती है।शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है और ह्रदय रोग, कैंसर जैसे घातक बीमारियों का खतरा कम होता है। शिविर में कुल 28 लोगों ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सिंधु सेवा मंडल , मनेन्द्रगढ़ की तरफ से रक्त दान शिविर का आयोजन प्रातः 10 से 3 बजे तक आयोजित किया गया जिसमें समाज के साथ कई लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

रक्त दान शिविर को बिलासपुर से आशिर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग और मार्गदर्शन में सम्पन्न किया गया.शिविर को सफल बनाने में बिलासपुर से आये आशीर्वाद ब्लड बैंक के डायरेक्टर केशव बंसल और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. रक्त दाताओ में प्रमुख नाम दीपक थावरानी, अजय तल्हानी, किशन गजवानी, प्रकाश रोचलानी, संजय मोटवानी (बिजुरी), संजय गजवानी, आशीष सराफ़ विशाल जग्यासी, अमन कॉल, कविता मंगतानी, राजेश मंगतानी शामिल रहे।

पहुंचकर सभी प्रभावितों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया

पहाड़ी कोरवा परिवारों में महामारी की सूचना प्राप्त होते ही मेडिकल टीम पहुंची ग्राम कुरहाटिपना

- कलेक्टर ने एसडीएम बगीचा को तत्काल प्रभावित ग्रामों में मेडिकल टीम भेजकर सभी प्रभावितों का मेडिकल चेकअप कराने एवं तत्काल उपचार कराने का निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पहाड़ी कोरवा बस्ती कुरहाटिपना में निवासरत पहाड़ी कोरवा परिवारों में महामारी की सूचना प्राप्त होने पर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा ओंकार यादव को तत्काल प्रभावित ग्रामों में मेडिकल टीम भेजकर सभी प्रभावितों का मेडिकल चेकअप कराने एवं तत्काल उपचार कराने का निर्देश दिया गया। परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा के निर्देश पर अविलंब मेडिकल टीम कुरहाटिपना पहुंचकर सभी प्रभावितों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया। मेडिकल टीम को ग्राम में कुल 38 लोग महामारी से प्रभावित मिले जिसमें से 20 मरीजों में दाद खाज खुजली की शिकायत पायी गयी तथा शेष 18 मरीजों में अन्य प्रकार की बीमारियां पायी गयीं।

ग्रामवासियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कम जल बहाव झरिया में नहाने से दाद खाज खुजली होना बताया गया। मेडिकल टीम द्वारा सभी ग्रामवासियों को कम बहाव झरिया में स्नान नहीं करने की सलाह दी गयी साथ ही सभी प्रभावितों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर आवश्यक दवाएं स्थल पर ही प्रदाय की गयी । मेडिकल टीम को द्वारा अगले तीन दिवस तक सभी प्रभावितों का सुबह शाम लगातार स्वास्थ्य परीक्षण जारी रखने का निर्देश अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा के द्वारा दिया गया है। मेडिकल टीम द्वारा ग्राम के अन्य घरों में में घर-घर जाकर पूरे बस्ती के लोगों के स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली गयी। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बगीचा द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी बगीचा सुनील लकड़ा को विकास खण्ड के सभी पहाड़ी कोरवा ग्रामों में अगले कुछ दिनों तक लगातार भ्रमण कर सभी पहाड़ी कोरवा परिवारों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त कर प्रभावितों का स्वास्थ्य जांच स्थल पर ही किया जाकर उन्हें आवश्यक उपचार तत्काल उपलब्ध कराने दवाइयां व अन्य आवश्यक सलाह दिये जाने का निर्देश दिया गया है।

दो दिवसीय हास्य योग शुरुआत 10जून से

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com

हास्य योग सेवा समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय हास्य योग का आयोजन किया जा रहा है. आयोजन के मद्देनज़र समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं. उक्ताशय की जानकारी देते हुये हास्य योग सेवा समिति के अध्यक्ष जसवीर सिंह कालरा एवं सचिव डा. आर पी त्रिपाठी ने बताया कि हास्य योग सेवा समिति मनेन्द्रगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हास्य योग गुरु जितेन कोली के सानिध्य में 10 जून सोमवार एवं 11जून मंगलवार 2024 को प्रातः 06:00 से 08:00 बजे तक श्री राम मंदिर मैदान में हास्य योग का आयोजन किया जा रहा है. हास्य योग एक ऐसी विधा है जिसमें व्यक्ति स्वस्थ रहते हुए सानंद जीवन जी सकता है.हास्य द्वारा विश्व शांति की संभावना प्रबल होती है एवं सुखी जीवन का मार्ग प्रशस्त होता है.प्रतिवर्ष मार्च महीने के प्रथम रविवार को अंतरराष्ट्रीय हास्य योग दिवस मनाया जाता है.आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त नागरिक बंधुओ से अनुरोध करते हुये कहा है कि समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय हास्य योग में सम्मिलित होकर हास्य योग को जाने समझे और स्वस्थ लाभ लें. कृपया हास्य योग में समय का विशेष ध्यान रखें।

500-800 करोड़ कमाना चाहता है बॉलीवुड, फिल्में बनाना नहीं

अनुराग कश्यप हमेशा कहानी कहने के बदलते चलन और फिल्म निर्माताओं और कलाकारों के सामने आने वाली चुनौतियों पर अपनी बेबाक राय देते हैं। ह्यूमन्स ऑफ सिनेमा के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, उन्होंने हिंदी फिल्म उद्योग में रचनात्मक संकट पर विचार किया क्योंकि हर कोई 500-800 करोड़ रुपये कमाना चाहता है। फिल्म निर्माता ने बताया कि व्यावसायिक सफलता रचनात्मकता को कैसे प्रभावित करती है और कहा, मैंने अक्सर देखा है कि सफलता जितना जन्म देती है, उससे कहीं अधिक नष्ट कर देती है। जब सैराट ने 100 करोड़ रुपये कमाए, तो मैंने नागराज मंजुले, जो मेरे दोस्त हैं, से कहा कि मराठी सिनेमा अब खत्म हो गया है। क्योंकि अब कोई भी कहानी नहीं बताना चाहेगा, वे 100 करोड़ रुपये कमाना चाहेंगे। उन्होंने यह भी कहा, हमारे हिंदी फिल्म उद्योग के साथ समस्या यह है कि वे अब 500 से 800 करोड़ रुपये कमाना चाहते हैं, फिल्में बनाना नहीं। इसके लिए, आपको सबसे पहले अपनी फिल्मों को कमज़ोर करना होगा, अपनी कहानी का त्याग करना होगा। और ऐसा नहीं है कि यह कोई मूल आवाज़ है; सभी एक फ़ॉर्मूले का पालन करते हैं और एक-दूसरे की नकल करते हैं। अब हर कोई अखिल भारतीय चलन की नकल कर रहा है। अगर आप 10 अखिल भारतीय फिल्में देखें, तो सभी एक जैसी दिखेंगी। इससे उद्योग के स्वास्थ्य को कभी कोई फ़ायदा नहीं होता क्योंकि फ़िल्में फिर बड़ी संख्या में धमाका करने लगती हैं। एक या दो चलेंगी, फिर हर कोई नकल करेगा, और फिर सब कुछ फ्लॉप हो जाएगा। अनुराग ने कई बॉलीवुड फ़िल्में और वेब शो निर्देशित किए हैं। उनके कुछ उल्लेखनीय कामों में ब्लैक फ़ाइडे, देव डी, नो स्मोकिंग, गुलाल, गैंग्स ऑफ़ वासेपुर, मुक्केबाज़, सेक्रेड गेम्स और मनमर्जियाँ शामिल हैं। उनकी आने वाली फ़िल्म कैनेडी को 2023 में कान फ़िल्म फ़ेस्टिवल में दिखाया गया था। इस नियो-नोयर थ्रिलर में राहुल भट, सनी लियोन, अभिलाष थपलियाल, मोहित तकलकर और अन्य प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फ़िल्म निर्माता ने फ़िल्म कंपेनियन के साथ एक साक्षात्कार में कान के अनुभव के बारे में बात की थी और बताया था, कान में अपनी फ़िल्म को दुनिया को दिखाना हमेशा खास होता है और ग्रैंड थिएटर लुमियर में खेलना जीवन भर का पल होता है। कैनेडी मेरे लिए बहुत ख़ास फ़िल्म है और बेहद निजी भी। हमने इस फ़िल्म को बनाने में अपना दिल और आत्मा लगा दी है। दर्शकों की 7 मिनट की लंबी तालियों ने मुझे कृतज्ञता से भर दिया है। मैं बहुत आभारी और उत्साहित हूँ। अनुराग अगली बार विजय सेतुपति की तमिल क्राइम एक्शन-थ्रिलर महाराजा में एक नकारात्मक भूमिका में नजर आएंगे।

मुंज्या की शरवरी वाघ बनेंगी डायरेक्टर? आउटसाइडर से एक्ट्रेस बनने का सफर

शरवरी वाघ को मुंज्या में देखा जाएगा। बंटी और बबली 2 से डेब्यू करने के बाद ये उनकी दूसरी फिल्म है। इसके अलावा वो आमिर खान के बेटे जुनैद की पहली फिल्म महाराज में नजर आएंगी। उनके पास वेदा भी है। बंटी और बबली 2 फिल्म से एक्टिंग में डेब्यू करने वाली शरवरी की जर्नी थोड़ी अलग रही। फिल्मों का ऑफर नहीं मिला तो डायरेक्टर से सेट पर काम करने की इजाजत मांग ली। लव रंजन और संजय लीला भंसाली की असिस्टेंट बन गईं। जब सिनेमा से जुड़ी बारीकियां सीख लीं, तब पर्दे पर एक्टिंग का हुनर दिखाया। मराठी परिवार से ताल्लुक रखने वाली शरवरी आउटसाइडर थीं, लेकिन आज काबिलियत के दम पर जल्द ही दिनेश विजान और अमर कौशिक की हॉरर कॉमेडी मूवी मुंज्या में नजर आने वाली हैं।

असिस्टेंट डायरेक्टर होने का फायदा एक्टिंग करियर में मिला?

मैंने कभी भी फिल्मों को बनते नहीं देखा था। मेरे घर में फिल्ममेकिंग को लेकर बात नहीं होती। हम लोग इंडस्ट्री से हैं नहीं, तो जब मुझे अभिनेत्री बनना था और मैंने ऑडिशन के लिए जाना शुरू किया, तब मैंने एक निर्देशक से पूछा था कि क्या मैं सेट पर आ सकती हूं। मैं फिल्ममेकिंग की प्रक्रिया से गुजरना चाहती थी और मैं उनकी असिस्टेंट बन गई। उस जर्नी से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। इससे पहले तक मुझे क्लैप या मार्क जैसी चीजों के बारे में पता नहीं था। मैं नई थी। मैंने फिल्म निर्माण की बारीकियों के बारे में जाना। उसके बाद बाजीराव मस्तानी में मैंने संजय सर (संजय लीला भंसाली) को असिस्ट किया। तो सहायक निर्देशक बनना मेरे लिए फायदेमंद ही रहा।

तो क्या भविष्य में निर्देशक बनने का प्लान है?

मैं हमेशा से ऐक्ट्रेस बनना चाहती थी और अभिनय को समझने के लिए मैं असिस्टेंट बनी थी। आप जब ऑडिशन के दौर से गुजर रहे होते हैं तो आपको हमेशा काम नहीं मिलता। कई बार अच्छे रोल पाने के लिए आपको लंबा इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में ये ट्रेनिंग आपके बहुत काम आती है। मेरे पास जब इंट्रेस्टिंग भूमिकाएं नहीं आ रही थीं, तब मैंने कई विज्ञापन फिल्मों में काम किया।

मुंज्या के हीरो संग कर चुकी हैं विज्ञापन में काम

उन्होंने कहा, दिलचस्प बात ये है कि मुंज्या के मेरे हीरो अभय वर्मा और मैं सालों पहले एक एड में साथ काम कर चुके हैं और देखिए, आज हम बतौर नायक-नायिका आपके सामने हैं। मुझे लगता है कि एक लड़की होने के नाते मैंने अपने सफर से बहुत कुछ सीखा है।

क्या आप भूत-प्रेत में मानती हैं?

शैतान का तो मुझे पता नहीं, मगर मैं भगवान में जरूर यकीन करती हूं। मैं हॉरर फिल्मों से बहुत डरती हूं तो इसका मतलब यही है कि कहीं न कहीं हॉरर में यकीन करती हूं। मैं आपको बता दूं कि मुंज्या एक दंतकथा है। हमारे इंडियन कल्चर से जुड़ी है, खास तौर पर महाराष्ट्र में यह दंतकथा काफी प्रचलित है। बचपन से ही ये कहावत सुनी है कि खाना खा लो वरना मुंज्या आ जाएगा। मैं महाराष्ट्रियन हूं और मोरगांव से हूं और ये कहानी मैंने भी सुनी है कि मुंज्या उस भूत को कहा जाता है, जिसकी दस साल की उम्र में मुन्नी से शादी करने की अधूरी ख्वाहिश के साथ मौत हो गई थी। मुंज्या हमारे यहां एक थ्रेड सेरेमनी भी होती है, जिसे मुंज्य कहा जाता है। मेरे भाई की थ्रेड सेरेमनी के तुरंत बाद मुझे इस फिल्म का प्रस्ताव मिला, तो मुझे लगा कि ये कुदरत का कोई इशारा है जो इस फिल्म में काम करने का मुझे मौका मिल रहा है।



जल्द आएगी कंगना की इमरजेंसी, विस्तार से दिखाई जाएगी इंदिरा गांधी की हत्या की घटना

चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर गुरुवार दोपहर को सीआईएसएफ की महिला कांस्टेबल ने बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश की मंडी संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद कंगना रणौत के साथ अभद्रता की और उन्हें थप्पड़ मारा। इस घटना के बाद तमाम लोग अभिनेत्री के समर्थन में आए हैं और सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। मामले में जांच जारी है। इस बीच कंगना ने अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी की रिलीज पर अपडेट दिया है। उन्होंने कहा है कि वे जल्द ही यह फिल्म रिलीज करने वाली हैं। इसमें पीएम इंदिरा गांधी की हत्या की घटना को विस्तार से दिखाया जाएगा। कंगना रणौत ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर आज एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने लिखा है कि फिल्म इमरजेंसी जल्द आएगी। अभिनेत्री ने लिखा है, फिल्म इमरजेंसी जल्द आएगी, यह दिखाने के लिए कि एक निहत्थी वरिष्ठ महिला की उन्हीं के घर के अंदर हत्या कर दी गई। हत्या वर्दीधारी उन्हीं लोगों ने की, जिन पर उन्हें अपनी सुरक्षा के मामले में सबसे ज्यादा भरोसा था। कंगना ने आगे लिखा है, 35 गोलियों से एक बुजुर्ग महिला को छलनी करके हत्या कर दी गई। खलिस्तानियों की बहादुरी की इस कहानी को जल्द सामने लाया जाएगा। बता दें कि कंगना रणौत की फिल्म इमरजेंसी 14 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे टाल दिया गया। अभी इसकी नई रिलीज डेट का एलान नहीं हुआ है।

नोरा फतेही का अंतर्राष्ट्रीय गाना हुआ रिलीज

नोरा फतेही का नया गाना रिलीज हो चुका है। फोटो के साथ नोरा ने कैप्शन में लिखा, मेरे दिमाग में युद्ध चल रहे हैं। नोरा फतेही का बहुप्रतीक्षित अंतर्राष्ट्रीय गाना नोरा आज शाम को रिलीज हुआ। इस गाने में नोरा अलग-अलग स्टाइल में नजर आई अब्दरराफिया एलाब्डीओई द्वारा निर्देशित इस गाने को मोरक्को में फिल्माया गया है।

गलत एंगल से तस्वीरें लेने पर पैपराजी पर भड़कीं मोना सिंह पैपराजी द्वारा

अभिनेत्रियों की गलत एंगल से तस्वीरें और वीडियो निकालने पर अब अभिनेत्रियां मुखर होकर बोलने लगी हैं। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने इसकी निंदा की है। हाल ही में एक अभिनेत्री मोना सिंह और नेहा शर्मा ने इसे परेशान करने वाला बताया। एक साक्षात्कार में मोना सिंह ने बिना इजाजत के अभिनेत्रियों की तस्वीरें और वीडियो निकालने और गलत एंगल से जूम करने को लेकर पैपराजी की निंदा की है।

क्या पैपराजी पुरुषों को गलत एंगल से जूम करेंगे?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साक्षात्कार के दौरान अभिनेत्री ने कवरेज में परेशान करने वाले दोहरे मानकों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपमान का सामना करना पड़ता है, जबकि पुरुषों के साथ ऐसा नहीं है। अभिनेत्री ने कहा, 'पैपराजी अनुचित तरीके से महिलाओं के शरीर पर लोगों का ध्यान केंद्रित करते रहते हैं। क्या वे चलते समय किसी पुरुष के शरीर के किसी अंग को इस प्रकार जूम करेंगे। नहीं, वे ऐसा नहीं करेंगे। लेकिन वे हर महिला के साथ ऐसा करते हैं।'

हर महिला कलाकार को उठानी चाहिए आवाज

अभिनेत्री मोना सिंह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मुंज्या' के प्रचार-प्रसार में जुटी हैं। उन्होंने पैपराजी को द्वारा अपनी कवरेज सनसनीखेज बनाने के लिए 'वार्डरोब मालफंक्शन' की आशंका जताने पर उनकी जमकर आलोचना की है। उन्होंने कहा, 'चाहे आप किसी कार्यक्रम में शामिल हों या किसी पुरस्कार समारोह में, आप खुद के इस तरह के वीडियो देखते रहते हैं। मुझे लगता है कि हर महिला कलाकार को इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए।'

नहीं बनेगा बजरंगी भाईजान का सीक्वल! कबीर खान ने बताया क्यों आगे नहीं बढ़ेगी कहानी...

साल 2015 में रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान ने दर्शकों के दिलों में अपनी जगह पक्की कर ली थी। कबीर खान के डायरेक्शन में बनी सलमान खान की इस फिल्म ने अपनी मार्मिक कहानी से लोगों के दिलों पर राज किया था। इसे दर्शकों और आलोचकों से बहुत तारीफ मिली थी। रिलीज के बाद से ही दर्शक इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं।

हाल ही में कबीर खान ने बजरंगी भाईजान 2 के सीक्वल को लेकर अपनी प्लानिंग के बारे में खुलासा किया है। कनेक्ट सिने के साथ एक इंटरव्यू में, कबीर खान ने कहा कि बजरंगी वास्तव में एक बड़ा कैरेक्टर है, वह अक्सर दर्शकों से सुनते हैं कि वे उन्हें बड़े पर्दे पर फिर से देखना चाहते हैं। कबीर खान ने कहा कि पहली फिल्म मुन्नी (हर्षाली मल्होत्रा) के इर्द-गिर्द घूम रही थी, वो पार्ट कंप्लीट होते ही फिल्म खत्म हो गई।

अभी नहीं है कोई तैयारी

फिल्ममेकर ने शेयर किया कि कहानी को आगे बढ़ाने के कई दिलचस्प तरीके हैं। उन्होंने कहा, अगर आप मुझसे पूछें कि अभी कुछ है स्क्रिप्ट के लेवल पर, तो नहीं। सोच रहे हैं कि बजरंगी को आगे बढ़ाने के कई दिलचस्प तरीके भी हैं।

सलमान खान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी पर हो सकती है फिल्म

कबीर खान ने यह भी कहा कि स्क्रिप्ट तैयार नहीं है, लेकिन उनके पास काम करने के लिए कुछ दिलचस्प विचार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई फिल्म सलमान खान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के निभाए गए रोल्स बजरंगी और चांद नवाब की हो सकती है।

आयकर विभाग के अधिकारी बनकर भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग छेड़ेंगे अजय देवगन रेड 2 की शूटिंग हुई खत्म

अजय देवगन 2024 के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में से एक हैं। उनकी कई फिल्में इस साल बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली हैं। अभिनेता की जिन फिल्मों की चर्चा इन दिनों सबसे अधिक हो रही है उसमें रेड 2 का नाम भी शामिल है। यह साल 2018 में आई रेड का सीक्वल है। इसमें अजय देवनग आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। लगातार हो रही चर्चाओं के बीच इस फिल्म पर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अजय देवगन, रितेश देशमुख और वाणी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। रिपोर्ट में बताया गया है कि सभी कलाकारों ने पिछले महीने यानी 10 मई को ही इस क्राइम थ्रिलर की शूटिंग पूरी कर ली थी।

इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार रेड 2 की शूटिंग व्यापक रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान में की गई है। अजय और रितेश ने मुंबई में अपना पहला शेड्यूल शुरू किया था और इसके एक हफ्ते के बाद वे लखनऊ चले गए थे, जहां इसाबेला थोबर्न कॉलेज और ला मार्टिनियर कॉलेज में एक महीने तक दोनों ने शूटिंग की। इसके बाद जोधपुर के मेहरानगढ़ किले और खिमसर सैंड ड्यून्स जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर रेड 2 का फिल्मांकन किया गया। फिलहाल, यह फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। इस साल अजय देवगन की अब तक दो फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। सबसे पहले उन्हें शैतान में देखा गया था। यह फिल्म टिकट खिड़की पर अच्छी कमाई करने में भी सफल रही थी। इसके बाद वह फिल्म मैदान में फुटबॉल कोच की भूमिका में दिखे थे।



तालाब सफाई के लिए विधायक व आयुक्त ने बढ़ाया हाथ, पौधे भी लगाए

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कल्याणी मंदिर शीतला तालाब की सफाई करने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, आयुक्त मोनिका वर्मा ने श्रमदान किया। तालाब के भीतर फैली गंदगी को साफ कर जलीय पौध को बाहर निकाला। 'कैच द रैन' अभियान में निगम कर्मचारियों समेत 150 से अधिक आम लोगों ने सफाई के लिए श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि हमारे क्षेत्र में तालाबों की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। खासकर निस्तारी वाले तालाब की। लोग जल संग्रहण के महत्व को नहीं समझ रहे है। तालाब को बचाने और सहेजने की आवश्यकता है। यह कार्य जन सहभागिता के बिना पूर्ण नहीं हो सकता। तालाबों को स्वच्छ रखने और तालाब को सहेजने विधायक ललित ने आम नागरिकों से अपील की। शनिवार को सुबह 7 बजे दुर्ग ग्रामीण विधायक की अगुवाई में कैच द रैन अभियान की सफाई की गई। पहले जलीय पौध और घास को बाहर निकाला गया। इसके बाद श्रृंखला बनाकर तालाब से निकले पौध व कचरा को हटाया गया। इस अवसर पर निगम सभापति केशव बंछोर, एमआईसी अनुप डे, वार्ड पार्षद विलास राव बोरकर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, विधि यादव, रमा साहू, सविता ढवस, खिलेन्द्र चंद्राकर, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, संजु नेताम, टीकम साहू, डोमनलाल बारले, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे आदि उपस्थित थे।

निगम क्षेत्र में तालाब को संवारने पहली बार इतने सारे लोग एकत्र हुए थे। स्वेच्छा से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर व आयुक्त मोनिका वर्मा ने काटा लेकर घाट के आस पास उगे जलीय पौध को निकाला। वहीं पार्षद विधि यादव ने तालाब के भीतर 4 फीट गहराई से जलीय पौध को निकालकर सफाई की। पहले दिन तालाब में बने घाट के आस पास की सफाई की गई। आयुक्त मोनिका वर्मा ने जन स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि एक दिन में सफाई कार्य पूर्ण नहीं होगा। विभाग के कर्मचारी तालाब सफाई पूर्ण रूप से करे। हर रोज रूटिन वर्क से अलग होकर कर्मी तालाब सफाई कार्य को पूर्ण करे। कैच द रैन अभियान के तहत तालाब किनारे पौध रोपण भी किया गया। विधायक ललित ने नीम व आयुक्त मोनिका वर्मा ने जामुन का पौधा लगाया। इसके अलावा सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर व रिसाली मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे ने फलदार पौध रोपा।

रायपुर में गरजे बादल, इन जिलों में जारी हुआ येलो अलर्ट

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

सूर्य की तपिश से राहत दिलाने छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री हो चुकी है। सामान्य तौर पर मानसून प्रदेश में 10 जून तक आता है। इस बार समय से पहले मानसून पहुंचा है। 8 जून को दक्षिण पश्चिम मानसून सुकमा के रास्ते प्रदेश में पहुंचा है। मानसून के आते ही बस्तर के कई इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। राजधानी रायपुर में भी मानसून पहुंचने के संकेत मिल चुके हैं।

मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के कुछ इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। रायपुर की बात करें तो रविवार शाम तेज हवा और गरज-चमक के साथ रिमझिम फुहार पड़ी। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत मिल सकती है। इस बार मानसून के समय से पहले पहुंचने पर प्रदेश में औसत से ज्यादा बारिश होने की उम्मीद जताई जा रही है। मौसम विभाग ने रविवार को रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और बस्तर संभाग के जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। आने वाले 24 घंटे में प्रदेश के तापमान में बदलाव देखने को मिलेगा। रायपुर, बस्तर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग में आने वाले 2 दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को छत्तीसगढ़ के ज्यादातर जिलों में तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच रहा। राजधानी रायपुर में दिन का तापमान 40.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम था। तो वहीं जगदलपुर में तापमान 34.2 , बिलासपुर में 41.6, अंबिकापुर में 40, दुर्ग में 40.02, और राजनांदगांव में 40 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया है। रविवार को को रायपुर में दिन के वक्त गर्मी रही, शाम होते-होते मौसम सुहाना हुआ और गर्मी से लोगों को राहत मिली, हल्की बौछारें भी पड़ सकती हैं।

रक्त वाहिका में अल्कोहल इंजेक्ट कर नियंत्रित हार्ट अटैक किया और बचायी मरीज की जान

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) में हाइपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी की बीमारी से ग्रस्त, 32 वर्षीय युवक को अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन प्रक्रिया कर नई ज़िंदगी दी गई। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए इस इंटरवेंशनल उपचार प्रक्रिया में मरीज ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी एक वंशानुगत स्थिति है जिसमें दिल की मांसपेशी असामान्य रूप से मोटी हो जाती है। दिल की मांसपेशी मोटी हो जाने की वजह से दिल के लिए खून पंप करना कठिन हो जाता है। आमतौर पर इस रोग का पता चल नहीं पाता। ऐसी स्थिति वाले ज्यादातर लोगों में कोई लक्षण नहीं होते। कुछ लोगों को सांस फूलना, सीने में दर्द या दिल की असामान्य धड़कन जैसी समस्याएं हो सकती है। अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन हाइपर ट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी के इलाज के लिए एक नॉन-सर्जिकल प्रक्रिया है। अल्कोहल सेप्टल एब्लेशन कैथेटर के सहारे की जाने वाली प्रक्रिया है। कैथेटर के सिरे पर एक गुब्बारा होता है। तकनीक कोरोनरी एंजियोप्लास्टी के समान है जिसमें फ्लोरोस्कोपिक (एक्स-रे) और इकोकार्डियोग्राफिक (अल्ट्रासाउंड) मार्गदर्शन के तहत धमनी में शुद्ध की हृदय की नसों में शुद्ध अल्कोहल की कुछ मात्रा को इंजेक्ट कर दिल में कृत्रिम लेकिन नियंत्रित हार्ट अटैक किया गया। डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार, हाइपर अल्कोहल की एक छोटी मात्रा को डाला जाता है। अल्कोहल दिल की कुछ मांसपेशियों की कोशिकाओं को सिकोड़ देता है जिससे दिल से होकर शरीर में रक्त का प्रवाह बेहतर होता है। प्रोसीजर के बाद बलून को शरीर से बाहर निकाल देते हैं।

नजूल शिविर में की गई 79 हजार 161 रुपए वसूली

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार धमतरी नगर क्षेत्र के अंतर्गत नजूल प्रकरण नजूल भू-भाटक, पर्यावरण उपकर, अधोसंरचना उपकर, पिछला बकाया व अर्थदण्ड की राशि की वसूली/नजूल से संबंधित आरआरसी की वसूली अन्य विविध वसूली के लिए प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। नजूल अधिकारी ने बताया कि आज पुराना मंडी सुंदरगंज वार्ड में आयोजित शिविर में कुल 1 लाख 19 हजार 717 रूपये की वसूली की जानी थी, जिसमें से 79 हजार 161 रुपए की वसूली की गई। इसमें से 58 हजार 905 रूपये राशि में और 20 हजार 256 रूपये चालान के माध्यम से मिला। इसी तरह 40 हजार 556 रुपए पटाने के लिए शिविर अवधि तक समय लिया गया। इसके अलावा शिविर में नवीनीकरण के 3505 और भूभाटक के 3786 तथा फ्री होल्ड के 72 प्रकरण प्राप्त हुए। गौरतलब है कि आज आयोजित शिविर में हटकेशर वार्ड, शीतलापारा, लालबगीचा, सुभाषनगर, सुंदरगंज, नवागांव और मकेश्वर वार्ड के निवासी शामिल हुए। बता दें कि अगले शुक्रवार 14 जून को इण्डोर स्टेडियम धमतरी में नजूल शिविर लगेगा। इस शिविर में पोस्ट ऑफिस वार्ड, मराठापारा, अम्बेडकर, नयापारा, रामसागरपारा, डाकबंगला, सोरिदभाट, जोधापुर, विवेकानन्द नगर, रिसाईपारा पश्चिम वार्ड, टिकरापारा और रिसाईपारा पूर्व वार्ड के लोग सम्मिलित होंगे।

रायपुर रेल मंडल में चलाया जा रहा समपार फाटक जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा समपार फाटक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 8 जून को संरक्षा अधिकारियों, संरक्षा सलाहकारों और सिविल डिफेंस वोलंटियरों ने दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, अभनपुर, केंद्री, निपनिया, गुंडरदेही, हथबंद और तिल्दा सहित 8 स्टेशनों और विभिन्न समपार फाटकों जैसे केंद्री गेट, निपनिया, खपरी, सिकोसा, जुनवानी गेट, हथबंद यार्ड और तिल्दा यार्ड में लोगों को जागरूक किया। अभियान के दौरान, निपनिया, तिल्दा और हथबंद बाजार और रायपुर-बिलासपुर मेमु ट्रेन में जाकर लोगों को पंपलेट वितरित किए गए, स्टीकर चिपकाए गए और बैनर लगाए गए। साथ ही, समपार फाटक को सही तरीके से पार करने और इससे संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सुपरवाइजर और 30 संरक्षा सलाहकारों एवं सिविल डिफेंस वोलंटियरों द्वारा 772 पंपलेट वितरित किए गए और कुल लगभग 1580 लोगों की काउंसलिंग की गई। इस अवसर पर, रायपुर मंडल के दुर्ग और भिलाई पावर हाउस में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा, विभिन्न स्टेशनों में ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य जनता को समपार फाटकों के सुरक्षित उपयोग के प्रति सचेत करना और रेलवे दुर्घटनाओं को रोकना है।

FIITJEE के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

जहाँ जीतना एक आदत बन गई है, वहीं FIITJEE को JEE एडवांस्ड 2024 में अपने छात्रों की शानदार सफलता कीघोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत का प्रमुख कोचिंग संस्थान, FIITJEE, JEE एडवांस्ड 2024 में देश भर में अपने छात्रों के उल्लेखनीयप्रदर्शन का जश्न मना रहा है। परिणाम न केवल उनकी असाधारण शैक्षणिकउपलब्धियों को उजागर करते हैं, बल्कि FIITJEE के तनाव-मुक्त और समग्रदृष्टिकोण की प्रभावशीलता को भी प्रमाणित करते हैं, जो उनके मूल्यप्रणाली, नैतिकता और अद्वितीय शिक्षण पद्धति द्वारा संचालित है। छात्रोंऔर शिक्षकों दोनों की कड़ी मेहनत ने लगातार उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं औरयह लगातार 28वां वर्ष है जब संस्थान ने JEE एडवांस्ड में सफलता हासिलकी है। फिटजी सभी सफल छात्रों को उनके उत्कृष्ट परिणामों के लिए बधाई देता हैऔर उनके आईआईटी सफर और जीवन में अपार सफलता की कामनाकरता है। फिटजी के दो वर्षीय लाइव इंटरएक्टिव ऑनलाइन क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र वेद लाहोटी ने जेईई एडवांस्ड 2024 में 355/360 स्कोर केसाथ AIR v हासिल किया। फिटजी पंजाबी बाग सेंटर के चार वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र आदित्यने अखिल भारतीय रैंक 2 हासिल की और उन्हें जेईई एडवांस्ड 2024 मेंदिल्ली एनसीआर टॉपर घोषित किया गया। उन्होंने जेईई एडवांस्ड 2024 में346/360 अंक प्राप्त किए हैं। आदित्य ने जेईई मेन 2024 में कुल 99.99 एनटीए स्कोर के साथ एआईआर185 हासिल किया है। आदित्य ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और कक्षाXII सीबीएसई बोर्ड में 95.8त्न अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने मई 2023 में एशियाई भौतिकी ओलंपियाड के पहले चरणमें रजत पदक जीता और जून 2024 में, बाद में उन्हें एशियाई भौतिकीओलंपियाड के अंतिम चरण में मलेशिया में भारत का प्रतिनिधित्वकरने के लिए चुना गया। उन्होंने मार्च 2023 और दिसंबर 2021 में क्रमशःअंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड और IJSO में स्वर्ण पदक जीते।जब आदित्य दसवीं कक्षा में थे, तो उन्होंने अप्रैल 2021 में INMO क्वालिफाई किया और मई 2021 में MVPP में दिल्ली स्टेट टॉपर भी घोषितकिए गए। उन्होंने दिसंबर 2021 में IJSO में भी स्वर्ण पदक जीता।

मगरलोड पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करने वाले की विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com

7 जून को ग्राम राजाडेरा जामपानी नाला के पास में अवैध कच्ची महुआ शराब बिकी हेतु रखे होने की मुखबिर सूचना पर कार्यवाही कर आरोपी गोपाल ध्रुव पिता मेहत्तरू ध्रुव उम्र 42 वर्ष साकिन ग्राम रेंगाडीह थाना मगरलोड के कब्जे से 04 नग सफेद प्लास्टिक जरीकेन में प्रत्येक में 10-10 लीटर कुल 40 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 8000. रूपये को जब्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जगत,सउनि अजय बनारसी,आरक्षक धर्मेन्द्र सोरी, अजय गिरी, विमल पटेल, गोविंदा घृतलहरे, सैनिक महेश सिन्हा,राधे बंजारे, भेष सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस में एक एसी-3 कोच की सुविधा

रायपुर । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 22867/22868 दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में एक एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस में 11 व 14 जून को तथा गाड़ी संख्या 22868 निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में 12 व 15 जून को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध भिलाई इस्पात संयंत्र ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा संपदा न्यायालय के डिक्री आदेश क्रमांक-44/2021 का अनुपालन करते हुए 8 जून को कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल के उपस्थिति में रिसाली सेक्टर में अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। की गई कार्यवाही के तहत 115ए, रिसाली सेक्टर में पिछले दस वर्षो से निवासरत अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध बेदखली अभियान चलाया गया। बीएसपी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित आवास को जेसीबी द्वारा तोड़ा गया। इस क्षेत्र में निवासरत अवैध कब्जाधारियों को कई बार समझाइश दिया गया तथा संपदा न्यायालय द्वारा भी उन्हें तत्काल आवास खाली करने की हिदायत भी दी गई थी। परंतु इन कब्जाधारियों ने हठपूर्वक बीएसपी भूमि पर निर्मित आवास को खाली नहीं किया। इन कब्जाधारियों पर आज 08 जून को कार्यवाही करते हुए बीएसपी आवास को कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल की उपस्थिति में सील किया गया। नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा कब्जाधारियों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही में स्थानीय पार्षद तथा कब्जाधारी द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया गया। पुलिस टी आई राजकुमार लहरे तथा कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने अवैध कब्जेधारी तथा उनके समर्थकों को सख्त कार्यवाही की चेतावनी दी। कार्यवाही में नगर सेवाए के प्रवर्तन अनुभाग की टीम, पीएचडी विभाग, प्राइवेट गार्ड, महिला श्रमिक, नेवई पुलिस थाना का पुलिस बल, कोतवाली थाना सेक्टर-6 के टी आई राजकुमार लहरे, कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढाल सिंह बिसेन, महिला पुलिस बल, महिला गार्ड, महिला श्रमिक सहित लगभग 125 लोग टीम में सम्मिलित थे।

माइंस ऑफिस कार्यालय के पास स्थित पोस्ट ऑफिस को बंद करने के आदेश अनुचित : श्याम जायसवाल

पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के नेता श्याम जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर माइंस ऑफिस कार्यालय के पास के पोस्ट ऑफिस को बंद करने के आदेश पर नाराजगी जाहिर करते हुए पोस्ट ऑफिस के उच्च अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी अधिकारी कॉंग्रेसी मानसिकता से ग्रसित है उन्हें अपनी मानसिकता बदलनी होगी क्योंकि राज्य में हमारे विष्णुदेव की सरकार है। व केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार है। इसलिए जो भी अधिकारी हमारे सरकार को बदनाम करने मनमानी ढंग से उल्टे सीधे आदेश जारी करेंगे उन्हें गम्भीर परिणाम भुगतने होंगे। श्याम जायसवाल ने सिविक सेंटर स्थिति पोस्ट ऑफिस में बैठने वाले प्रवर अधीक्षक महावर को फोन पर तत्काल पोस्ट ऑफिस को बंद करने के आदेश को वापस लेने व माइंस ऑफिस पर संचालित पोस्ट ऑफिस को बंद नही करने को कहा है साथ ही श्याम जायसवाल ने तत्काल कलेक्टर बालोद व दल्लीराजहरा एस डी एम से भी फोन पर चर्चा कर इस मामले तत्काल हस्तक्षेप करने का निवेदन किया है। जिसमे अधिकारियों ने तत्काल पोस्ट ऑफिस के उच्च अधिकारियों से बात कर इस मामले में सार्थक निर्णय निकालने की बात कही है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि माइंस ऑफिस चौक पर संचालित उप डाकघर लगभग 50 वर्षो से संचालित है। जिससे पुराना बाजार एरिया के लगभग 10 वार्ड के श्रमिकों व आम जनता का जुड़ाव है। जहां लोगो को स्पीडपोस्ट, रजिस्ट्री पोस्ट के साथ ही सुकन्या योजना, आर डी, एफडी , बचत खाता सहित कई योजनाओ का लाभ मिलता हैं। ऐसे में पोस्ट ऑफिस के अधिकारियों ने बिना यहाँ के जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से चर्चा किये सीधे पोस्ट ऑफिस कार्यालय को बंद करने तुगलगी फरमान दे दिया जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नही किया जायेगा। तत्काल पोस्ट ऑफिस के अधिकारी इस आदेश को वापस ले पहले के तरह ही पुनः माइंस ऑफिस कार्यिलय का संचालन करे। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि यदि ये अधिकारी निवेदन से नही माने तो डौंडीलोहारा छाया विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री से मुलाकात कर मुख्यमंत्री से इन अधिकारियों के कॉंग्रेसी मानसिकता से परिचित करते हुए इनकी मनमानी व इनके द्वारा भाजपा सरकार की बदनामी करने की शिकायत कर इन पर कार्यवाही कराई जाएगी।

कई प्रकार के डेयरी प्रोडक्ट्स बनाना सीख रहे है, डेयरी पॉलीटेक्निक बेमेतरा के विद्यार्थी

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक बेमेतरा के द्विवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के डेयरी प्रोडक्ट्स निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। विद्यार्थियों को दूध से पनीर, श्रीखंड, पेड़ा, रबड़ी, खोआ, आईसक्रीम, दही, लस्सी, गुलाबजामुन इत्यादि दुग्ध पदार्थों के व्यवसायिक निर्माण का सघन प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि डिप्लोमा के अंतिम सेमेस्टर में देश के विभिन्न डेयरी संयंत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर वे इस क्षेत्र में पारंगत हो सकें। शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक बेमेतरा में विद्यार्थियों को इस प्रकार प्रशिक्षित किया जाता है कि वे डेयरी क्षेत्र में स्थापित शासकीय, सहकारी एवं प्राइवेट संयंत्रों में रोजगार प्राप्त करनै के साथ ही इस क्षेत्र में स्वयं का व्यवसाय भी प्रारंभ कर सकें। देश के साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में भी तेजी से बढ़ रहे डेयरी उद्योग में स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिये प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से छ.ग. शासन द्वारा दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय, दुर्ग के अंतर्गत बेमेतरा में डेयरी पॉलीटेक्निक की स्थापना की गई है।

नजदीकी ग्राम चोरभट्टी में स्थापित डेयरी पॉलीटेक्निक के द्विवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पी.ई.टी. परीक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जाता है लेकिन सीटें रिक्त होने पर स्थानीय विद्यार्थियों को 12 वीं परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर भी प्रवेश दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि डेयरी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता गणित विषय के साथ बारहवीं परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

HDFC BANK
We understand your world

पंजीकृत कार्यालयः एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई - 400013 और जिसका एक कार्यालयः रिटेल पोर्टफोलियो प्रबंधन, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, I-थिंक टेक्नो कैंपस, कांजुरमार्ग (पूर्व), मुंबई - 400042

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना और सार्वजनिक सूचना।

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड ("बैंक") के नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं को प्रतिभूतियों के खिलाफ ऋण/ओवरड्राफ्ट की रूप में क्रेडिट सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक को बंधक रखी गई प्रतिभूतियों की बिक्री के संबंध में सूचित किया जाता है।

सहमत ऋण शर्तों के अनुसार बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में उधारकर्ताओं द्वारा लगातार चूक के कारण, नीचे दिए गए ऋण खाते बकाया की स्थिति में हैं। बैंक ने इन उधारकर्ताओं को कई नोटिस जारी किए हैं, जिसमें नीचे दी गई तारीख पर अंतिम बिक्री नोटिस भी शामिल है, जिसके तहत बैंक ने प्रतिज्ञा लागू की थी और उधारकर्ता को नीचे दिए गए खातों में संपूर्ण बकाया राशि चुकाने के लिए 7 दिनों का समय प्रदान किया था, ऐसा न करने पर, बैंक इस संबंध में कोई और नोटिस जारी किए बिना बंधक रखी गई प्रतिभूतियों को बेचने के लिए स्वतंत्र होगा।

उधारकर्ताओं ने उपेक्षा की है और उचित भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए, बैंक ने गिरवीदार के रूप में ऋण समझौते के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ताओं द्वारा बैंक को दिए गए बकाया की वसूली के लिए 17 जून, 2024 को या उसके बाद प्रतिभूतियों को बेचने/निपटाने का निर्णय लिया है। उधारकर्ताओं को यह भी सूचित किया जाता है कि, यदि किसी भी समय, शेयर बाजार में अस्थिरता के कारण मार्जिन आवश्यकता में और कमी पैदा करने के लिए बंधक रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य गिर जाता है, तो बैंक अपने विवेक से बंधक रखी गई सुरक्षा को इस संबंध में किसी भी नोटिस के बिना एक (1) कैलेंडर दिन के भीतर बेच देगा। बंधक प्रतिभूतियों की बिक्री से प्राप्त आय के समायोजन के बाद, उधारकर्ता किसी भी शेष बकाया राशि के पुनर्भुगतान के लिए बैंक के प्रति उत्तरदायी रहेगा।

क्र. सं.	ऋण खाता नं.	कर्जदार का नाम	दिनांक 05.06.2024 तक कुल बकाया राशि	बिक्री सूचना की तिथि
1	XXXX8456	नीलू सिंह सेंगर	1,13,191.28	20.05.2024
2	XXXX8962	कृष्ण कुमार सिंह	3,88,203.20	30.05.2024
3	XXXX3742	रमेश कुमार केशी	2,53,732.48	22.05.2024

दिनांकः 10.06.2024
स्थानः छत्तीसगढ़
हस्ता/-
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण संचालित, शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला समग्र शिक्षा रायगढ़ के मार्गदर्शन में विकासखंड रायगढ़ में 125 बालवाड़ी केंद्र के शिक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण विकासखंड के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 3 वर्ष से लेकर 6 वर्ष तक बच्चों को खेल के माध्यम से पठन पाठन व बिना दबाव के शिक्षा देना तथा बालवाड़ी के बच्चों को दो अक्षरों के शब्द बनाना तथा 1 से 9 तक सीधी गिनती व उल्टी गिनती सीखाना है। अपने दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं को स्वयं समाधान करने की तथा बच्चों को कैसे स्वस्थ रखा जाए और स्वस्थ मस्तिष्क में कैसे अच्छा विकास होगा इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण में बालबाडी केंद्रों में अध्यनरत बच्चों को स्कूल जाने से पूर्व किस प्रकार से तैयार किया जाए तथा उन्हें स्कूल जाने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण शाला प्रारंभ होने के पूर्व दिया जा रहा है।

प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स दे रहे प्रशिक्षण

प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स, विभिन्न केन्द्रों से आए शिक्षक तथा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को गीत, कहानी, अभिनय तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अध्यापन सीखने के तरीके बतलाये जा रहे हैं। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस विकासखंड स्त्रोत केंद्र मनोज अग्रवाल ने विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में जाकर प्रशिक्षण संचालन का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण के उद्देश्य तथा भविष्य में नई शिक्षा नीति के तहत किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया।

प्रशिक्षण का लाभ लेने की बात कही

संकुल समन्वयक राजकमल पटेल के द्वारा भी उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को संबोधित कर प्रशिक्षण का पूरा लाभ लेने तथा केंद्र में जाकर प्राप्त प्रशिक्षण अनुसार गतिविधि आधारित शिक्षण करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण संचालन में संकुल समन्वयक विनोद कुमार सिंह, मनोज कुमार गुप्ता, चेतन कुमार चैधरी, जानेश्वर खरे, विकास पटेल, खगेश्वर साहू, सुशील कुमार चैहान तथा मास्टर ट्रेनर सुश्री सुशीला साहू, शकुंतला सहश, सजीत पंडा, लता महंत, शिव कुमारी कंवर, नित्यानंद डनसेना, जानकी पटेल, वीरेंद्र चैहान आदि मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

मौसम का मिजाज बदलने से दिन में बादलों की आवाजाही लगी रही, हवा के साथ बूंदाबांदी के साथ बारिश हुई शुरू

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



नौतपा के बाद से शहर सहित जिले में पड़ रही भीषण गर्मी से शनिवार को थोड़ी राहत मिली। मौसम का मिजाज बदलने से दिन में बादलों की आवाजाही लगी रही और शाम को हवा के साथ बूंदाबांदी के साथ बारिश शुरू हुई, जो शाम में 6.45 तक होते रही। तेज बारिश ने पूरे क्षेत्र को भिगो दिया। अचानक हुई बारिश से लोग एक ओर जहां पर जगह मिले वही पर रूक गये। मानसून के पूर्व हो रही बारिश के बाद मानसून के आगमन को लेकर किसान फसल लेने की तैयारी में जुट गये है। आज करीब 15 से 20 मिनट हुई बारिश ने भीषण गर्मी और तपिश से झुलस रहे लोगों को बड़ी राहत दी है। शनिवार को सुबह से खिली चटख धूप और करीब 41.1 डिग्री तापमान के बीच दोहपर बाद अचानक मौसम में आए बदलाव के बाद करीब 15 से 20 मिनट तक हल्की तेज बारिश होने से लोगों को मानो अमृत मिल गया हो। यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते कई दिनो से भीषण गर्मी और आग उगलते सूरज की जलन से लोग हलाकान थे। इस साल मई के अंतिम सप्ताह से पड़ रही गर्मी में हालात इतने बदतर हो चले हैं कि सुबह भोर फटते ही लोगों को आग उगलते भगवान भास्कर की मार झेलनी पड़ रही है। जिसके चलते दोपहर होते ही लोग अपने घरों में कैद हो रहे है और शहर की सड़कों में सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। गर्मी और धूप से बचने के तमाम उपायों के बावजूद न तो दिन को चैन मिल पा रहा है और न ही रात में आराम। ऐसी हालत में शीतल छाया और ठंडी हवाओं का बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों को शनिवार को मौसम ने भरपूर सुकून पहुंचाया है। हालांकि यह क्षणिक सुकून या फिर मानसून की आहट कुछ कहा नहीं जाता। लेकिन जानकारों की माने तो यह फिलहाल क्षणि सुकून ही है। माना जा रहा है कि अगर बुधवार को रोज की तरफ भगवान भास्कर अपने पूरे वेग के साथ उदय हुए तो लोगों को और भी ज्यादा भीषण गर्मी और उसके साथ उमस की मार झेलनी पड़ सकती है। हालांकि जानकार यह भी मान रहे है कि जिस ढंग से अंचल के मौसम में बदलाव देखे गये हैं उससे साफकि अब ग्रीष्म ऋतु की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है और अब जल्द ही लोगों को भीषण गर्मी से मुक्ति मिल सकती है। गर्म हवाओं के प्रभाव से पूरा जिला झुलस रहा है। अनुकूल स्थिति बनने से कुछ दिनों पूर्व प्री-मानसूनी बारिश की उम्मीद लगाई जा रही थी ।

मोड़ पर बस से टकराई बाईक, तीन युवकों की मौत, लैलूंगा थाना क्षेत्र की घटना

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

लैलूंगा थाना क्षेत्र अंर्तगत एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जिसमें बाईक सवार तीन युवक मोड़ पर ओवरटेक करने की वजह से बस से टकरा गए और दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। वहीं तीसरे युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मामले में पुलिस आगे की जांच में जूट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक जशपुर जिला के कोतबा थाना क्षेत्र के मधुबन में रहने वाले तीन युवक किसी काम से रायगढ़ की ओर जा रहे थे। तभी सुबह करीब दस बजे बाईक को तेज गति से चलाते हुए गोसाईडीह आंगेकेला मोड़ के पास मोड़ पर ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रही बस से टकरा गए। इससे मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई। घटना के बाद तत्काल एक घायल युवक को लैलूंगा अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी भी मौत हो गई। उक्त पंक्ति के लिखे जाने तक मृतकों के नाम की जानकारी नहीं आ सकी थी। मामले में पुलिस आगे की जांच में जूट गई है।

क्या कहते हैं एसडीओपी

घटना के संबंध में धरमजयगढ़ एसडीओपी सिद्धांत तिवारी ने बताया कि मोड़ पर ओवरटेक करने की वजह से बाईक सवार बस से टकरा गए। तीनों युवकों की उम्र लगभग 20 से 25 साल के बीच होगी। उनके पास कोई पहचान पत्र नहीं होने के कारण नाम का पता नहीं चल सका है, पर तीनों कोतबा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कलेक्टर ने धान उठाव में लेटलतीफी करने वाले मिलर्स पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में धान उठाव में लेटलतीफी पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर ने धान उठाव में लेटलतीफी करने वाले मिलर्स पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि धान उठाव में किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लापरवाही करने वाले मिलर्स का पंजीयन निरस्त करते हुए उन्हें ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा। गौरतलब है कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 55 लाख 86 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई थी, जिसका निराकरण अभी जारी है और लगभग 55 लाख क्विंटल से अधिक धान का उठाव किया जा चुका है। वहीं लगभग 86 हजार क्विंटल धान उठाव हेतु अभी भी शेष है। शतप्रतिशत धान उठाव के लिए कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय द्वारा लगातार बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। अधिकांश धान का डीओ रायपुर, राजनांदगांव, और दुर्ग मिलर्स का कटा हुआ है। उन मिलर्स के द्वारा जिले से धान उठाव करने में अनावश्यक लेट लतीफी और उदासीनता दिखाई जा रही है। बार-बार निर्देश दिए जाने के बाद भी रानी सती दुर्ग, आर एस फूड राजनांदगांव, बालाजी दुर्ग,गायत्री फूड राजनांदगांव, श्रद्धा राजनांदगाव, मोहन फूड रायपुर, सतनाम फूड रायपुर आदि मिलर धान का उठाव करने मे रुचि नहीं ले रहे थे। जिस पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एम.डी. मार्कफेड को उक्त मिलर का पंजीयन निरस्त करने तथा ब्लैक लिस्ट करने के लिए पत्र प्रेषित किया है।

बता दें की जिले में धान के निराकरण में सहयोग नहीं करने और अनियमितता करने पर एक मिलर श्याम राइस प्रोडक्ट बरेला के ऊपर एफ आई आर भी दर्ज कराया जा चुका है। साथ ही अब तक तीन खरीदी केंद्र गुरुवाइन डबरी, मदनपुर, और अखरार के प्रभारियों पर भी एफआई आर दर्ज कराया जा चुका है। जिला कलेक्टर ने धान उठाव नहीं कराने पर जिला विपणन अधिकारी शीतल भोई को भी नोटिस देकर जवाब तलब किया है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर शेष धान के शीघ्र उठाव के निर्देश दिए हैं।

पैक्स कंप्यूटराईजेशन योजानांतर्गत व्हाउचर पोस्टिंग शुरू नहीं करने वाली सेवा सहकारी समितियो को विभाग द्वारा नोटिस जारी किया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पैक्स कंप्यूटराईजेशन योजानांतर्गत व्हाउचर पोस्टिंग शुरू नहीं करने वाली लगभग 50 - 60 सेवा सहकारी समितियो को विभाग द्वारा नोटिस जारी किया। इस बारे में सहायक पंजीयक हितेश श्रीवास ने बताया कि पैक्स कंप्यूटराईजेशन योजानांतर्गत व्हाउचर पोस्टिंग शुरू नहीं करने वाली सेवा सहकारी समितियों द्वारा व्हाउचर पोस्टिंग में कोई रूचि नही ली जा रही है जिससे कि मुंगेली जिला संभाग के अन्य जिलो से काफी पीछे है। जारी नोटिस सूची में ऐसी कई समितियां जिन्होने आज तक प्रविष्टियां प्रारंभ नहीं की है आज भी वहा जीरो से दर्शित है इसके अलावा ऐसी भी समितियां है जिन्होने 100 से कम प्रविष्टियां की है। जो एक गंभीर विषय है।

मांड नदी डेम किनारे जुआ खेल रहे 13 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा, फड और जुआरियों से 47,550 जप्त

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर कल शाम एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के नेतृत्व में चैकी खरसिया और चैकी जोबी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आड़पथरा मांड नदी किनारे कुछ जुआरियों द्वारा 52 पत्ती तास से जुआ खेलने की मुखबीर सूचना पर घेराबंदी कर रेड किया गया। जुआ के दो फड़ पर पुलिस टीम ने 13 जुआरियों मोह. अनशार पिता मोह. मुख्तार उम्र 52 वर्ष साकिन तुरकापारा थाना सिटी कोतवाली, बृजलाल वर्मा पिता स्व. देवनारायण वर्मा उम्र 57 वर्ष निवासी कंकुबाई धरमशाला के पीछे हमालपारा चैकी खरसिया, अमीत कुमार चैहान पिता दिलेश्वर चैहान उम्र 42 वर्ष निवासी बसमुड़ा थाना खरसिया, पप्पु राजपूत पिता शौकी राजपुत उम्र 29 वर्ष निवासी अटल आवास खरसिया चैकी खरसिया, ओमकार उर्फ विक्की सिदार पिता राम सिदार उम्र 24 वर्ष निवासी अटल आवास खरसिया, मिनकेतन साहु पिता मंगलू उम्र 26 वर्ष निवासी कशीचुँवा थाना भुपदेवपुर जिला रायगढ़, केशव जायसवाल पिता महेत्तर जायसवाल उम्र 48 वर्ष निवासी खोखरोआमा थाना घरघोड़ा, छोटे लाल डनसेना पिता अक्तीराम उम्र 36 वर्ष निवासी जवलपुर थाना भुपदेवपुर, गेंदलाल डनसेना पिता बेदराम उम्र 32 वर्ष निवासी जवलपुर थाना भुपदेवपुर, भानु डनसेना पिता दिलचंद उम्र 31 वर्ष निवासी जवलपुर थाना भुपदेवपुर, नेतराम राठिया पिता चैतराम उम्र 34 वर्ष निवासी झिंटीपाली थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़, रामेश्वर पटेल पिता अशोक पटेल उम्र 33 वर्ष ग्राम नवागव थाना खरसिया, देवनाथ उर्फ मंगलु डनसेना पिता पुनीराम उम्र 45 वर्ष निवासी बड़े डुमरपाली थाना खरसिया को पकड़ा गया। जुआरियों के फड़ और पास से कुल 47,550 रूपए, पत्ती तास की गड्डी, प्लास्टिक का बोरी जप्त किया गया है।

डॉ संजय अग्रवाल के चिकित्सीय परामर्श से सुनति की गोद में सुनाई देंगी किलकारियां

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शहर से लगे ग्राम सरवानी की महिला सुनति साहू विगत 4 सालों से बच्चे की आस में इधर-उधर परेशान होकर बड़े-बड़े हॉस्पिटलों के चक्कर लगा रही थी, किंतु बड़े हॉस्पिटलों के चक्कर लगाने एवं चिकित्सकों के परामर्श के बावजूद सुनति साहू को किसी भी प्रकार का चिकित्सीय लाभ नहीं मिल पाया, उन्होंने थक हारकर शक्ति के बाराद्वार रोड में स्थित गोमती देवी हॉस्पिटल में संपर्क किया तथा वहां के प्रमुख चिकित्सक एवं डायरेक्टर डॉक्टर संजय अग्रवाल ने सुनती साहू को बेहतर चिकित्सीय परामर्श देते हुए उनकी नियमित रूप से चिकित्सा जांच करते हुए चिकित्सा सेवा उपलब्ध करवाई, तथा गोमती हॉस्पिटल के इस चिकित्सा परामर्श से सुनति साहू चार सालों के बाद अब गर्भवती हुई है, शक्ति के बाराद्वार रोड में स्थित गोमती देवी हॉस्पिटल गर्भवती माता के लिए एक बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रहा है, साथ ही यहां के प्रमुख डॉक्टर संजय अग्रवाल जो कि स्त्री रोग विशेषज्ञ होने के साथ ही प्रदेश के विभिन्न शहरों से लोग आकर यहां महिलाओं की डिलीवरी करवाते हैं तथा बड़े-बड़े ऑपरेशन भी सफलतापूर्वक इस अस्पताल में किया जा रहे हैं, तथा गोमती देवी हॉस्पिटल के प्रारंभ होने से जहां लोगों को एक बेहतर प्रसूती चिकित्सा के रूप में सुविधा मिली हैं, तो वहीं लोग इस अस्पताल के प्रमुख डॉक्टर संजय अग्रवाल एवं पूरी टीम का भी आभार व्यक्त करते हैं,उल्लेखित हो कि शक्ति शहर में गोमती देवी हॉस्पिटल के शुभारंभ होने के बाद आज लोगों को जहां प्रसुति की बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं, तो वहीं पहले लोगों को बिलासपुर, रायपुर,रायगढ़ की ओर डिलीवरी कराने जाना पड़ता था किंतु आज ग्रामीण इलाको सहित शहरी क्षेत्र के लोग भी पूरे विश्वास के साथ इस अस्पताल में अपने परिजनों की डिलीवरी करवा रहे हैं, तथा इस अस्पताल में होने वाली शत प्रतिशत डिलीवरी में जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित होकर आज एक अच्छे चिकित्सा परिणाम के रूप में इस अस्पताल की पहचान देखी जा रही है।

कुत्तों से जान बचाने बिजली ऑफिस में घुसा चीतल, ईलाज के दौरान हो गई मौत

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के छाल वन परिक्षेत्र अंर्तगत रविवार को एक चीतल की मौत हो गई। जंगल से भटक कर चीतल बस्ती के करीब पहुंचा था। तभी कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों से बचने के लिए घायल चीतल हाटी बिजली ऑफिस सब स्टेशन में घूस गया। इसके बाद उसका ईलाज शुरू किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि सुबह करीब साढ़े नौ बजे की यह घटना है। छाल रेंज के 551 पीएफजंगल से निकल कर चीतल बाजारपारा की ओर पहुंचा था। तभी कुत्तों ने उसे दौड़ाया और उस पर हमला कर दिया। अपनी जान बचाने के लिए चीतल हाटी बिजली ऑफिस सब स्टेशन में घुसा। जब इसकी जानकारी विभागीय अमला को लगी तो उसे किसी तरह निकाला गया और उसका ईलाज शुरू किया गया, पर उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि चीतल के मुंह में काफी गंभीर चोट लगा था। ऐसे में काफी खून भी बह रहा था और जब उसका ईलाज शुरू किया गया, तो उसने दम तोड़ दिया। फिलहाल मामले में वन विभाग द्वारा आगे की कागजी कार्रवाई की जा रही है।

आरोपी युवक को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के अपराध में पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

डांस टीचर आत्महत्या मामले के फरार आरोपी को पुलिस ने बलांगीर में किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत बंगलापारा में किराया मकान में रहने वाली युवती अनिमा साहू मूल निवास ग्राम सुरसी थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या की घटना सामने आई थी। घटना को लेकर मृतिका के पिता द्वारा थाना चक्रधरनगर में मर्ग इंटीमेशन दर्ज कराया कि उसकी लड़की एक साल से डांस एकेडमी बंगलापारा रायगढ़ में कथक डांस टीचर का काम कर रही थी। 04 मई की रात अनिमा घर वालों से सामान्य बातचीत की थी दूसरे दिन उन्हें अनिमा के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने की सूचना मिली। घटना को लेकर थाना चक्रधरनगर में मर्ग कायम कर मृतिका के परिजनों, सहेलियों से पूछताछ कर जांच किया गया। जिसमें पाया गया कि अनिमा साहू (मृतिका) को ग्राम सूरजगढ़ थाना सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ का शेष कुमार प्रधान (उम्र 24 साल) पसंद करता था और शादी करना चाहता था लेकिन अनिमा उसे पसंद नहीं करती थी। शेष कुमार, अनिमा को शादी के लिए परेशान कर प्रताड़ित करता था। कई बार अनिमा अपने माता-पिता बहनों को इस बात को बताई थी। 4 मई को भी शेष कुमार और अनिमा के बीच काफी बातचीत हुई जिससे परेशान होकर अनिमा आत्महत्या का कदम उठाई। चक्रधरनगर पुलिस ने मर्ग जांच से 13 मई को आरोपित शेष प्रधान पर धारा 306 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी किया गया। आरोपी शेष कुमार अपने निवास सूरजगढ़ से फरार हो गया और गिरफ्तारी से बचने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लगातार अपना रहने का ठिकाना बदल रहा था। पुलिस उसके रिस्तेदार और मुखबीरों से लगातार जानकारी लेकर गिरफ्तारी के लिए दबिश दिया जा रहा था।

टीआई प्रशांत राव को आरोपी के ग्राम जामगांव पुइतला बलांगीर (उड़ीसा) में रहने की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर तत्काल चक्रधरनगर पुलिस की टीम बलांगीर उड़ीसा में दबिश दिया गया। आरोपी को एक घर में खाना बनाते समय ही हिरासत में लेकर उसके परिजनों को सूचना दी गई। आरोपी से पूछताछ कर गिरफ्तारी की सम्पूर्ण कार्रवाई कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

युवती से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना कोतवाली में स्थानीय युवती द्वारा जिला जांजगीर-चांपा में रहने वाले मनोज कुमार साहू (28 साल) हाल मुकाम बंशीवट कॉलोनी चक्रधरनगर रायगढ़ के विरुद्ध शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। जिस पर थाना कोतवाली में धारा आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। युवती बताई कि वर्ष 2020 में मनोज कुमार साहू उसके घर के पास किराए मकान में रहता था जिसे जान पहचान हुई। मनोज उस समय सिंघल इंटरप्राइजेज कंपनी रायगढ़ में प्राइवेट नौकरी करता था जिसका इसके घर आना जाना था। मनोज पसंद करता हूं विवाह करूंगा कहकर शादी का भरोसा दिलाया और अक्टूबर 2022 में शारीरिक संबंध स्थापित किया उसके बाद अपने किराए मकान और अन्य कई जगह शादी का झूठा प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध स्थापित किया। मनोज को शादी के लिए कहने पर धीरे-धीरे बात करना बंद कर दिया और होली के समय (मार्च 2024) में अपने घर जांजगीर चला गया। उसके घर जांजगीर जाने पर उसके परिवारवाले गाली गलौज कर झगड़ा विवाद कर भगा दिए। मनोज भी शादी करने से इनकार कर मोबाइल नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया और कहीं रिपोर्ट करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दिया। युवती द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराने पर आरोपी युवक फरार हो गया।

हनुमान जी से जुड़ी 10 बातें

हिंदू धर्म में बजरंगबली को संकटों से उबारने वाला देवता माना गया है। मान्यता है जो हनुमान जी की भक्ति करता है। जीवन में आने वाली अड़चनों को स्वंय बजरंगबली दूर करते हैं। हनुमान पूजा की सही विधि साधक को अधिक लाभ प्रदान करती है। शास्त्रों में हनुमान जी से जुड़ी 10 अहम बातें बताई गई है,जो अपार सफलता प्राप्त हो सकती है।

हनुमान जी बल, बुद्धि और विद्या के देवता

☛ हनुमान जी की पूजा वैसे तो सप्ताह के सातों दिन करनी चाहिए लेकिन मंगलवार का दिन विशेष माना गया है। इस दिन बजरंगबली की उपासना करने से मंगल जनित दोष शांत होते हैं।

☛ हनुमान जी की पूजा शुरू करने से पहले उनकी उपस्थिति का आह्वान करें। उन्हें आमंत्रित करने के लिए आप हनुमान चालीसा या हनुमान मंत्रों का जाप कर सकते हैं।

☛ हनुमान जी को सिंदूर बहुत ज्यादा प्रिय है। एक बार माता सीता को मांग में सिंदूर लगाते हुए देख लिए तब पूछा कि वह ये सिंदूर क्यों लगाती है। माता सीता ने कहा कि इससे उनके पति श्रीराम की आयु लंबी रहे इस कामना से वह सिंदूर लगाती है। इसके बाद हनुमान जी ने श्रीराम की दीर्घायु के लिए पूरे शरीर पर सिंदूर लगा लिया। मान्यता है हनुमान जी को सिंदूर का चोला चढ़ाने से वह जल्द प्रसन्न होते हैं।

☛ हनुमान जी के गुणों का गुणगान करने वाला सुंदरकांड बहुत प्रभावशाली माना गया है। कहते हैं जहां सुंदरकांड का पाठ होता है वहां बजरंगबली उपस्थित होते है। जो पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ पाठ करता है उसके सारे काम बन जाते हैं। अपार सफलता मिलती है।

☛ मंगलवार या शनिवार के दिन हनुमान जी को बना हुआ बनारसी पान या पान के पत्ते पर श्रीराम लिखकर माला चढ़ाना शुभ होता है। मान्यता है इससे नौकरी-व्यापार में आ रही समस्याएं खत्म होती है। विघ्न दूर होते हैं।

☛ हनुमान जी की पंचमुखी तस्वीर लगाने से घर पर मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। बुरी शक्तियां घर में प्रवेश नहीं करती। साधक बल, बुद्धि, विद्या से परिपूर्ण रहता है।

☛ बेसन के लड्डू, लाल फूल, नारियल और गुड़ का दान करने से हनुमान जी जल्द प्रसन्न होते हैं। घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

☛ जिन लोगों की मांगलिक दोष के कारण शादी नहीं हो रही है उन्हें श्रद्धा पूर्वक हनुमान जी की भक्ति करना चाहिए। सुबह-शाम तेल का दीपक लगाकर हनुमान जी के मंत्रों का जाप करें। इससे विवाह के योग बनते हैं।

☛ अच्छी सेहत और बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए हनुमान जी को नारियल, गुड़, चने चढ़ाने की सलाह दी जाती है। इससे स्वास्थ लाभ मिलता है।

☛ मंगलवार को अगर सुबह बड़ के पेड़ के एक पत्ते को तोड़कर गंगा जल से धो कर हनुमान जी को अर्पित करें तो धन की आवक बढ़ती है।

शरीर में खून की कमी के लक्षण

'वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन' के मुताबिक हीमोग्लोबिन यानि खून की कमी की समस्या पूरे वर्ल्ड के लिए गंभीर समस्या है। जिसे दुनियाभर के लाखों लोग प्रभावित है। जो भी इस बीमारी से पीड़ित होता है उसे अगर सही वक्त पर इलाज न मिलें तो यह बीमारी एक बहुत गंभीर बीमारी की शुरुआत हो सकती है। शरीर में खून की कमी के कारण हर वक्त चिड़चिड़पान, थकावट, थकान और कमजोरी महसूस होती है। एक स्वस्थ्य शरीर के लिए प्रोटीन, विटामिन और पोषक तत्व सभी भरपूर मात्रा में चाहिए। शरीर में खून की कमी जब होने लगती है तो ब्रेन शरीर को कई सिग्नल देना शुरू कर देता है।

शरीर में खून की कमी के शुरुआती लक्षण

शरीर में खून की कमी होने के कारण शरीर में कई तरह से लक्षण दिखाई देते हैं। जैसे पैर-हाथ में झुनझुनी। खून की जब कम होती है तब शरीर के नसों में ऑक्सीजन ठीक से पहुंच नहीं पाती है। ऐसे में हाथ-पैर में झुनझुनी होने लगती है। जिसके कारण थकान और कमजोरी महसूस होने लगता है।

खून की कमी होने पर बार-बार चक्कर भी महसूस होता है। जब आप अचानक से उठते हैं तो आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है।

शरीर में खून की कमी के कारण बाल झड़ने लगते हैं। अगर अचानक से ज्यादा हेयर फॉल होने लगे तो समझ जाएं कि शरीर में खून की कमी हो रही है। ऐसे में सबसे पहले ब्लड टेस्ट करवाएं।

खून की कमी होने पर मुंह में छाले होने लगते हैं। जिसके कारण खाने में दिक्कत होने लगती है। पिंपल्स आने लगते हैं।

खून की कमी के कारण ही चेहरा पर पीलापन होने लगता है।। तो आपको भी ऐसा महसूस हो तो सबसे पहले ब्लड टेस्ट करवाएं।

ऐसे बचें

खून की कमी से बचना है तो डाइट में फाइबर, प्रोटीन और फ्रूट्स को शामिल करें। साथ ही एक्सरसाइज और मेडिसिन लेते रहें। इससे आप बहुत जल्द ठीक हो जाएंगे।

आपके घर में मौजूद है कई बीमारियों का इलाज

इन दिनों संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है ना सिर्फ कोरोना का खतरा सता रहा है, बल्कि अन्य संक्रामक बीमारियां भी इस मौसम में तेजी से फैलती है। ऐसे में संक्रमण से बचने के लिए अधिकतर लोग एंटीबायोटिक का सेवन करते हैं, लेकिन यह एंटीबायोटिक आपके लीवर पर सीधा इफेक्ट करती है। ऐसे में अधिकतर लोगों का सवाल रहता है कि क्या कोई नेचुरल एंटीबायोटिक है, जो हमारे शरीर की रक्षा कर सके? तो चलिए हम आपको बताते हैं आपके किचन में मौजूद कुछ ऐसे ही एंटीबायोटिक्स के बारे में, जो आपकी सेहत के लिए चमत्कार है।

तुलसी की पत्ती :- तुलसी की पत्तियों में एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरस और एंटी फंगल गुण पाया जाता है, जो किसी भी प्रकार के संक्रमण से हमारे शरीर को बचाने का काम करता है। इतना ही नहीं अगर आपको गले या सांस लेने में कोई समस्या हो रही है, तो इसमें तुलसी बहुत फायदेमंद होती है, इसे इम्यूनिटी बूस्टर भी कहा जाता है। आप तुलसी के पत्तों को चबाकर खा सकते हैं या स्मूदी या जूस में तुलसी के पत्ते का सेवन कर सकते हैं।

नीम :- तुलसी की तरह नीम में भी नेचुरल एंटीबायोटिक होते हैं, जो हमारे शरीर में संक्रमण फैलने वाले बैक्टीरिया के खिलाफ लड़ते हैं और इससे घाव से होने वाले संक्रमण को भी रोका जा सकता है। नीम की पत्तियों का सेवन करने के लिए आप छोटी नीम की पत्तियों को चबाकर खा सकते हैं, इसे उबालकर इसका पानी पी सकते हैं।

करी पत्ता :- अधिकतर लोगों के घर में करी पत्ता का इस्तेमाल जरूर किया जाता है, जो ना सिर्फ स्वाद में कमाल होता है बल्कि सेहत के लिहाज से भी बहुत फायदेमंद है। इसमें रोगाणु रोधी गुण पाए जाते हैं, जो हमारे शरीर को फंगस और इन्फ्लेमेशन से बचाते हैं। ऐसे में आप अपने रेगुलर खाने में करी पत्ता का इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर करी पत्तों को ऐसे ही चबाकर खा सकते हैं।

चेहरे को शरीर का सबसे जरूरी हिस्सा मानकर हमारा पूरा फोकस उसे चमकाने और मैंटेन रखने पर होता है, लेकिन इसके लिए पॉर्लर जाकर फेशियल, क्लीनअप पर पैसे खर्च करने में बहुत आफत आती है और कई बार तो मनचाहा निखार भी नहीं मिलता, तो क्यों न कुछ वक्त तक आप इन घरेलू नुस्खों को ट्राई करके देखें। जो पूरी तरह से नेचुरल हैं और इनका असर भी जल्द नजर आता है और लंबे समय तक बना भी रहता है। आज हम उन्हीं घरेलू नुस्खों के बारे में जानने वाले हैं, जिसके लिए आपको बहुत ज्यादा पैसे खर्च करने की भी नहीं जरूरत।

त्वचा का निखार बढ़ाने में मददगार घरेलू नुस्खे

नींबू से पाएं निखार

चेहरे पर मौजूद दाग- धब्बों को हटाने और उसकी चमक को बढ़ाने में नींबू का रस है बेहद असरदार। नींबू के रस को चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे वैसे कोहनी और घुटनों पर भी लगाकर वहां का कालापन दूर किया जा सकता है। 5-10 मिनट बाद गुनगुने पानी से धो लें। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड, डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करता है और नए सेल्स को बनाने का काम करता है।

आलू के रस से लाएं चेहरे पर चमक

कच्चे आलू की मदद से भी चेहरे की चमक को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए आलू को कद्दूकस कर उसका रस निकाल लें और इसे कॉटन की मदद से चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद धो लें। इससे बढ़ती उम्र के लक्षणों को भी कम किया जा सकता है।

शहद से बढ़ाएं चेहरे की चमक

सर्दियों में चेहरे की चमक ही नहीं ड्राईनेस से भी निपटने का कारगर उपाय है शहद। इसे चेहरे पर शहद लगाएं और सूखने के बाद गुनगुने पानी से धो लें। यह बिल्कुल मॉयश्चराइज की तरह काम करता है।

बादाम का तेल

त्वचा की रंगत निखारने में बादाम तेल का तेल भी बेहद कागर है। इसका एंटी-एजिंग प्रभाव बढ़ती उम्र के असर को कम करता है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट तत्व मौजूद होते हैं जो कई तरह की स्किन समस्याएं दूर करते हैं और देते हैं नेचुरल निखार। वैसे चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने और उसे हेल्दी रखने के लिए खानपान पर भी उतना ही ध्यान देने की जरूरत होती है।

खाना पकाने के टिप्स

नो डाउट अच्छे से तेल मसाले में पका खाना खाने में बेहद जायकेदार लगता है, लेकिन लबालब तेल में पकी सब्जी हो या दूसरी डिशेज सेहत के लिए बिल्कुल अच्छे नहीं होते। इनका सीधा असर आपके हार्ट पर होता है। इसलिए एक्सपर्ट खाने में सीमित मात्रा में तेल, घी या मक्खन खाने की सलाद देते हैं, लेकिन इनके बगैर खाने का स्वाद ही कहां बाकी रहता है। ऐसा ही कुछ आप भी सोच रहे होंगे? तो ऐसा नहीं है खाने पकाने के कई ऐसे तरीके हैं जिससे आप खाने के स्वाद को बरकरार रखने के साथ ही उसे हेल्दी भी रख सकते हैं। आइए जानते हैं इस बारे में..

1. स्टीमिंग :- स्टीमिंग...खाना पकाने का ऐसा तरीका है, जो बहुत ही हेल्दी माना जाता है, क्योंकि इसमें खाने के पोषक तत्व नष्ट नहीं होते। भाप के जरिए खाना आसानी से पक जाता है। अगर आपको स्टीम में पके खाने में टेक्सचर एड करना है, तो बहुत थोड़े से तेल में इसे सौंते कर सकते हैं। टेस्ट और हेल्थ दोनों रहेंगे बरकरार।

2. एयर फ्राई :- एयर फ्राई के जरिए आप डीप फ्राई आइटम्स के भी बिना ज्यादा सेहत की परवाह किए मजे ले सकते हैं। इसमें खाना को हॉट एयर की मदद से तैयार किया जाता है। ऐसा नहीं है कि तेल का इस्तेमाल नहीं होता, लेकिन बहुत ही कम मात्रा में। पकौड़े, कबाब हर एक को आप एयर फ्राई में पका सकते हैं।

3. ग्रिलिंग :- कुकिंग के इस मेथड का इस्तेमाल सिर्फ नॉन वेजिटेरियन चीजों को ही पकाने में नहीं किया जाता, बल्कि इसके जरिए आप और भी कई तरह की डिशेज तैयार कर सकते हैं। ग्रिलिंग के बाद फल हो या सब्जियां, एक अलग ही स्वाद आ जाता है उनमें और ये सेहत को भी किसी तरह से नहीं पहुंचाते नुकसान।

4. बेकिंग :- बेकिंग प्रोसेस सिर्फ केक, पेस्ट्री बनाने के लिए नहीं है, बल्कि इससे आप कई तरह के हेल्दी स्नैक्स भी तैयार कर सकते हैं। स्नैक्स के नाम पर हमारे जेहन में चिप्स, समोसे जैसे ही ऑप्शन आते हैं, तो आप इन चीजों को बेक्ड करके भी बन सकते हैं। बहुत कम तेल में रेडी हो जाएगा आपका ईवनिंग स्नैक्स।

सर्दियों में स्टीम लेना लाभकारी

सर्दियों का मौसम अपने साथ कई स्वास्थ्य समस्याएं लेकर आता है.ठंड के कारण कई परेशानियां बढ़ जाती है.सर्दी-खांसी, नाक जाम होना, सिरदर्द जैसी समस्याओं से बचना सर्दियों मुश्किल हो जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि सिर्फ भाप लेने से इन सभी समस्याओं से राहत पाई जा सकती है ? भाप लेना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है. भाप की गर्मी शरीर के फेफड़े को अंदर से साफ करने का काम करती है. यह फेफड़ों और सांस के रास्तों को खोलकर देती है जिससे सांस लेने में आसानी होता है. सर्दियों में भाप लेने से कई फायदे होते हैं.आइए जानते हैं कि सर्दियों में भाप लेने का सही तरीका क्या है और यह किस तरह से हमारे शरीर को फायदा पहुंचाता है.

सांस की समस्याओं से राहत

सर्दियों में सांस से जुड़ी कई समस्याएं ज्यादा होती हैं. अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, कफ जमा होना, सांस लेने में तकलीफ जैसी परेशानियां आम हो जाती हैं. लेकिन भाप लेने से इन सभी से राहत मिल सकती है.भाप की गर्मी फेफड़ों तक पहुंचकर उन्हें खोल देती है. फेफड़ों में जमा कफ पिघल जाता है और सांस के रास्ते साफ हो जाते हैं. इससे सांस लेने में आसानी होती है और अस्थमा या ब्रोंकाइटिस जैसी बीमारियों से राहत मिलती है.

सिरदर्द से छुटकारा

ठंड और मौसमी बदलाव के कारण अकसर लोगों को सिरदर्द की परेशानी होने लगती है.लेकिन भाप लेने से इससे तुरंत राहत मिल सकती है.भाप की गर्मी सिर की त्वचा और नसों को गर्म करके राहत पहुंचाती है. यह सिर में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाकर ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति बढ़ाती है.साथ ही, मांसपेशियों को आराम देती है. इससे सिरदर्द से तुरंत राहत मिलने लगती है.

नाक बंद होने से राहत

ठंड-गर्मी और मौसम में बदलाव के कारण अकसर लोगों की नाक बंद हो जाती है. लेकिन भाप लेने से इससे तुरंत राहत मिल सकती है. भाप की गर्मी से नाक के अंदर का कफ पिघलने लगता है. नाक के रास्ते साफ होते हैं और सांस के लिए जगह बनती है. भाप की आर्द्रता भी नाक की सूजन को कम करती है और नाक बहने लगती है. इस तरह भाप लेने से नाक बंद होने की समस्या से राहत मिलती है.

तनाव दूर करने में मददगार

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव और थकान की समस्या बहुत आम हो गई है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि भाप लेने से इनसे राहत पाई जा सकती है ?भाप का गर्म वाष्प शरीर और दिमाग को आराम देता है. यह मांसपेशियों का तनाव दूर करता है और मन को शांति पहुंचाता है. भाप लेते समय गहरी सांस लेने से ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है जो थकान और तनाव को कम करने में मदद करता है.

नींद लाने में सहायक

भाप की गर्मी शरीर को अंदर से गर्म कर देती है. यह तनाव कम कर आराम पहुंचाती है. साथ ही नाक और सांसनलिका साफ होने से आरामदायक नींद आती है. भाप में हाइड्रोजन पेरॉक्साइड भी सोने में मदद करता है.

सर्दियों में बच्चों को कैसे पढाएं?

सर्दियों के मौसम में हमलोग तो ब्लैंकेट में भी बैठकर या लेटकर पढ़ाई कर लेते हैं। लेकिन, बच्चों के साथ ये बड़ी समस्या है, क्योंकि उन्हें अपने नोटबुक में लिखना होता है और गणित के सवालों को भी हल करना होता है। ऐसे में वो ब्लैंकेट में पढ़ाई नहीं कर पाएंगे। और तो और गर्माहट के कारण बच्चों को नींद भी जल्दी आ जाती है। यही कारण है कि ज्यादा ठंड पड़ने पर बच्चों को पढ़ाई करने में परेशानी होती है और उनका ध्यान भटकता रहता है। इसलिए पैरेंट्स के लिए यह महीना थोड़ा चैलेंजिंग होता है। ऐसे में बेहद जरुरी है कि आप अपने बच्चों की अच्छी केयर करें और पढ़ाई में उनकी मदद करें। यहां हम आपको कुछ तरीके बताने जा रहे हैं जिसे आजमाकर आप अपने बच्चों की स्टडीज सर्दी में भी कंफर्टेबल बना सकती हैं।

बच्चे को नेचुरल लाइट में बिठाएं

सर्दी के मौसम में बच्चों को नेचुरल लाइट यानी सूरज की रोशनी में पढ़ने

के लिए बिठाएं। इससे बच्चों को धूप की गर्माहट मिलेगी और उनका पढ़ने में भी मन लगा रहेगा।

बच्चों को पहनाएं गर्म कपड़े

ठंड से बचाने के लिए अपने बच्चों को गर्म पहनाएं, जिनसे उन्हें ठिठुरन महसूस ना हो। उन्हें थोड़ी सी भी ठंड लगेगी तो उनका ध्यान पढ़ाई से हट जाएगा और अपनी होमवर्क सही से नहीं कर पाएंगे।

देतें रहें गर्म चीजें

विंटर सिजन में बच्चों को पढ़ाना थोड़ा मुश्किल होता है। इसलिए उन्हें बीच-बीच में खाने-पीने के लिए कुछ गर्म चीजें(विंटर टिप्स) देते रहें। हर थोड़ी देर कभी गर्म कटलेट तो कभी गर्म दूध वगैरह देते रहें। इससे बच्चों का ध्यान पढ़ने पर फोकस्ड भी रहता है और उनके मन में ये भी चलता रहता है कि थोड़ी देर पढ़कर कुछ अच्छा खाने को मिलेगा। लेकिन, आपको इस बात का खास ध्यान रखना होगा कि बच्चों को बहुत ज्यादा ना खिलाएं। क्योंकि ऐसा करने से उन्हें नींद भी आ सकती है। ब्रेक ले-लेकर पढ़ने बिठाएं

विंटर सूप रेसिपी

सर्दियों में गर्माहट के लिए अलग-अलग सब्जियों का सूप बनाकर पीते हैं। ये जितने टेस्टी होते हैं, इनमें मौजूद पोषक तत्व उतने ही सेहतमंद भी। बच्चे हो या बड़े हर कोई सूप पीना पसंद करते हैं। सूप न सिर्फ आपको फिजिकली एक्टिव रखते हैं, बल्कि बीमारियों से भी दूर रखते हैं। अगर आप भी सेहत के लिए बेहतर सूप पीना चाहते हैं तो यहां हम आपको ऐसे ही सूप की रेसिपी बनाने जा रहे हैं, जो सर्दियों में जरूर ट्राई करना चाहिए।

सब्जियों का सूप

सर्दियों में सब्जियों का सूप बनाने के लिए सबसे पहले अपनी पसंद की सब्जियां चुनें, इसके बाद एक पैन में एक बड़ा स्पून तेल डालें। जब तेल गर्म हो जाए तो इसमें कटे हुए प्याज और गाजर डाल दें। इसके बाद करीब 10 मिनट तक इसे भूनने दें और फिर अपनी पसंदीदा दाल डालें। इसके बाद इसमें सब्जियां डालकर थोड़ी देर भूनें। फिर इसमें मात्रा के हिसाब से पानी मिलाएं और पकने को लिए छोड़ दें। जब तक पानी में उबाल न आए तब तक पकने दें। जब दाल और सब्जियां सॉफ्ट हो जाएं तो आंच बंद कर दें।

टमाटर का सूप

टमाटर का सूप सेहत लिए बेहद फायदेमंद होता है। इस सूप को बनाने के लिए प्याज और टमाटर को काटकर एक पैन में दो बड़े स्पून तेल को गर्म करने के लिए रख दें। पैन में तेजपत्ता डालें और उन्हें थोड़ी देर भून लें। इसके बाद इसमें कटे टमाटर, गाजर और प्याज को डालकर पकने के लिए छोड़ दें। जब ये पक जाए तो इसमें स्वाद के अनुसार नमक मिलाकर इसका सेवन करें और खुद को सेहतमंद बनाएं।

परिजनों को भी नहीं मालूम कहां जा रहीं थीं बेटियां, अवैध तरीके से साउथ भेजी जा रहीं 16 लड़कियों का देर रात रेलवे स्टेशन से रेस्क्यू

पूछताछ में कुछ बता नहीं सकीं तो ह्युमन ट्रेफिकिंग की आशंका पर आरपीएफ ने लिया एक्शन, सखी सेंटर के हवाले की गईं युवतियां, कवर्धा पुलिस के यहां पहुंचने की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गृहमंत्री के जिला कवर्धा की 16 युवतियों को अवैध तरीके से तमिलनाडु में कामगार के तौर पर ले जाए जाने का मामला सामने आया है। बगैर किसी ज्वाईनिंग लेटर या दूसरे दस्तावेजों के इन्हें ले जाने का मामला ह्युमन ट्रैफिकिंग चैनल की तरह है जिसके चलते ही यह संदिग्ध मालूम पड़ता है।

लड़कियों को एक युवक अपने साथ तमिलनाडु के तिरुपुर लेकर जा रहा था। ये सभी शनिवार देर रात राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में आरपीएफ की प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर चेकिंग के दौरान संदिग्ध दिखाए पड़े जिसके बाद इनसे पूछताछ हुई।

स्टेशन पर आरपीएफ ने मामला संदिग्ध मालूम पड़ने पर जब युवतियों से पूछताछ की तो वे स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकीं। यहां तक वे कहां जा रहीं हैं यह भी उन्हें नहीं मालूम था। शनिवार की देर रात ही इन युवतियों को सखी सेंटर के हवाले कर दिया गया। जबकि साथ मौजूद युवक को रविवार को छोड़े जाने की जानकारी मिली है।

इन्हें कौन सी कंपनीया एनजीओ द्वारा नौकरी दिलाने ले जाया रहा था इसकी कोई जानकारी युवतियों के पास नहीं है। यही नहीं इन्हें किस तरह की नौकरी दी जाने वाली थी इस बारे में वे स्पष्ट नहीं बता पा रहीं हैं। दूसरी ओर कई युवतियों के बाहर जाने की पूरी जानकारी परिजनों को भी नहीं थी और न ही इस संबंध में पंचायत, पुलिस को कोई सूचना दी गई थी। हालांकि, इस मामले में प्लेसमेंट एजेंसी स्मार्ट स्टॉफ कंपनी का नाम सामने आ रहा है।

इस मामले में कवर्धा की पुलिस हरकत में आई है। पुलिस टीम के रविवार रात तक राजनांदगांव पहुंचने की संभावना है जो कि युवतियों से जानकारी जुटाएगी। इससे पहले ही रविवार को कुछ परिजन अपनी बच्चियों को लेकर रवाना हो चुके हैं। इधर, युवतियों के साथ मौजूद रहे युवक कवर्धा जिले के बघर्रा ग्राम का उमेश चंद्राकर(22) किसी प्लेसमेंट एजेंसी स्मार्ट स्टॉफ कंपनी का कर्मचारीबताया जा रहा है। जबकि आरपीएफ की पूछताछ में उसने कंपनी या उससे संबंधित कोई जानकारी नहीं दी।

कानूनी प्रक्रियाएं भी पूरी नहीं की, मामले में कई तरह के संदेह

युवतियों को तमिलनाडु ले जाए जाने के इस मामले में काफी कुछ संदेहास्पद है। आशंका है कि, एक चैनल कवर्धा के पिछड़े इलाकों में सक्रिय है जो युवतियों को बड़ी कंपनी में नौकरी दिलाने की बात कहकर बाहर ले जा रहा है। यही नहीं इसके लिए जरुरी प्रक्रियाएं भी पूरी नहीं की जा रही है और अवैध तरीके से उन्हें दूसरे राज्य भेजा जा रहा है। यहां तक परिजनों को इस संबंध में पूरी जानकारी नहीं दी जा रही है। प्लेसमेंट एजेंसी पंचायत और पुलिस को भी सूचित नहीं कर रहीं हैं। जिस क्षेत्र की युवतियों को फिलहाल रेस्क्यूकिया गया है वे खुद भी ऐसे ही परिवारों से हैं। इस पूरे मामले में कुछ बाहरी और स्थानीय लोगों के शामिल होने की आशंका है।

किसी के पास नहीं थे कोई दस्तावेज

16 युवतियों के साथ मौजूद रहा युवक उमेश भी आरपीएफ की पूछताछ में कोई जानकारी देने से बचता रहा। उसने लड़कियों को कंपनी में नौकरी के लिए ले जाए जाने की बात बताई लेकिन कंपनी की जानकारी और पता, वहां प्रबंधन के लोगों के संबंध में उसने कुछ नहीं बताया। लड़कियों के पास नहीं ही कोई ज्वाईनिंग लेटर और न ही कोई दूसरे जरुरी दस्तावेज। उमेश के पास भी कोई दस्तावेज नहीं मिले।

सवालों का जवाब नहीं दे सकीं

शनिवार की रात तकरीबन 11 बजे नांदगांव आरपीएफ प्रभारी तरुणा साहू ने इन युवतियों को देखा। उन्होंने उनसे कुछ सवाल किए जिसका जवाब युवतियां नहीं दे सकीं। युवतियों के फोन पर ई-टिकट था। इसमें रात 12 बजे राजनांदगांव पहुंचने वाली कोरबा एक्सप्रेस (नं 02647) में राजनांदगांव से तमिलनाडु के तिरुपुरतक का रिजर्वेशन था। इनके साथ मौजूद उमेश भी युवतियों को बाहर ले जाने, परिजनों की अनुमति, कंपनी की जानकारी या खुद का कोई आईडी कार्ड नहीं दिखा पाया। इसके बाद रात 12 बजे आरपीएफ ने इन युवतियों को सखी सेंटर के हवाले कर दिया।

पिछड़े इलाकों से हैं सभी

जानकारी सामने आ रही है कि, यह सभी युवतियां कवर्धा जिले के पंडरिया विधानसभा इलाके के अलग-अलग गांवों से हैं। युवतियों की उम्र 18 से 23 वर्ष के बीच है। सामने आया है कि इनके परिजन काफी कम पढ़े लिखे हैं जो कि पुलिस, प्रशासन तक भी नहीं पहुंच पाते। यह सारी परिस्थितियां मामले का संदिग्ध बनाती हैं।

ट्रेनिंग में शामिल रहीं थीं युवतियां

युवतियों ने अपनी ट्रेन की टिकट के लिए भी खुद ही पैसे दिए थे। प्रत्येक से 400 रुपए लिए गए थे। जानकारी है कि कवर्धा जिले में ही तकरीबन 40 युवतियों ने महिने भर ट्रेनिंग भी की थी। इनमें से ये 16 लड़कियां भी शामिल थीं। किसी परिचित के माध्यम से इन्हें दूसरे प्रदेश में अच्छी नौकरी दिलाने की बात कही गई जिसके बाद इन्हें बाहर ले जाया जा रहा था। पूछताछ में जिस तरह की बातें सामने आई हैं माना जा रहा है कि इन्हें सफर के दौरान किसे क्या बताना है ये भी पहले ही समझाया गया था।

प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◂ मोहला
www.dailypioneer.com

प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन दिनांक 9 जून 2024 को समय प्रातः 11:00 बजें से 02:00 बजें तक किया गया। प्रवेश परीक्षा हेतु पात्र 1598 विद्यार्थियों में से 1023 बालिका एवं 575 बालक थे। परीक्षा में 926 बालिका एवं 524 बालक इस प्रकार कुल 1486 विद्यार्थी उपस्थित रहें। 61 बालिका एवं 51 बालक अनुपस्थित रहें। प्रवेश परीक्षा हेतु जिलें में कुल 07 परीक्षा केन्द्र बनायें गये थे। इन विद्यालयों में चयनित विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय एवं अध्ययन के साथ-साथ मेडिकल तथा इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है। परीक्षा संचालन के दौरान अविनाश ठाकुर जिला नोडल अधिकारी (परीक्षा), एस.डी.एम. मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, जिला शिक्षा अधिकारी फत्ते राम कोसरिया, तहसीलदारों एवं नियुक्त प्रेक्षकों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया गया। सभी परीक्षा संचालन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

आदतन तस्कर नौशाद अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के आउटर में स्थित शराब दुकान समीप नहर में अवैध शराब के साथ एक आदतन आरोपी युवक व उसका सहयोगी गिरफ्तार हुए हैं। दोनों आरोपी युवकों के पास से एक नीला रंग का प्रीमियम राजश्री मसाला लिखित कपड़े के बैग में 106 नग छग निर्मित यूनिक देशी प्लेन शराब व एक बाइक सहित कुल कीमती जुमला 69,540 हजार पुलिस ने जब्त किया है।

पुलिस द्वारा आधिकारिक विज्ञप्ति मुताबिक जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुलदेव शर्मा, एसडीओपी दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में

इलाके में जारी अभियान के तहत मुखबिर सूचना पर टीआई उपेन्द्र शाह के अगुवाई में टीम गठित कर शराब दुकान मार्ग समीप नहर किनारे रेड कार्रवाई की गई। इस दौरान आरोपी नासिर उर्फ़ नौशाद खान पिता यासीन खान, 37 वर्ष, वार्ड 01 बडभूम तथा गोपेश्वर पिता छन्नू साहू, 26 वर्ष, निवासी वार्ड 09 ग्राम बडभूम थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव को आबकारी एक्ट 34, 2 के तहत गिरफ्तार किया गया।

आरोपी युवकों से 180 एमएल सीलबंद, कुल लीटर 19.080 एमएल बल्क जुमला कीमती 09,540 रुपये एवं एक नग बजाज पल्सर एनएस मोटरसायकल संतरा काला क्र सीजी06 जीएक्स 5668 कीमती 60,000 रूपये है 7 कुल जुमला कीमत 69,540 रूपये को जप्त किया गया है। आरोपी युवकों को 8 जून को ज्यूडिशियल रिमांड में पेश किया गया है।

उद्योग मंत्री देवांगन से नई दिल्ली में इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन से उनके दो दिवसीय नई दिल्ली के प्रवास के दौरान आज सबेरे इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। मंत्री देवांगन ने छत्तीसगढ़ राज्य में अधिक से अधिक निवेश करने बनाई जा रही नई उद्योग नीति के संबंध में चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों को बताया। उन्होंने कहा की प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन मे प्रमुख लक्ष्य है की बेहतर उद्योग नीति तैयार

हो, ताकि देश और विदेशों के अलग अलग सेक्टर के छोटे-बड़े उद्योग प्रदेश में लग सके। जितने नए उद्योग स्थापित होंगे, उतने ही रोज़गार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। इसके लिए आप सभी उद्योगपतियों के सुझाव बहुत महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ वन, कृषि और खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है। इससे संबंधित उद्योग और उसका व्यापार प्रदेश को विकास गति पर बड़ी तेजी से पंख प्रदान करेगी।

4 पूर्व व वर्तमान भाजपा सांसद की निष्क्रियता उजागर की अभिषेक सिंह ने : कांग्रेस

■ भाजपाई अंधेरगर्दी विकास सहित मेडीकल कॉलेज के बड़े खुलासे भी जल्द : रूपेश दुबे

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रुपेश दुबे ने भाजपा के पूर्व सांसदों पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। यही नहीं उन्होंने अभिषेक सिंह पर भी सवाल दागे हैं। उन्होंने कहा कि, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह मेडीकल कॉलेज सहित विकास पर चर्चा कर राजनांदगांव के ही पूर्व सांसद अशोक शर्मा, 4 बार के विधायक, विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व सांसद डा रमन सिंह, प्रदीप गांधी, मधुसूदन यादव जो वर्तमान में राजनांदगांव में निवासरत हैं कि निष्क्रियता को भी प्रमाणित कर दिया है। साथ ही वे किस अधिकार से सुझाव मांग रहे है यह समझ से परे है। प्रवक्ता दुबे ने कहा कि, अभिषेक सिंह के संसदीय कार्यकाल में ही मेडिकल कॉलेज का भूमि पूजनटाउन प्लानिंग नक्शे व जनहित के विपरित निजी हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते टेढ़े मेढे रास्ते वाले जगह पर 15 अक्टूबर 2016 को किया गया। आनन फानन में उपयोगहीन ऑक्सीजन

पाइपलाइन सहित आधे अधूरे निर्माण का लोकार्पण 4 अक्टूबर 2018 में राजनैतिक लाभ के लिए कर दिया गया जो कोरोना के समय सार्वजानिक हुआ था। उन्होंने कहा कि, मेडिकल कॉलेज में सेवारत चिकित्सकों कि सेवाएं व बांड के लिए लचर शर्तें तत्कालीन भाजपा सरकार ने ही लागू की थी जिसके कारण ही चिकित्सक सेवाएं छोड़कर जा रहें है।अभिषेक सिंह के कार्यकाल में ही राजनांदगांव का दिग्विजय स्टेडियम जिसे प्राप्त क्षेत्रफल से कम में निर्माण करा कर एक बड़े हिस्से के अतिक्रमणकारियों जिन्हे अन्यत्र भूमि आवंटन किया जा चुका है को संरक्षित कर दिया गया।विश्व का पहला बिना पार्किंग का खंडहरनुमा स्टेडियम शहर में विकास की दुर्दशा बयां कर रहा है। दुबे ने कहा कि, जब स्टेडियम का निर्माण प्रारंभ हुआ था तब आधुनिक तकनीक से 2 वर्ष पूर्व बने बास्केटबॉल स्टेडियम को तोड़फोड़ से दूर रखे जाने के दावे किए गए थे। लेकिन कुछ समय पश्चात करोड़ो के बॉस्केटबॉल स्टेडियम को जमींदोज कर दिया गया जो भाजपा सरकार की अदूरदर्शिता का प्रमाण था। इसी प्रकार जब शहर का मास्टर प्लान बनाने का समय आया तब जनता, पत्रकार, समाजसेवी संगठन से कोई रायशुमारी न कर हवाई मास्टर प्लान लागू कर दिया गया। इसके कारण जनता परेशान है। यह सब सांसद रहे अभिषेक सिंह के कार्यकाल की देन है। सिंह अब अपनी निष्क्रिय राजनीति को बचाने के असफल प्रयास में लगे हैं। भाजपा सरकार राजनांदगांव की विकासशील पत्रकारिता के समाचार पर ही अमल कर दे तो विकास की अवधारणा पूर्ण होगी।

जीवदायिनी तांदुला का सीना छल्ली कर रहे खनिज माफिया

जिले में जारी है सांय-सांय अवैध रेत का खनन, मोदी की गारंटी को लगा ग्रहण

पायनियर संवाददाता ◂ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में भाजपा सरकार आने के बाद लगातार भाजपा नेताओं की आंखें गिद्ध की तरह रेत खदानों में आकर गड़ गई है और यह लगातार मोदी की गारंटी और विष्णु देव साय के सरकार के सुशासन का गलत फायदा उठाते हुए बालोद जिले में रेत का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। यहां पर यह कहना गलत नहीं होगा कि बालोद जिले में मोदी की गारंटी को ग्रहण लग गया है। लेकिन ऐसे ही भ्रष्टाचार में लिप्त नेताओं पर बालोद जिले के जिम्मेदार अधिकारी बहुत भारी पड़ रहे हैं, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के नेतृत्व में खनिज विभाग लगातार यहां अवैध रेत खनन पर कार्यवाही कर रहा हैं। कुछ दिनों पहले पोड और ओरमा में अवैध रूप से रेत खनन करते हुए कार्यवाही भी की गई। यहां चैन माउन्टेन मशीन के साथ हाइवा जब्त करने की कार्यवाही की गई है। यहां यह कहना गलत नही होगा कि बालोद जिले के अधिकारी कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ अपना फर्ज निभा रहे हैं। लेकिन खनिज माफिया आज भी अपने ढर्रे से बाहर नहीं हो पाए हैं। बालोद जिले में कुछ हारे और रेत खदान में लिप्त

हुए नेता खुद को बड़ा बताकर यहां पर अवैध कार्यों पर उगाही कर रहे हैं और बालोद के रेत खदान में परसेंटेज का खेल किया जा रहा है, केंद्र की तरह 60/40 रेसियो को भाजपा के छूठभैय्या नेता अपना हक बता रहे हैं। और जानकारी यह भी है कि एक फुनिया के द्वारा रेत खदानों में जाकर गनमैन के सहारे खुद को मुख्यमंत्री साय, और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का करीबी बताकर खदान में अवैध रूप से उगाई की जा रही है और यहां तक कहा जा रहा है कि अगर रेत खदान चलना है तो इसमें मेरी (फुनिया) की अनुमति लेनी पड़ेगी। जिससे गुंडरदेही क्षेत्र का संगठन इस बार पूरी कुंडली बनाकर मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत होने वाला है। वही इस गंभीर मामले को लेकर पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने यह कहा है कि यहां किसी भी प्रकार से नरेंद्र मोदी और विष्णुदेव साय सरकार के दामन में दाग नहीं लगने दिया जाएगा, अगर यहां किसी भी प्रकार से इस तरीके से कृत्य हो रहा होगा तो इस मामले में पूरी खबर शीर्ष नेतृत्व को दी जाएगी। किसी को भी नही बख्सा जाएगा ।

महिला अधिकारी खरी उतरी साय सरकार पर

बता दे कि बालोद जिले में रेत का अवैध उत्खनन जारी है। लेकिन इस अवैध रेत के उत्खनन में आज भी कार्रवाई करने के लिए संवेदनशील और प्रतिभावान महिला अधिकारी मौजूद है, पुरुषों से भरे इस समाज में आज भी बालोद जिले में एक ऐसी महिला अधिकारी काबिज है, जो बेझिझक, निडर होकर अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों पर कार्यवाही करने आधी रात को भी दौड़ पड़ती हैं और बालोद जिला खनि. विभाग के अधिकारी मीनाक्षी साहू से इससे बड़ा उदाहरण कोई और नहीं हो सकता। जिन्होंने मोदी की गारंटी और साय के सुशासन को आज भी बालोद जिले में जिंदा रख निदेर्शों का पालन कर रही है और विष्णु देव साय सरकार की योजनाओं और प्रशासन के निदेर्शों पर आज भी परिपालन कर लगातार अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। जिले के खनि. विभाग अधिकारी मीनाक्षी साहू के नेतृत्व में रेत खदान में अवैध खनन करते हुए भाजपाइयों के मशीन को सिर्फ जब्त करने की ही कार्रवाई नहीं की गई है, इसके अलावा एक चैन माउंटेन मशीन और दो रेत से भरी हाइवा को भी जप्त करने की कार्यवाही की गई है। जब्त 2 हाइवा को खनिज विभाग ने बालोद पुलिस थाने को सुपुर्द किया गया है, उक्त कार्यवाही से जिले में खलबली मच गई है और एक महिला अधिकारी के इस कार्रवाई की चर्चा बालोद जिला मुख्यालय सहित आसपास के अन्य जिलों में भी हो रही है।

गोड़पाल, सिंघनवाही में जारी है खनन

जिले के ओरमा, गोड़पाल, सिंघनवाही रेत खदान में भाजपा के नेताओं के द्वारा और उनके संरक्षण में अवैध रेत खदान का कार्य जोरों शोरो से जारी है, तांदुला नदी का सीना छल्ली करते हुए इसमें चैन माउंटेन मशीन के जरिए रेत का अवैध रूप से खनन कर परिवहन किया जा रहा है और इस अवैध रेत के खनन में भाजपा के नेता शामिल है। बताया जा रहा है कि यह सभी रेत का अवैध खनन का कार्य खनिज विभाग के संयुक्त में किया जा रहा हैं।

ओरमा में एक चैन माउंटेन और 2 हाइवा जब्त

जिले के खनिज विभाग अधिकारी मीनाक्षी साहू ने नई दुनिया को बताया कि ग्राम ओरमा में 7 जून को रेत खदान में खनिज विभाग और राजस्व विभाग द्वारा यहां छापेमार कार्यवाही की गई, जहां अवैध रेत खनन और परिवहन करते हूए 1 चैन माउंटेन मशीन और 2 हाइवा जब्त की गई है, चैन माउंटेन को ग्राम ओरमा के सरपंच व सचिव के सुपुर्द किया गया है, तो वही रेत से भरी 2 हाइवा को पुलिस थाना बालोद परिसर में रखा गया है। जिस पर आगे प्रकरण और कार्यवाही करने की कार्यवाही की जा रही है। वही मीनाक्षी साहू ने बताया कि 28 मई को पोड़ और 25 मई को ग्राम चंदनबिरही में भी रेत का अवैध उत्खनन पाए जाने पर दो चैन माउन्टेन मशीन को जब्त करने की कार्यवाही को गई थी। मीनाक्षी साहू ने आगे बताया कि चंदनबिरही में जो चैन माउंटेन को जब्त किया गया है, उसमें एक लाख की पेनाल्टी लगाई गई है और इसके अलावा ओरमा में करीबन सवा दो लाख से अधिक की पेनाल्टी लगाई जाएगी। प्रकरण तैयार किया जा रहा है।

स्थानीय प्रशासन की संलिप्त

जिले में इन दोनों सबसे विवादित गोड़पाल रेत खदान का पुनः संचालन भाजपा नेताओं के संरक्षण में किया जा रहा है। साथ ही, ओरमा, नेवारीकला, बघमरा और सिंघनवाही में भाजपा नेताओं की संलिप्ता है। यह वही रेत खदान है, जहां कुछ साल पहले बंदूक की नोक पर रेत खनन का अवैध कार्य किया जा रहा था। मारपीट जैसे कई अन्य अपराध यहां पर दर्ज हो चुके हैं। मामले में सबसे बड़ी बात यह है कि जहां मोदी की गारंटी और विष्णु देव साय की सुशासन वाली सरकार का दावा भाजपा कर रही है, तो वहीं भाजपा के कुछ छूठभैय्या नेताओं के द्वारा यहां पर रेत का अवैध खनन किया जा रहा है, जिसमें कहीं न कहीं स्थानीय प्रशासन की संलिप्ता हैं।

मैंने चेक करवाया है और वहां ऐसी कोई बात नहीं है और आपके कहने के बाद आज सोमवार को पूरी टीम मेरे यहां से गोड़पाल, सिंघनवाही और ओरमा सहित हीरापुर खदान में जाकर दबिश देगी और इस मामले में जहां भी कोई अवैध रूप से रेत खनन करना पाया गया तो उसे मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि यह शासन का सख्त निर्देश है कि किसी भी प्रकार से अवैध रूप से यहां पर खनन नहीं करने दिया जाए और मैं शासन के नियमों का पालन कर रही हूं।

- मीनाक्षी साहू, जिला खनि. अधिकारी, बालोद

रायपुर में कुनकुरी सेवा सदन मरीजों के आशा का केन्द्र सीएम विष्णुदेव साय की पहल पर मिल रहा है लाभ

मरीजों का हालचाल जानने पहुंची सीएम साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर प्रदेश के दूर दराज के क्षेत्र से उपचार के लिए राजधानी रायपुर आने वाले मरीज और उनके स्वजनों की सुविधा के लिए कुनकुरी सेवा सदन शुरू किया गया है। इस सदन में बीमारी से जुझ रहे मरीज और उनके स्वजनो को स्वास्थ्य सेवा संबंधी सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है ताकि उन्हें रायपुर में भटकना ना पड़े। यहां दो मेडिकल टीम और एक एंबुलेंस तैनात किया गया है। दरअसल, रायपुर में आंबेडकर मेडिकल कालेज, मेकाहारा, एम्स सहित निजी चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रदेश के बस्तर से लेकर जशपुर तक से रोजाना सैकड़ों जरूरतमंद लोग रायपुर पहुंचते हैं। इन्हें उपचार के लिए कहां जाना है और क्या करना है? इन लोगों की जरूरत को महसूस करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कुनकुरी सेवा सदन की शुरूआत की पहल की है। 32 बेड की क्षमता वाले इस सेवा सदन का शुभारंभ इसी साल मार्च में हुआ है। अब तक 3 सौ से अधिक लोगों को इस सदन का लाभ मिल चुका है। उल्लेखनिय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मेडिकल सेवा को लेकर बहुत संवेदनशील रहे हैं। सांसद और केन्द्रीय मंत्री रहने के दौरान भी उन्होनें बीमार मरीजों की जरूरत और उनकी सहायता करने के लिए तत्परता से काम करते रहें है। मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ का कमान सम्हालने के बाद,सीएम कैम्प बगिया,जशपुर सहित पूरे प्रदेश के मरीजों की आशा का नया केन्द्र बन गया है। इस कैम्प से अब तक साढ़े 4 सौ से अधिक मरीजों को सहायता पहुंचाई जा चुकी है। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए मुख्यमंत्री साय ने कार्यकाल के पहले दिन से ही सख्ती दिखानी शुरू कर दी थी। उन्होनें शपथ लेने के बाद एंबुलेंस सेवा को सुधारने का पहला निर्देश अधिकारियों को दिया था। इसके साथ ही सभी सरकारी अस्पतालों में सस्ती जेनरीक दवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी मुख्यमंत्री के पहल पर हो चुकी है।

कौशल्या साय ने मरीजों से पूछा हालचाल

बीते दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय कुनकुरी सेवा सदन पहुंची और यहां सेवा का लाभ उठा रहे मरीजों और उनके स्वजनों से चर्चा की। इस दौरान उन्होनें मरीजों से उनकी बीमारी और चल रहे उपचार की जानकारी लेने के साथ ही,सेवा सदन में मिल रही सुविधा के संबंध में विस्तार से जाना। साय ने सेवा सदन में कार्यकरत चिकित्सकों और कर्मचारियों को मरीजों को अच्छी सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का प्रदेश स्तरीय बैठक महादेव घाट में सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

रविवार को महादेव घाट रायपुर में प्रदेश स्तरीय बैठक रखा गया जिसमे सर्व प्रथम महादेव घाट रायपुरा स्थिति सामाजिक भवन में श्री राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कर समस्त पदाअधिकारी के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेशाध्यक्ष जगनिक यादव के अध्यक्षता में समाज के पदाअधिकारी को एवं सदस्यों को परिचय पत्र वितरण किया गया, एवं अलग अलग जिलों से आये हुये पदाअधिकारियों द्वारा समाज संगठन को मजबूत करने के लिए अपने अपने उतबोद्धन मे जोर दिया, रायपुर जिला अध्यक्ष रामलाल यादव ने कहा कि हर प्रकार के बैठक एवं सम्मेलन जिला अध्यक्ष की सहमति के पश्चात ही किया जाना चाहिए, एवं आजीवन सदस्य परिक्षेत्र के पदाअधिकारियों के सहयोग से बनना है, प्रदेश अध्यक्ष जगनिक यादव ने कहा कि स्वजातीय क्षात्र क्षात्रों के लिए सामाजिक भवन में सर्व सुविधा युक्त छात्रवास का निर्माण किया गया है, जिसमें 100 बच्चों का रहने का भवन में सुविधा उपलब्ध हैं, जिसमे शिक्षा में बच्चों का विकास होगा, समाज का संचालन प्रदेश सचिव सुंदर लाल यादव अध्यक्ष महानगर रायपुर के द्वारा किया गया, कर्यक्रम में मुख्य रूप से रायगढ़ जिला अध्यक्ष पंच राम यादव ,जिला अध्यक्ष धमतरी कुरूद बंशी यादव, भगवती यादव ,जिला अध्यक्ष जांजगीर चापा, दुर्ग जिला अध्यक्ष ठाकुर राम यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष जी आर यादव, गायत्री यादव जिला अध्यक्ष दुर्ग, प्रीतम यादव, परदेशी यादव, मतवारी यादव, राजू यादव, प्यारे यादव, लुक प्रसाद यादव, जयराम यादव, महामंत्री सोमनाथ, एवं मीडिया प्रभारी सौरभ यादव एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे, और वहीं आभर पर्दर्शन करते हुए सोमनाथ राजा के अध्यक्ष गौरी शंकर यादव ने किया ।

कलेक्ट्रोरेट में जनदर्शन कार्यक्रम सोमवार से प्रारंभ

दुर्ग। लोकसभा आम चुनाव 2024 की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने एवं आदर्श आचरण संहिता शिथिल होने पर जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन कार्य म सोमवार 10 जून 2024 से पुनः प्रारम्भ होने जा रहा है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार आम नागरिकों की समस्याओं को सुनने और इसके त्वरित समाधान के लिए प्रति सप्ताह सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्टोरेट में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आम नागरिक अपनी समस्या संबंधी आवेदन जनदर्शन में अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

अवैध रेत डंप पर शिवरीनारायण तहसीलदार की छापेमार कार्यवाही, 300 ट्रिप अवैध रेत जब्त

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

शिवरीनारायण नगर में आगामी बारिश को देखते हुए रेत माफियाओं द्वारा वार्ड न. 12 भोगहापारा में खुलेआम रेत डंप कराया जा रहा था जिसपर तहसीलदार को मुखबिर की सूचना मिलने पर तहसील कार्यालय के पूरी टीम के साथ रेड कार्यवाही की गई जिसमे वार्ड न. 12 भोगहापारा में अवैध रेत डंप पाया गया वहीं मौके पर कोई नही मिला जिस पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सभी 300 ट्रिप रेत पर प्रकरण बनाया गया।

शिवरीनारायण में इन दिनों कदम-कदम पर रेत के बड़े-बड़े ढेर नजर आ रहे हैं। लेकिन खनिज विभाग यहां किसी पर बड़ी कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसी का फायदा उठाते हुए कारोबारी बीते कई महीनो से रेत का अवैध कारोबार धड़ल्ले से कर रहे हैं।

रेत माफियाओं में मचा हड़कंप, बोलने से बच रहे अधिकारी

इस मामले में कोई भी जानकारी देने से अधिकारी बच रहे हैं। तहसीलदार कृष्ण जायसवाल से जब अवैध रेत डंप पर कार्यवाही की जानकारी मांगी गई तो उनके द्वारा प्रेस विज्ञप्ति बनवाया जा रहा है बोलकर पल्ला झाड़ लिए लेकिन अधिकारियो की तरफसे किसी भी प्रकार से रेत पर रेड कार्यवाही की प्रेस विज्ञप्ति जारी नही की गई। वही रेत के अवैध डंप पर हल्का पटवारी मोहन बनर्जी,तहसीलदार कृष्ण कुमार जयसवाल, नायब तहसीलदार संजय बरेठ, बाबू अरविंद यादव, कोटवार प्रकाश सहिस और पंकज खुटले इस अवैध रेत डंप की कार्यवाही में मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत रेंगोला ग्राम बड़ाई खाना में चल चित्र के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण जागरूकता का आयोजन

स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह कायक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत जशपुर में स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत रेंगोला ग्राम बड़ाई खाना में आमजन एवं ग्रामीणों को चल चित्र के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण,गिले कचरे और सूखे अलग रखे, सोक पिट एवं वाटर हार्वेस्टिंग संरचना, वार्मी कंपोस्ट से जैविक खाद बनाने के विधि,कचरे से कंपोस्ट गैर बायो डिग्रेबल से साइकिलिंग के लिए प्रोत्साहित आमजनो को किया गया । जिसमे ग्राम पंचायत सचिव, जनपद सीईओ,यूनिसेफएवं ग्राम पंचायत के गणमान्य नागरिक, जनपद स्टाफ भी उपस्थित रहे।

लोकसभा चुनाव में कार्यरत् अधिकारी-कर्मचारी का मानदेय भुगतान

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 संपन्न होने के उपरांत कुल 1509 मतदान केन्द्रों में मतदान दल के कुल 6036 अधिकारियों/कर्मचारियों (पीठासीन अधिकारी 1200 रूपए के दर से एवं मतदान अधिकारी 1, 2 एवं 3 रू. 900 के दर से) को मानदेय की कुल राशि 5885100 रूपए (अंठावन लाख पचासी हजार एक सौ मात्र) का भुगतान उनके बैंक खाते में 13 मई 2024 को किया गया। 1811 पुलिस सुरक्षाकर्मी को (900 की दर से) राशि 1629900 रूपए तथा132 पुलिस सेक्टर अधिकारी को (7500 की दर से) राशि 990000 रुपए भुगतान किया गया। इस प्रकार पुलिस अधीक्षक दुर्ग को कुल राशि 2619990 रुपए का चेक जारी किया गया। 134 सेक्टर अधिकारियों (7500 रूपए की दर से) राशि 100500 रूपए तथा बी.एल.ओ. (750 रूपए की दर से) का मानदेय राशि 1110000 रूपए तथा माईक्रो आब्जर्वर मतदान दिवस कार्य में लगे हुए (1200 रूपए की दर से) का मानदेय राशि 106800 रूपए का भुगतान 20 मई 2024 को किया गया। इसी प्रकार एम.सी.एम.सी. में कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी को (रू. 1200/100 की दर से) राशि 20400 रूपए, व्यय अनुवीक्षण सेल (ए.ई.ओ., लेखा टीम, एफएस.टी., एस.एस.टी. वी.एस.टी., वी.वी.टी.) के अधिकारी/ कर्मचारी को (रू. 7500/1200/100 की दर से) कुल राशि 509600 रूपए, होम वोटिंग के अधिकारी कर्मचारी को (1200/900 रूपए की दर से) कुल राशि 101400 रूपए तथा वाहन प्रभारी को (900 रूपए की दर से) कुल राशि 240300 रूपए, कॉल सेंटर के अधिकारी/कर्मचारी को (1000 रूपए की दर से) कुल राशि 13000 रूपए, वाहन चालकों को (900 रूपए की दर से) कुल राशि 51400 रूपए का भुगतान किया गया।

आज 9 जून से राजधानी में दण्डी स्वामी श्रीमज्जयोतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज जी की श्रीमद्भागवत कथा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

ब्राह्मण समाज द्वारा जेठ शुक्ल तृतीया 9 जून से नवमी 15 जून तक विप्र भवन समता कालोनी में सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा के प्रमुख,प्रकाण्ड विद्वान,वेदों के ज्ञाता तथा बेमेतरा क्षेत्र के प्रसिद्ध कथावाचक दण्डी स्वामी श्रीमज्योतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज जी का राजधानी में पहली बार श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हो रहा है। ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में अपने पितरों के कल्याण तथा स्वजनों की स्मृति में 21 यजमान सामुहिक रूप से परिवार सहित शामिल होंगे।।सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा निर्माण सेवा समिति रायपुर शाखा ने श्रद्धालु भक्तों से श्रीमद्भागवत कथा में सपरिवार ईष्ट मित्रों सहित उपस्थित होने का आग्रह किया है।

सक्ती के अनुनय कान्वेंट स्कूल की छात्रा कुमारी हिमांशी का हुआ MBBS नीट में चयन

सक्ती। सक्ति नगर में संचालित अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा रही हिमांशी साहू का चयन एमबीबीएस नीट में हुआ है,विगत दिनों NTA द्वारा घोषित परिणाम घोषित किया गया। जिसमें हिमांशी को 720 में 579 अंक प्राप्त हुए हैं जिसे उसका चयन निश्चित माना जा रहा है। हिमांशी के पिता नारायण साहू अड़भार में शिक्षक हैं तथा माता कोमलेश्वरी साहू ग्रहणी है। हिमांशी दृढ़ निश्चय रखने वाली तथा मेहनती रही है, ड्रॉप लेकर तैयारी की तथा सफल हुई है उसकी बहन हिमाक्षी भी नवोदय विद्यालय की कक्षा 12 छात्रा है तथा होनहार है। हिमांशी की सफलता पर विधायक बालेश्वर साहू शिक्षक भोला साहू, अशोक साहू मैम कुमार साहू हेमंत साहू तथा समस्त साहू हेल्पलाइन के सदस्य एवं विद्यालय के संचालक योगेश साहू शिक्षिका श्रुति वर्मा बिंदा देवांगन प्रमिला साहू ममता देवांगन प्राचार्य किरण श्रीवास कविता बरेट सुनीता देवांगन आदि समस्त स्टाफने हर्ष व्यक्त करते हुए हिमानी की सफलता पर बधाई दी है

खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा सही भोजन बेहतर जीवन के लिए जागरूकता अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह ग्राम पंचायत बगिया में आज खाद्य एवं औषधि प्रशासन - जशपुर की टीम ने चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से खाद्य सुरक्षा सम्बन्धी जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, बच्चों के भोजन निर्माण के दौरान सावधानिया रखने और खाद्य भंडारण उपायो के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रशासन के अधिकारियों ने आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता, और भोजन निर्माण में स्वच्छता की अहमियत को रेखांकित किया। इस दौरान एफएसएसएआई द्वारा आयोजित होने वाले फॉस्टेक कार्यक्रम में आँगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण देने का आश्वासन भी दिया गया, ताकि वे खाद्य सुरक्षा के उच्चतम मानकों को अपनाकर बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को बेहतर बना सकें। यह जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि समाज के हर वर्ग में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

अवैध प्लाटिंग पर अवैध मुरूम रोड काटकर, प्लाटों की डीपीसी को हटाकर तत्काल कारगर रोक लगाई

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर कार्यवाही लगातार जारी है। नगर पालिक निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता एवं नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग ने तहसीलदार देवांगन एवं जोन 8 जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे, उप अभियंता सु रुचिका मिश्रा , अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड क्रमांक 2 के तहत कोटा में चित्रकूट परिसर के सामने खसरा नम्बर 44/6,44/10,44/11 की लगभग 4 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर स्थल में अवैध प्लाटिंगकर्ता द्वारा प्लाट कटिंग करने की गयी मार्किंग को हटाकर, डीपीसी को काटकर, अवैध मुरुम रोड को काटकर आवागमन बाधित करते हुए कारगर रोक लगाई गयी। नगर निगम जोन 8 के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव ने बताया कि रायपुर जिला कलेक्टर के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम आयुक्त के निर्देशानुसार जोन 8 के तहत वार्ड नम्बर 2 के तहत कोटा में चित्रकूट परिसर के सामने लगभग 4 एकड़ निजी भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगायी गयी है। नगर निगम जोन क्रमांक 8 के नगर निवेश विभाग के माध्यम से रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर निजी भूमि के वास्तविक भूमि स्वामियों की जानकारी सम्बंधित नगर निगम जोन क्रमांक 8 के नगर निवेश विभाग को शीघ्र उपलब्ध करवाने कहा गया है। तहसील कार्यालय से जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सम्बंधित अवैध प्लाटिंगकर्ताओं के विरूद्ध संबंधित पुलिस थाना में नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्यवाही करने नामजद एफआईआर दर्ज करवायी जायेगी।

नगर निगम सीमान्तर्गत अवैध प्लाटिंग की जांच हेतु राजस्व एवं निगम के अधिकारियों का संयुक्त टीम तैयार, जांच शुरू

अवैध प्लाटिंग पर राजस्व विभाग से जानकारी लेकर त्वरित कार्यवाही के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज पुलगांव में अवैध प्लाटिंग की कार्यवाही के पश्चात नगर पालिक निगम, दुर्ग आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा पुनः अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।अधिकारियों का संयुक्त जांच दल गठित के बाद इसके लिए राजस्व विभाग, टाऊन एण्ड कण्ट्री प्लानिंग विभाग एवं नगर निगम के अतिक्रमण विभाग के साथ सामंजस्य स्थापित कर अवैध प्लाटिंग क्षेत्र का सर्वे कर जल्द से जल्द कार्यवाही करने हेतु आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के द्वारा भवन अधिकारी गिरीश दीवान को निर्देश दिया गया।निर्देश के बाद तुरंत हरकत में आते हुए निगम के भवन अधिकारी गिरीश दीवान द्वारा उरला क्षेत्र का क्षेत्र पटवारी निवेदिता राजपुत के साथ निरिक्षण करने पहुँचे,और बारीकी से निरीक्षण किया गया। दीवान द्वारा जानकारी में बताया कि शीघ्र ही संबंधितो को नोटिस देकर अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की जावेगी।उन्होंने बताया कि अवैध प्लाटिंग करने वालो पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।अवैध प्लाटिंग करने वालो पर कार्रवाही की तैयारी में जुटे नगर निगम के अधिकारी। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निगम के भवन अधिकारी गिरीश दीवान को राजस्व विभाग से जानकारी लेकर त्वरित कार्यवाही करने की बात कही। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने सचेत करते हुए कहा कि प्लाट खरीदने वाले कोई भी व्यक्ति जो प्लाट खरीदना चाहता है सर्वप्रथम नगर निगम के डाटा सेंटर के बिल्डिंग परमिशन शाखा के अधिकारियों से संपर्क करें,और अधिकारी को बताए कि जिस कॉलोनी में प्लाट खरीद प्लाट खरीद रहे हैं वह वे कि वैध है कि अवैध संतुष्ट होने के बाद ही प्लाट खरीदे।भूखंड दलाल के बहकावे में आकर प्लाट नही खरीद, अवैध प्लांट खरीदने पर नगर निगम से बिल्डिंग परमिशन नही मिलेगा, किसी भी बैंकों से लोन भी नही मिलेगा, अवैध प्लाट लेने वाले व्यक्ति को मकान बनाने में बहुत दिक्कत होगी।उन्होंने कहा कि प्लाट खरीदने के पहले अवैध प्लाट की जानकारी के लिए सहायक भवन निरीक्षक विनोद मांझी मोबइल 95890 81099 में संपर्क कर सकते है।

समर वेकेशन ख़त्म, हाईकोर्ट में आज से होंगी नियमित सुनवाई

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

समर वेकेशन खत्म होने के बाद अब हाईकोर्ट में कल 10 जून से सभी बेंचों में नियमित सुनवाई शुरू होगी. समर वेकेशन के बाद सुनवाई के लिए रोस्टर भी जारी किया गया. हाईकोर्ट में तीन डीविजन और 15 सिंगल बेंचों में सुनवाई की जाएगी, इनमें चार स्पेशल बेंच हैं.

हाई कोर्ट लगातार चार सप्ताह तक अवकाश रहा. मई के तीसरे सप्ताह से समर वेकेशन शुरू हो गया था. इस दौरान हर सप्ताह अलग से वेकेशन जजों को अलग-अलग बेंच के तौर पर निर्धारित किया गया था. सोमवार और शक्रवार को वेकेशन बेंच में जरूरी मामलों की सुनवाई की जाती थी. चीफ जस्टिस के निर्देश पर इस बार सिंगल बेंच के अलावा डीविजन बेंच की व्यवस्था भी अवकाश में रखी गई थी. जरूरी मामलों के अनुसार उन्हें अलग-अलग बेंचों में सुनवाई के लिए निर्धारित किया जाता रहा. वेकेशन में भी कुछ महत्वपूर्ण मामलों में हाईकोर्ट ने निर्णय दिया जाता रहा.

हाईकोर्ट में सोमवार से शुरू हो रहे नियमित कामकाज शुरू हो रहा है. अबकी बार चीफ जस्टिस की फर्स्ट डीविजन बेंच समेत कुल तीन डीविजन बेंचों में नियमित सुनवाई शुरू की जा रही है. इसके अलावा 15 सिंगल बेंचों में भी सुनवाई होगी. इनमें से पहली स्पेशल बेंच में चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा सुनवाई करेंगे, उनके अलावा तीन और स्पेशल बेंच भी रखी गई है.

विधायक व कलेक्टर ने किया बोरियाखुर्द टैंक का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

विधायक मोतीलाल साहू और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह बोरियाखुर्द स्थित बोरियाखुर्द टैंक (गजराज तालाब) का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि गजराज तालाब का सौंदर्यीकरण बेहतर तरीके से किया जाए। जिससे यह तालाब का क्षेत्र पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सकता है। जिससे राजधानी और आसपास के लोग कुछ समय व्यतीत कर सकते है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि गजराज तालाब को विकसित करने काम जल्द से जल्द शुरु किया जाए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि तालाब को विकसित करने के पहले ड्राइंग-डिजाइन तैयार किया जाए। तालाब के चारों ओर प्लांटेशन का कार्य किया जाए और जल संरक्षण के लिए भी कार्य किया जाए। साथ ही साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि बांध के चारों ओर बेहतर तरीके से सौंदर्यीकरण किया जाए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा व एसडीएम नंदकुमार चौबे सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 200 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले गजराज बांध को विकसित किया जा रहा है।

आक्सीजोन के रूम में विकसित करने के निर्देश : तालाब के एक हिस्से में हरे-भरे पेड़-पौधे लगाए गए है। जिसे आक्सीजोन बनाया गया है। यहां लोगों की आवाजाही सुनिश्चित हो, इसके लिए नेचर ट्रेल और ट्रैकिंग विकसित करने के निर्देश दिए है।

विधायक पुरंदर को अपने बीच पाकर उत्साहित हुए वार्डवासी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर उत्तर के विधायक पुरन्दर मिश्रा ने आपके विधायक आपके द्वार के तहत 3 दिवस मौदहापारा अब्दुल हमीद वार्ड सुभाष नगर उत्कल बस्ती सहित कई जगहों का भ्रमण किया जहां डोर टू डोर जाकर लोगों की समस्या से रूबरू होते हुए समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बधित विभाग व अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही किये गए कार्यवाही से अवगत कराने निर्देशित किया। बता दे की इस अभियान का स्थानीय लोगों द्वारा भी काफी सराहाना किया जा रहा है, लोग अपने विधायक को अपने बिच पाकर काफी उत्साहित नजर आ रहें है साथ अपनी समस्याओं को विधायक के समक्ष रख कर त्वरित की कार्यवाही के लिए विधायक श्री मिश्रा का जोरदार स्वागत व अभिनंद कर रहें है। बड़े बुजुर्ग विधायक के इस अनोखी पहल के लिए विधायक को खुब आशीर्वाद दे रहें है। इस अवसर पर विधायक मिश्रा ने लोगों से मिल कर कहा कि समस्या कोई भी हो उसकी तत्काल निकारण व समाधान के लिए मै प्रतिपल आपके साथ खड़ा रहूँगा। उक्त जन संपर्क अभियान में विधायक पुरन्दर मिश्रा के साथ संतोष साहू, युनुस कुरैशी,भाजयुमो प्रदेस कार्यसमिति सदस्य पीयूष मिश्रा,भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष आशीष अरोरा, भाजयुमो जिला महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, सहित वार्ड वासी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे ।

आत्मा और परमात्मा का मिलन ही राजयोग : ब्रह्माकुमारी राधिका

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी राधिका दीदी ने कहा कि आत्मा का सम्बन्ध परमात्मा से जोडऩा ही राजयोग कहलाता है। चूंकि परमात्मा ही गुणों और शक्तियों का अविनाशी स्त्रोत हैं। अतः उनकी याद से हमें न सिर्फ सच्ची खुशी मिलती है वरन् हमारे जीवन से रोग और शोक भी मिट जाते हैं। सभी योगों में श्रेष्ठ होने के कारण ही इसे राजयोग कहा जाता है। ब्रह्माकुमारी राधिका दीदी आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आयोजित आओ खोलें खुशियों के द्वार राजयोग अनुभूति शिविर के अन्तर्गत भारत का प्राचीन राजयोग विषय पर अपने विचार व्यक्त कर रही थीं। उन्होंने आगे कहा कि गीता में वर्णित भारत का प्राचीन राजयोग सभी योगों में श्रेष्ठ है। योग का शाब्दिक अर्थ होता है जोड़ अथवा मिलन। इसका विपरीत शब्द है वियोग अर्थात बिछुडऩा। मन और बुद्धि से परमात्मा को याद करना ही सच्चा योग है। अपने प्रेरक उद्बोधन में उन्होने कहा कि राजयोग में शरीर को कष्ट नहीं देना है। आराम से बैठकर परमात्मा को याद करो। शुरू में मन एकाग्र नहीं होता है। मन में अनेक ईधर-उधर के ख्याल आएंगे लेकिन निराश होकर छोड़ नहीं देना है। पहले दो ढाई मिनट मेडिटेशन से शुरूआत करिए। धीरे-धीरे मन शान्त होने लगेगा। आपके विचार कम होते जाएंगे और योग में बहुत अच्छा अनुभव करने लगेंगे। योग में बैठकर अपने मित्र सम्बन्धियों सहित परिवारजनों को शुभभावनाओं के प्रकम्पन भेजें इससे हमारे सम्बन्ध भी सुधरते हैं। ब्रह्माकुमारी राधिका दीदी ने योग के लिए ब्राह्म मुहुर्त को सबसे उपयुक्त समय बतलाते हुए कहा कि इस समय सभी लोग नींद में होते हैं इसलिए वायुमण्डल एकदम शान्त होता है। ऐसे समय परमात्मा को याद करने से कनेक्शन जल्दी जुट जाता है। राजयोग हमें परमात्मा के निकट ले जाता है।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403